3 राजधानी
यमुना का जलस्तर बढ़ने की आशंका

10 विदेश
रूस के हमले में आठ नागरिक मारे गए

11 राष्ट्रीय
दक्षिण गुजरात, सौराष्ट्र में भारी बरसात

12 स्पोर्ट्स
भारत-बांग्लादेश के बीच तीसरा वनडे टाई रहा

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 256
नई दिल्ली, रविवार, 23 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



स्वच्छता मंदिर प्रबंधन का महत्वपूर्ण पहलू
प्रादेशिकी-6

# महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर सियासत तेज

## विपक्ष ने मणिपुर मुद्दे पर सरकार पर हमला बोला, भाजपा ने मालदा की घटना को जोरशोर से उठाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मणिपुर** की घटना को लेकर सियासत तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शनिवार को पश्चिम बंगाल और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए विपक्ष की चुप्पी पर सवाल उठाया। वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर संसद में चर्चा टालने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। सरकार केंद्रीय गृह मंत्री के जवाब के साथ मणिपुर मुद्दे पर अल्पकालिक चर्चा कराने पर सहमत हो गई है, लेकिन विपक्ष पहले प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रहा है।

मणिपुर के एक गांव में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनके साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद विपक्ष इस मांग पर अड़ गया है। इसके अलावा, विपक्ष बिना किसी समय की पाबंदी के सभी दलों को सदन में बोलने की अनुमति देकर बहस चाहता है और बृहस्पतिवार को संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करा रहा है। सरकार ने विपक्षी दलों पर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बहस से भागने का आरोप लगाया है और इसके प्रति



नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और धर्मेंद्र प्रधान

उनकी गंभीरता पर सवाल उठाया है। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजस्थान, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे विपक्ष शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की सूची लंबी है लेकिन विपक्षी पार्टियां मणिपुर की घटना पर राजनीति कर रही हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने राजस्थान, बिहार व पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ दर्ज कुछ आपराधिक मामलों का संदर्भ दिया और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य विपक्षी दलों के नेताओं पर गैर-भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के साथ अपराधों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। ठाकुर ने आरोप लगाया, राजस्थान में पिछले चार वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के एक लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।

राजस्थान में कुल 33 हजार मामले महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित हैं। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में दो आदिवासी महिलाओं की कथित तौर पर पिटाई और उन्हें निर्वस्त्र करने का एक वीडियो भी पेश किया और विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। प्रधान ने कहा, मणिपुर में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जो हुआ वह अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग मणिपुर की घटना पर आक्रोश व्यक्त कर रहे थे, वैसी ही बर्बर घटना पश्चिम बंगाल में हुई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और ठाकुर ने राजस्थान में मंत्री को उनके राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध का मुद्दा उठाने के बाद बर्खास्त करने के लिए कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। ठाकुर ने आरोप लगाया कि यह सोनिया गांधी और राहुल गांधी के निर्देश पर किया गया है। मणिपुर में चार मई की घटना का वीडियो सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। इस वीडियो में पुरुषों के एक समूह को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ मारपीट करते देखा जा सकता है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री और उनका गुणगान करने वाले लोग राजस्थान से संबंधित मुद्दे के साथ झूठी समानता दर्शा कर पिछले 80 दिनों के दौरान पूरे मणिपुर में हुई भयानक त्रासदी से ध्यान भटका रहे हैं। कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर फेल रिपोर्ट कार्ड के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी की तस्वीर भी साझा की। ईरानी ने पलटवार करते हुए कहा, केवल कुछ लोग ही ( शेष पेज 9 )

### मणिपुर मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने चार मई को राज्य के कांगपोकपी जिले में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने के मामले में छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति एक किशोर है। पांचवें आरोपी 19 वर्षीय युवक को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन दो महिलाओं के साथ यह शर्मनाक घटना हुई, उनमें से एक भारतीय सेना के पूर्व जवान की पत्नी है, जिसने असम रेजिमेंट में सूबेदार के रूप में सेवाएं दी थीं और करगिल युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

# मालदा में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरोप में पांच हिरासत में

● पश्चिम बंगाल में हुई घटना को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में कुछ लोगों द्वारा दो महिलाओं को अर्धनग्न करने और उनके साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कहा कि महिलाएं उस दिन मालदा जिले के बामनगोला के बाजार में अपना सामान बेचने गई थीं और लोगों को उन पर चोरी करने का संदेह था। दरअसल, मालदा के पकुआहाट में दो महिलाओं को चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया था। उसके बाद उनकी पिटाई शुरू कर दी गई और अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस फिलहाल इस कथित वीडियो की जांच कर रही है। इस घटना से स्थानीय समुदाय में हंगामा मच गया है। आरोप लग रहा है कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वीडियो सामने आने तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई थी।

पुलिस ने कहा दोनों महिलाओं पर चोरी करते समय पकड़े जाने का आरोप है, जिसके बाद स्थानीय महिला दुकानदारों ने उनकी पिटाई की। घटना के बाद दोनों महिलाएं वहां से डर के भाग गई और उन्होंने पुलिस में शिकायत नहीं दर्ज कराई।

उधर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में लोगों के एक समूह ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र किया और उनके साथ मारपीट की। बुधवार की घटना का एक कथित वीडियो भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किया जिसमें महिलाओं को बेरहमी से पीटते हुए दिखाया गया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज कर दिया और भाजपा पर ध्यान भटकाने की रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया। मालवीय ने ट्वीट कर दावा किया, पश्चिम बंगाल में दहशत जारी है। मालदा के बामनगोला पुलिस थाने के पाकुआ हाट इलाके में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र किया गया, प्रताड़ित किया गया और बेरहमी से पीटा गया, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा, यह भयानक घटना 19 जुलाई की सुबह हुई थी। महिलाएं सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदाय से थीं और एक उन्मादी भीड़ उनके खून की प्यासी थी... कोई भी त्रासदी घट सकती थी जिससे ममता बनर्जी को गहरा आघात लगना चाहिए था और केवल आक्रोश जताने के बजाय वह कार्रवाई कर सकती थीं।

# राजस्थान के स्वाभिमान पर प्रधानमंत्री ने चोट की: गहलोत

● लगाया आरोप, कहा- मोदी नीत सरकार के कारनामों व लापरवाही से जनता दुखी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**मणिपुर** की घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया में राजस्थान का जिक्र आने पर पलटवार करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उन्होंने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की है। साथ ही गहलोत ने कहा कि देश की जनता मोदी नीत सरकार के कारनामों व लापरवाही से दुखी है।

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना पर बृहस्पतिवार को कहा था, घटना चाहे राजस्थान की हो,



जयपुर में पत्रकारों को संबोधित करते राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

चाहे छत्तीसगढ़ की हो या फिर मणिपुर की... हिंदुस्तान के किसी भी कोने में किसी भी राज्य की सरकार को राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था को महत्व देना चाहिए और नारी के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। इसका जिक्र करते हुए गहलोत ने शनिवार को यहां मीडिया से कहा, प्रधानमंत्री ने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की है। मोदी ने कहा था, मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है...140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है।

गहलोत ने कहा, देश की 140 करोड़ जनता को शर्मसार नहीं होना पड़ रहा है बल्कि वह आपकी सरकार के कारनामों, आपकी विफलता और आपकी लापरवाही से दुखी है। गहलोत ने ( शेष पेज 9 )

# प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ता के मन में भय नहीं करना चाहिए

● आईआईटी मद्रास के दीक्षांत समारोह में बोले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़

**भाषा।** चेन्नई

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने तकनीक का हानिकारक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए जाने को लेकर आगह करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ताओं के मन में भय पैदा नहीं करना चाहिए अन्यथा लोग खुले एवं मुक्त रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं कर पाएंगे।

आईआईटी मद्रास के 60वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में शनिवार को भारत के मख्य न्यायाधीश ने कहा, कोई भी प्रौद्योगिकी निर्वात में जन्म नहीं लेती है, बल्कि वह उस समय की सामाजिक वास्तविकता तथा कानूनी, आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था का परिचायक होती है।



उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने आज राष्ट्रीयता समेत कई बाधाओं को समाप्त कर दिया है और कोई भी एक बार में लाखों संदेश भेज सकता है जो ऑफलाइन माध्यम से संभव नहीं है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन प्रौद्योगिकी के उद्भव के साथ ही नए व्यवहार का जन्म भी हुआ है और यह आनलाइन मध्यम से धमकी, गाली गलौच करने और ट्रोल करने का है। उन्होंने कहा कि जब हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं तब प्रौद्योगिकी के विकास के साथ इन विषयों पर भी विचार करने की जरूरत है। भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आज कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) ऐसे शब्द हैं जो ( शेष पेज 9 )

# चमोली करंट हादसा मामले में तीन गिरफ्तार

**भाषा।** गोपेश्वर

**चमोली** जिले के जल मल शोधन संयंत्र में करंट दौड़ने से हुई 16 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नमामि गंगे के जल मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में विद्युत उपकरणों के संचालन में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में उत्तराखंड जल संस्थान के चमोली में कार्यरत प्रभारी सहायक अभियंता हरदेवलाल आर्य, बिजली विभाग के लाइनमैन महेंद्र सिंह और एसटीपी का संचालन कर रही संयुक्त उपक्रम कंपनी के स्थानीय सुपरवाइजर पवन चमोला को गिरफ्तार किया गया है।

इस सिलसिले में भविष्य में और गिरफ्तारियां होने का संकेत देते हुए डोबाल ने कहा कि घटना में संलिप्त संयुक्त उपक्रम कंपनियों के मालिक, परियोजना प्रबंधक एवं अन्य व्यक्तियों की भूमिकाओं की जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। चमोली में अलकनंदा नदी के किनारे स्थित एसटीपी में मंगलवार और बुधवार को बिजली का करंट फैलने



की दो घटनाओं में 16 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 11 अन्य घायल हो गए थे। हादसे के बाद प्रभारी सहायक अभियंता आर्य को निलंबित कर दिया गया था। डोबाल ने बताया कि हादसे के संबंध में राजस्व निरीक्षक नीरज स्वरूप द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चमोली कोतवाली में चमोला तथा अन्य के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) तथा 13131 खतरनाक मशीन विनियमन अधिनियम 1983 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान जल संस्थान एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से पूछताछ एवं घटनास्थल के निरीक्षण से इस बात की पुष्टि हुई है कि एसटीपी का संचालन करने वाली संयुक्त उपक्रम की कंपनियों पटियाला की जयभूषण मलिक और कोयंबटूर की कॉन्फिडेंट इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियुक्त सुपरवाइजर पवन चमोला तथा प्लांट के संचालन को देख रहे जल संस्थान के प्रभारी सहायक अभियन्ता हरदेव लाल आर्य ने खतरनाक विद्युत उपकरणों के संचालन में घोर लापरवाही बरती।

उन्होंने सुरक्षा मानकों के विपरीत चेंज ओवर को बॉक्स के ऊपर रखा और पूरे एसटीपी को टीन शेड एवं विद्युत सुचालक लौह धातु से बनी संरचना में चलाया जा रहा था जिससे 19 जुलाई को करंट लीक होने से लोगें की मृत्यु हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विवेचना में एसटीपी के संचालन एवं सुपुर्दगी के अनुबंध में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। हादसे की विस्तृत जानकारी देते हुए डोबाल ने बताया कि एसटीपी में ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर गणेश लाल का शव 19 जुलाई की सुबह प्लांट के बाहर सीढियों के पास पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना मिलने पर चमोली पुलिस थाने से पीपलकोटी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप रावत अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पंचनामे की कार्यवाही के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले मे सुरक्षाबलो ने मुठभेड़ मे एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस अधिकारियो ने बताया कि जिले के भैरमगढ़ और जांगला थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव केशामुण्डी के जंगल मे सुरक्षाबलो ने मुठभेड़ मे एक नक्सली को मार गिराया। पोटेनार-केशामुण्डी गांव के जंगल मे नक्सलियो के भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 10-15 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर शुक्रवार को डीआरजी, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गस्त मे रवाना किया गया था। दल जब आज सुबह सात से साढ़े सात बजे के मध्य केशामुण्डी गांव के जंगल में था तब नक्सलियो ने सुरक्षाबलो पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलो ने भी जवाबी कार्रवाई की। लगभग आधे घंटे तक दोनो ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए। बाद मे सुरक्षाबलो ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां से एक नक्सली का शव, एक पिस्तौल, मैग्जीन और दो गोलियां बरामद हुईं। घटनास्थल मे खून के छींटे और घसीटने के निशान मिले है।

# कोर्ट में यासीन को लाने के मामले में चार निलंबित

● जेल विभाग ने एक उपाधीक्षक, दो सहायक अधीक्षकों तथा एक हेड वार्डर को किया सस्पेंड, बिना अनुमति लाया गया था जेकेएलएफ प्रमुख को

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के जेल विभाग ने न्यायालय की अनुमति के बिना, जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक के उच्चतम न्यायालय पहुंचने के सिलसिले में उपाधीक्षक समेत चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे मलिक की खचाखच भरे अदालत कक्ष में मौजूदगी से अदालत में सनसनी फैल गई थी। मलिक को अदालत की अनुमति के बिना, कारागार के वाहन में उच्चतम न्यायालय परिसर में लाया गया था और इस वाहन को सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा दी हुई थी।

मलिक के अदालत कक्ष में कदम रखते ही वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। उसे आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दोषी ठहराया गया था और उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसके अदालत कक्ष में पहुंचते ही वहां मौजूद लोग उसे देख चकित रह गए। बयान में कहा गया है, शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के सामने मलिक की पेशी के मामले में जेल विभाग ने एक उपाधीक्षक, दो सहायक अधीक्षकों तथा एक हेड वार्डर को शुक्रवार रात निलंबित कर दिया क्योंकि वे प्राथमिक जांच के बाद प्रथम दृष्टया (सुरक्षा चूक के लिए) जिम्मेदार ( शेष पेज 9 )

# कक्षा में इंसुलिन और ग्लूकोमीटर ले जा सकेंगे विद्यार्थी

**उप्र सरकार का निर्णय**

● 0 से 19 वर्ष तक के छात्रों में टाइप-1 डायबिटीज के मामलों को लेकर योगी सरकार गंभीर, जारी किए दिशा-निर्देश

● परीक्षाओं के दौरान भी जरूरी चिकित्सीय उपकरणों को कक्षा में ले जाने की होगी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बच्चों** में टाइप-1 डायबिटीज के खतरों को देखते हुए योगी सरकार ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण, भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों को प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी मंडलीय शिक्षा निदेशकों (बेसिक) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को



निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्वारा 0 से 19 वर्ष के छात्रों में टाइप-1 डायबिटीज रोग के नियंत्रण के लिए प्रदेश सरकार से कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की गई थी। इसके बाद योगी सरकार ने बाल संरक्षण एवं सुरक्षा के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र को योगी सरकार ने गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग पर इस पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद की ओर से संयुक्त शिक्षा निदेशक (बेसिक) गणेश कुमार को इस पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के लिए पत्र लिखा गया, जिसके बाद पूरे प्रदेश में बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित विद्यालयों में इसे लागू किए जाने का निर्णय लिया ( शेष पेज 9 )

### भारत में सर्वाधिक टाइप-1 मधुमेह रोगी

**राष्ट्रीय** बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (आईडीएफ) के डायबिटीज एटलस 2021 के डेटा के अनुसार दुनिया भर में सर्वाधिक टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों की संख्या भारत में है। साउथ ईस्ट एशिया में 0 से 19 वर्ष के बीच इस बीमारी से जूझ रहे बच्चों की यह संख्या 2.4 ( शेष पेज 9 )

### पीड़ित छात्रों को दी जा सकती हैं ये छूट...

- अपने साथ चीनी की टैबलेट ले जाने की अनुमति दी जाए।
- दवाएं, फल, नाश्ता, पीने का पानी, कुछ बिस्किट, मूंगफ ली, सूखे फ ल परीक्षा हाल में शिक्षक के पास रखे जाएं जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा के दौरान बच्चों को दिया जा सके।
- स्टाफ को बच्चों की परीक्षा हॉल में अपने साथ ग्लूकोमीटर और ग्लूकोज परीक्षण स्ट्रिप्स ले जाने की अनुमति देनी चाहिए, जिन्हें पर्यवेक्षक या शिक्षक के पास रखा जा सकता है।
- बच्चों को ब्लड शुगर का परीक्षण करने और आवश्यकतानुसार उपरोक्त वस्तुओं का सेवन करने की अनुमति दी जानी चाहिए।
- सीजीएम (सतत ग्लूकोज मॉनिटरिंग), एफजीएम (फ्लैश ग्लूकोज मॉनिटरिंग) और इंसुलिन पंप का उपयोग करने वाले बच्चों को परीक्षा के दौरान इन उपकरणों को रखने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि वे बच्चों के शरीर से जुड़े होते हैं। यदि इनकी रीडिंग के लिए स्मार्टफोन की आवश्यकता पड़ती है तो यह स्मार्टफोन शिक्षक या पर्यवेक्षक को ब्लड शुगर के लेवल की मॉनिटरिंग के लिए दिया जा सकता है।

# नोएडा में बनेगा पश्चिमी यूपी का सबसे बड़ा अतिथि गृह

## 40 हजार वर्गमीटर जमीन की जाएगी चिह्नित, मेट्रो और एक्सप्रेसवे की होगी कनेक्टिविटी

- डिजाइन सरकार तैयार करेगी, वहीं निर्माण नोएडा प्राधिकरण करेगा



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में आने वाले मंत्रियों और बैठकों के लिए अब पश्चिमी यूपी का सबसे बड़ा अतिथि गृह नोएडा में बनाने की तैयारी है। ये अतिथि गृह करीब 40 हजार वर्गमीटर जमीन पर बनाया जाएगा।

इसके लिए जो जमीन सेक्टर-148 आसपास चिह्नित की गई थी। उस पर किसानों का विवाद है। इसलिए दूसरे स्थान पर जमीन तलाश की जा रही है। इसका डिजाइन प्रदेश सरकार तय करेगी जबकि निर्माण नोएडा प्राधिकरण कराएगा।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री-अफसरों का नोएडा.ग्रेटर नोएडा में ठहरने का कोई सरकारी ठिकाना नहीं है। प्रदेश के बाकी शहरों की तरह यहां पर कोई सर्किट हाउस भी नहीं है। नोएडा में सेक्टर-38 में बिजली घर का गेस्ट हाउस है लेकिन वह न तो ज्यादा बड़े एरिया में है और न ही अधिक सुविधाएं हैं। इसके अलावा प्राधिकरण ने अपने स्तर से कुछ कोठियां ले रखी है, जिनमें प्राधिकरण से जुड़े कामकाज के लिए आने वाले अधिकारियों को ठहरा या जाता है। वीवीआईपी आने पर उन्हें होटल में ठहराया जाता है। वहीं ग्रेटर नोएडा में गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी जहां पर मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री ठहरते हैं।

दिल्ली में यूपी भवन बना हुआ है जहां मंत्री ठहरते हैं। अब नोएडा में ही अतिथि गृह बनाने के लिए यूपी सरकार ने नोएडा प्राधिकरण से जमीन चिह्नित करने को कहा था। जिसे पश्चिमी यूपी का मिनी सचिवालय भी कहा जा सकता है।

सरकार के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण ने 45 मीटर रोड पर सेक्टर-148 बिजली घर से लगी हुई 11 हजार वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की है। इसके पास ही सेक्टर-148 मेट्रो स्टेशन है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सरकार की ओर से करीब 40 हजार वर्ग मीटर जमीन मांगी गई है, अभी एक साथ जमीन का इतना बड़ा टुकड़ा नहीं है। फिलहाल 11 हजार वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की गई है। यह जमीन प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त है। बाकी जमीन पर किसानों का विवाद है। इसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्क सर्किल की ओर से प्रस्ताव बनाकर नियोजन विभाग को भेज दिया गया है। इससे प्रदेश सरकार को अवगत कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-148 मेट्रो स्टेशन के पास बेहतर लोकेशन है। यहां से एक तरफ बहुत कम समय में दिल्ली और दूसरी तरफ यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए यूपी के विभिन्न हिस्सों में पहुंचा जा सकता है।

अधिकारियों ने बताया कि बसपा-सपा शासनकाल में सेक्टर-44 में मिनी सचिवालय बनाने की योजना तैयार की गई थी। यहां पर प्रदेश सरकार के मंत्री और अधिकारी बैठा करते। इसके लिए जगह भी देख ली गई थी लेकिन यह योजना फाइलों में ही दबकर रह गई। अब यह बड़े हिस्से का भूखंड खंडहर हालत में है।

# सीमा हैदर की तबीयत बिगड़ी डिहाइड्रेशन की शिकायत

- राष्ट्रपति को भेजी याचिका में हीर-रांझा, लैला-मजनू का हवाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सीमा हैदर की तबीयत बिगड़ गई है। शनिवार 22 जुलाई सुबह उसे डिहाइड्रेशन की दिक्कत हुई। डॉक्टरों ने उसे ग्लूकोज चढ़ाया। वहीं, सीमा हैदर ने शुक्रवार 21 जुलाई को राष्ट्रपति को 38 पेज की दया याचिका भेजी। इसमें अपील की कि उसको भारत में ही रहने दिया जाए।

भारत की नागरिकता दी जाए, क्योंकि अब वह भारत की बहू है। उसकी और सचिन की शादी हो चुकी है। वह हिंदू धर्म भी अपना चुकी है। उसने अपनी दलीलों में कहा कि प्यार के सिवा उसकी जिंदगी का कोई मकसद नहीं है। सीमा ने दया याचिका में हीर.रांझा, लैला.मजनू, शीरीं-फरहाद की लव स्टोरी का जिक्र किया है। याचिका में ये भी कहा कि वह सचिन से प्यार की खातिर पाकिस्तान से भारत आई है और यहीं रहना चाहती है। सिर्फ यही नहीं, उसने बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, अक्षय कुमार का भी नाम लिखते हुए सवाल किया कि जब विदेशी नागरिकता होने के बावजूद ये लोग भारत में रह सकते हैं तो वह क्यों नहीं, सीमा ने लिखा कि वह हिंदू धर्म अपना चुकी है। उसने कभी भी झूठ नहीं बोला। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड अभी उसकी जांच कर रहा है, लेकिन आगे वह किसी से भी जांच के लिए तैयार है। यही नहीं, पॉलीग्राफ टेस्ट, ब्रेन मैपिंग टेस्ट, लाई डिटेक्टर टेस्ट के लिए भी वह तैयार है। इस बीच, उसे पाकिस्तान वापस भेजने की बात भी चल रही है। सीमा पाकिस्तान वापस जाएगी, भारत में रहेगी या जेल जाएगी, फिलहाल, इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है।

# ईडी ने सपा नेता को किया गिरफ्तार

- बहुचर्चित बाइक बोट घोटाले में वसूली करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने बहुचर्चित बाइक बोट घोटाले में शुक्रवार को सपा के प्रदेश सचिव दिनेश कुमार सिंह उर्फ दिनेश कुमार सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है।

इससे पहले ईडी ने गुरुवार को दिनेश के जेपी ग्रीन्स स्थित ठिकाने पर छापा मारकर तलाशी ली थी। छापे में उसके खिलाफ आपत्तिजनक सबूत मिले थे। दिनेश उन लोगों से पैसे वसूल रहा था, जिनके खिलाफ बाइक बोट घोटाले में ईडी जांच चल रही थी। तलाशी के दौरान ईडी को दिनेश के खिलाफ आपत्तिजनक सबूत मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त कर लिए थे।

दिनेश के खिलाफ पीएमएलए की कार्रवाई ऐसी शिकायतें मिलने के बाद शुरू की गई कि वह उन लोगों से पैसे वसूल रहा है, जिनके खिलाफ बाइक बोट घोटाले में पीएमएलए की जांच लखनऊ जोनल कार्यालय में चल रही है। वह अभियुक्तों से संपर्क कर उनके विरुद्ध चल रही प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट की जांच को निपटाने का आश्वासन देता था। वह अभियुक्तों को उनकी चल.अचल संपत्तियों को ईडी से मुक्त कराने के झूठे लालच देता था। दरअसल, ईडी 1665 करोड़ के बाइक बोट घोटाला की जांच कर रही है। मुख्य अभियुक्त संजय भाटी ने अपने सहयोगियों के साथ गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड जीआईपीएल नामक कंपनी बना कर निवेशकों के साथ ठगी की।

पीएमएलए जांच से पता चला कि वर्ष 2017 में संजय भाटी ने कंपनी के नाम से आकर्षक निवेश योजना शुरू की थी। इस योजना के अनुसार एक ग्राहक एक, तीन, पांच या सात बाइक में निवेश कर सकता है, जिसका रखरखाव और संचालन कंपनी द्वारा किया जाएगा। इसमें निवेशकों को मासिक किराया, ईएमआई और बोनस का भुगतान किया जाना था। इसी तरह की योजना ई.बाइक के लिए भी शुरू की गई थी।

# मणिपुर घटना के विरोध में कांग्रेसियों का उपवास

**गाजियाबाद।** मणिपुर में घटित हुई घटना के विरोध में आज कांग्रेसी प्रदेशव्यापी उपवास कर रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसियों ने लोहिया नगर स्थित गांधी पार्क सैंकड़ों कांग्रेसियों ने उपवास किया। उपवास के दौरान जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने कहा कि मणीपुर में हुई अमानवीय घटना ने पूरे देशवासियों के दिलों को झकझोर का रख दिया है। ऐसी घटनाओं की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। कांग्रेस का स्पष्ट तौर पर मानना है कि इस प्रकार के कृत्य को अंजाम देने वालों को कठोर से कठोर सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके।

# अटौर नंगला के बाद नूरनगर तक पहुंचा हिंडन का पानी

- जिला प्रशासन की टीम बचाव व राहत कार्य में जुटी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



हिंडन नदी में जलस्तर बढ़ने पर करहैडा गांव के बाद अटौर नंगला और नूरनगर में भी पानी पहुंच गया है। इसके अलावा धनकड़ स्टेडियम से लेकर कई कॉलोनियों तक पानी पहुंच गया है।

चार से छह फुट तक पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है, तो वहीं कई पुलिस चौकियां में भी पानी पहुंच गया। कल देर रात से ही जिला प्रशासन की टीम एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्वत और एसडीएम सदर विनय सिंह के नेतृत्व में बचाव व राहत कार्य में जुटी हुई हैं। प्रभावित क्षेत्रों से अब तक एक हजार से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से लोगों को उनके घरों से निकाला जा रहा है। पानी बढने से घबराए लोग खुद भी जरूरी सामान लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। प्रशासन ने कंपोजिट स्कूल करहैडा में रिलीफ कैंप बनाया गया है जहां सैंकडों लोग को अब तक पहुंचाया जा चुका है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते हिंडन नदी का जलस्तर बढ गया है। समीप के जिलों से समन्वयक कर राहत कार्य किया जा रहा है।

संभावना है कि कल दोपहर के बाद से पानी कम होना शुरू हो जाए। एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिन कॉलोनियों में पानी भर गया है वहां से लोगों को निकाला जा रहा है। साथ ही जहां तक पानी पहुंच रहा है वहां से भी लोगों को अन्य स्थान पर जाने के लिए कहा जा रहा है। जिला प्रशासन के साथ ही एनडीआरएफ की टीमें भी रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।

नावों के जरिए लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला जा रहा है। इंसान ही नहीं बल्कि पालतु पशुओं से लेकर स्ट्रीट जानवरों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


नोएडा के सांसद महेश शर्मा को ज्ञापन सौंपते जैन समुदाय के लोग।

### जैन मुनि की हत्या के विरोध में निकाला मौन जुलूस

**नोएडा।** कर्नाटक में जैन मुनि की निर्मम हत्या के विरोध में नोएडा जैन समाज के लोगों ने मौन जुलूस निकाला। उन्होंने जैन साधू संतो की सुरक्षा के लिए सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को ज्ञापन भी दिया। जुलूस श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सेक्टर-27 में विराजमान आचार्य श्री 108 अनेकांत सागर जी महाराज के सानिध्य में निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हाथों में तख्तियां लेकर समाज के लोग पैदल जैन मंदिर से निकलने इसके बाद टेलीफोन चौराहा होते हुए डीएम चौक और कैलाश अस्पताल के बाहर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने मिलकर उनको ज्ञापन दिया। इस मौके पर जैन संस्थाएं, जैन समाज नोएडा, श्री पार्श्व नाथ प्रभावना समिति सेक्टर 50, ग्रेटर नोएडा जैन समाज, सेक्टर 93 बी जैन समाज, एस एस जैन सभा, सेक्टर 23 वरोदया चेतना मंच, त्रिशाला महिला मंडल, स्याहकार युवा क्लब जैन, जैन मिलन, जैन मिलन स्वास्तिक आदि मौजूद थे।

### पुलिस कमिश्नर ने किया वृक्षारोपण

**नोएडा।** शासन द्वारा वर्ष 2023 में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में गौतमबुद्धनगर पुलिस लाइन, पुलिस मुख्यालय, सभी थानों व कार्यालयों में हजारों की संख्या में वृक्षारोपण किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा जनपद के सभी नागरिकों को आओ हम सब मिलकर प्रकृति का सौंदर्य बढ़ाएं का संदेश देते हुए पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाईन गौतमबुद्धनगर में वृक्षारोपण किया गया।

### फादर एग्नेल स्कूल में छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी



**नोएडा।** शहर के फादर एग्नेल स्कूल में प्राइमरी सेक्शन के छात्रों ने शनिवार को पर्यावरण, सेवन सिस्टर्स कहे जाने वाले उत्तर पूर्वी राज्यों के ऐतिहासिक पहलुओं पर विशेष फीचर समेत विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में मणिपुर स्टाल सबके आकर्षण का केंद्र रहा, जहां राज्य की कला, संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी के अंत में दिन में गौतमबुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर इस वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। वर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक फादर जेए कार्वाल्हो भी उपस्थित थे।

# चोरी की रकम लूटने के आरोप में डीसीपी ट्रांस हिंडन ने दो पुलिस वालों को किया निलंबित

- जांच रिपोर्ट में संदिग्ध पाये गए, मामला दर्ज कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

डीसीपी ट्रांस हिंडन विवेकचंद्र यादव ने शालीमार गार्डन थाने की डीएलएफ चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी धीरज चतुर्वेदी व इंद्रजीत को न केवल तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

19 जुलाई को दिल्ली निवासी एक महिला ने शिकायत की थी कि डीएलएफ चौकी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों ने 25/26 की रात्रि में उनके घर से 3 लाख 60 हजार की चोरी करने वाले बदमाशों से चोरी की रकम लूट ली। उक्त प्रकरण की गोपनीय जांच एसीपी शालीमार गार्डन से करवाई थी।

एसीपी की रिपोर्ट आने के बाद उन्होंने न केवल दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ संगीन धाराओं में तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दे दिए बल्कि उन्हें गिरफ्तार करवाने में भी देरी नहीं लगाई। दोनों अभियुक्तों धीरज चतुर्वेदी व इंद्रजीत एजो डीएलएफ चौकी शालीमार गार्डन पर तैनात हैं, के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के साथ-साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू करवा दी। उधर सूत्रों का कहना है कि इन पुलिसकर्मियों खिलाफ शुरू हुई विभागीय कार्रवाई के बाद उनकी नौकरी पर भी खतरे के बादल मंड़रा सकते हैं। ज्ञात हो कि मामला सामने आने के बाद पुलिस अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई की थी।

# जिला अस्पताल में शुरू हुआ ब्लड बैंक

- स्टोर से मरीजों को खून उपलब्ध होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक का शनिवार को उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने उद्घाटन किया।

इस ब्लड बैंक की क्षमता करीब 350 यूनिट की है। अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक में पहले दिन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रक्तदान कर शहर वासियों से रक्तदान की अपील की। ब्लड बैंक स्टोर से मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। मरीजों के साथ गर्भवती के परिजनों को सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई, निजी ब्लड बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। बता दे कि सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में स्थापित ब्लड बैंक लाइसेंस निलंबित होने का कारण अस्पताल की ओर से रक्तदान शिविर का भी आयोजन नहीं हो पा रहा था। नई बिल्डिंग में स्थापित ब्लड बैंक में न सिर्फ रक्त की कमी है बल्कि तीन माह से रक्त संग्रह शिविर का आयोजन भी नहीं हुआ है। मई की शुरुआत में पुराने जिला अस्पताल की बिल्डिंग से पैथोलाजिस्ट विभाग को भी नए अस्पताल के दूसरे तल पर स्थापित किया गया है। अस्पताल के ब्लड बैंक का पता बदला है। पता बदलने से पुराने ब्लड बैंक का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने नई बिल्डिंग में ब्लड बैंक में भंडारण भी बंद कर दिया था।

# पुलिस ने कार पर लगी काली फिल्म उतरवाई, काटा चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में शराब कारोबारी ने वीवीआईपी दिखाने की होड़ में सबको पीछे छोड़ दिया।

वो दो ब्लैक स्कॉर्पियो जेड ब्लैक शीशे कराकर चलता था। ये गाड़ियां पूरे रास्ते हूटर बजाती थीं। सोशल मीडिया पर शनिवार को वीडियो वायरल हुई, तो गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस हरकत में आ गई। दोनों स्कॉर्पियो से ब्लैक फिल्म उतरवाई। उनके चालान काटे और मुकदमा दर्ज कर लिया है। दरअसल, ये गाड़ियां गाजियाबाद के शराब कारोबारी राजेश ब्रिज और अभिषेक ब्रिज की हैं। दोनों कारोबारी पिता.पुत्र गाजियाबाद के सेकेंड नेहरू नगर में रहते हैं। इनका ऑफिस नोएडा में सेक्टर.63 में बहलोलपुर पुलिस चौकी के पास है।

शनिवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो तेजी से वायरल हुई। इस वीडियो में बीच में पिता.पुत्र की ठर्डॉ कार चल रही है। उसके आगे.पीछे एक.एक ब्लेक स्कॉर्पियो है। इन स्कॉर्पियो पर चारों तरफ एस्कॉर्ट लिखा हुआ था।

# गाजियाबाद में कूड़े के ढेर को बनाया अमृत सरोवर

- मुख्य सचिव ने शेयर की तस्वीरें, सरकारी फंड के बिना हुआ काम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



मन में जज्बा तो क्या कुछ नहीं हो सकता। गाजियाबाद के अधिकारियों ने सरकारी फंड से एक रुपया लिए बिना कूड़े के ढेर को अमृत सरोवर के रूप में विकसित कर दिया।

यहां पर एक बड़ा सरोवर तैयार हो चुका है, जिसमें पानी भरा हुआ है। आसपास के लोगों के लिए ये पिकनिक स्पॉट बन गया है। लोग सुबह-शाम के वक्त यहां घूमने आते हैं और सुकून महसूस करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मिश्रा ने गाजियाबाद में हुए इस बदलाव की तस्वीरें अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की हैं। मुख्य सचिव ने कहा, मैंने लगभग तीन माह पूर्व गाजियाबाद में रूर्बन मिशन के अंतर्गत क्लस्टर डासना देहात में बने मल्टीपर्पज हॉल और स्पोर्ट्स फैसिलिटी सेंटर का दौरा किया था। इस कॉम्प्लेक्स के सामने खाली जमीन पर कचरे का ढेर लगा हुआ था। मैंने इसे अमृत सरोवर के रूप में परिवर्तित कर एक खूबसूरत पब्लिक प्लेस बनाते हुए जल संरक्षण का कार्य करने का निर्देश उस समय दिया था।

मुख्य सचिव डीएस मिश्रा ने कहा, मुझे बहुत खुशी हुई कि गाजियाबाद प्रशासन के सकारात्मक प्रयासों से तीन माह के भीतर अमृत सरोवर बनकर पानी से इस बरसात में लबालब भरा है। अब यह ग्रामीण क्षेत्र शहर का रूप ले रहा है।

पॉन्डमैन ऑफ इंडिया के फंड से इस जगह को अमृत सरोवर के रूप में बदला गया है। इस काम में गाजियाबाद प्रशासन ने सरकार से किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं ली है। मुख्य सचिव ने इस काम के लिए गाजियाबाद के डीएम और सीडीओ को बधाई देते हुए अपने टविटर हैंडल पर अमृत सरोवर के कायाकल्प से संबंधित एक वीडियो भी शेयर की है।

# आयकर विभाग के रोजगार मेले में 62 को मिले नियुक्ति पत्र

- देश में युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में प्रधानमंत्री ने उठाये कदमः वीके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



केन्द्र सरकार के सातवें रोजगार मेले के तहत गाजियाबाद में पंडित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयकर विभाग गाजियाबाद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने 62 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा कि रोजगार मेला देश में युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति और उनके सशक्तिकरण के लिए माननीय प्रधान मंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक अभिनव कदम है। इसके उपरांत पीएम मोदी के लाइव सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया व पीएम द्वारा देश भर में 70 हजार लोगों को बटन दबा कर नियुक्ति पत्र प्रदान करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा हायर एजकुकेशन में 4, बैंक प्रबंधन में 45, पोस्टल में 4, सीआरपीएफ में 3 सहित कई क्षेत्रों में नवनियुक्तयों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इसमें मौ शहजाद, हर्ष शर्मा, राहत कुमार, अभिषेक कुमार, हिमांशु, हेमराज सहित 62 को नियुक्ति पत्र दिए गए। मंच संचालन आयकर निरीक्षक दिलीप रजावत ने किया। इस दौरान प्रधान आयकर आयुक्त गाजियबाद प्रमिला शरण, प्रधान आयकर आयुक्त नोएडा सुलेखा वर्मा, सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर, सिटी मजिस्ट्रेट शुभांगी शुक्ला, प्रधान आयकर आयुक्त राधेश्याम, अपर संयुक्त आयकर आयुक्त प्रमोद कुमार, सीता श्रीवास्तव, प्रवीन कुमार, यशपाल चावला, मोहन लाल जोशी, उप आयकर आयुक्त सौरभ कुमार, ज्ञानेश झा, मयंक कुमार, नीरज कुमार त्रिपाठी, विवेक कुमार, जितेन्द्र सिंह, दीपक राणा आदि मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी में विकसित होंगे तपो वन, नक्षत्र वन और राशि वन

## मुख्यमंत्री के साथ उपराज्यपाल ने वन महोत्सव 2023 में भाग लिया, असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में लगाए पौधे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के असोला भाटी वन्य जीव अभयारण्य में 25 एकड़ क्षेत्र में तपोवन, नक्षत्र वन और राशि वन विकसित किया जाएगा। नल, नक्षत्रों और राशियों से जुड़े पौधों और पेड़ों से परिपूर्ण ये वन दिल्लीवासियों को अब तक के गूढ़ भारतीय सभ्यतागत मूल्यों को समझने, सराहने और उनसे लाभ उठाने का अवसर प्रदान करेंगे।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को वन महोत्सव के अवसर पर पौधे लगाकर इसकी शुरुआत की।

उपराज्यपाल ने शहरवासियों से दिल्ली को फूलों का हरा-भरा शहर बनाने का आह्वान किया। सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को अन्य सभी राज्यों को रास्ता दिखाने के लिए हर मामले में एक उदाहरण पेश करना चाहिए। वन महोत्सव में एक दिन में रिकॉर्ड 5.55 लाख पौधे लगाए गए। मुख्यमंत्री और एलजी ने अभयारण्य में स्थित नीली झील इकोटूरिज्म साइट का भी दौरा किया, जो प्राकृतिक सुंदरता और टिकाऊ पर्यटन का एक आदर्श मिश्रण पेश करने वाला एक अनूठा स्थान है। नीली झील पिछले एक साल में पुनर्जीवित किया गया है। इको-क्लब का हिस्सा रहे शहर के विभिन्न हिस्सों के स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया और पेड़ों के बड़े होने तक उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाने की शपथ ली।


मुख्यमंत्री और एलजी ने अभयारण्य में स्थित नीली झील इकोटूरिज्म साइट का भी दौरा किया, इस दौरान स्कूली छात्र भी मौजूद रहे।

### दिल्ली का हरित क्षेत्र 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि दिल्ली को दुनिया का सबसे हरा-भरा और स्वच्छ शहर बनाने के लिए यहां हरित क्षेत्र का दायरा आने वाले वर्षों में मौजूदा 23 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी करना होगा। यहां आयोजित वन महोत्सव में केजरीवाल ने कहा कि इस साल पूरी दिल्ली में एक करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में उपराज्यपाल वीके सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 27.5 लाख पौधे पहले ही लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 23 फीसदी के साथ दिल्ली में हरित क्षेत्र का दायरा मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु ही नहीं, लंदन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों से भी अधिक है। असोला भाटी माइंस वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान 5.5 लाख पौधे लगाए गए।



### व्यापारी पर लोहे की छड़ से हमला कर 15 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में चार अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर एक व्यक्ति पर लोहे की छड़ से हमला करके लगभग 15 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि राजस्थान के सिरोही का निवासी वेला राम चांदनी चौक में काम करता है।

शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे वह 14,96,600 रुपए अमन नामक व्यक्ति को देने शास्त्री नगर जा रहा था। जब वह शास्त्री नगर में सार्वजनिक शौचालय के पास पहुंचा तो बाइक पर आए चार लोगों ने उस पर लोहे की छड़ से हमला किया और पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। एक टीम ने वारदात स्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# पहाड़ों में बारिश, यमुना का जलस्तर फिर बढ़ने की आशंका

## कई दिन बाद शनिवार को खतरे के निशान से नीचे आया पानी, बढ़ा तो पुनर्वास कार्यों में हो सकती है दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर शनिवार को खतरे के निशान से नीचे आ गया जो पिछले कुछ दिनों से खतरे के निशान 205.33 मीटर के आसपास बना हुआ था। हालांकि, उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में ताजा भारी बारिश की सूचना मिली है और इससे नदी के जल स्तर में फिर से वृद्धि हो सकती है। जलस्तर बढ़ने से दिल्ली के बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में पुनर्वास प्रयासों में और देरी हो सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 25 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी से अत्याधिक भारी बारिश की आशंका जताई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह नौ बजे जलस्तर गिरकर 205.29 मीटर पर आ गया जो शुक्रवार शाम छह बजे 205.34 मीटर पर था। अन्य राज्यों में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश का प्रभाव स्पष्ट होने से पूर्व इसमें और गिरावट आ सकती है।

सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के अनुसार, यमुनानगर स्थित हथिनीकुंड बैराज से जल बहाव सुबह नौ बजे 1.47 लाख क्यूसेक था जो 13 जुलाई से सर्वाधिक है। बांधों, नदियों और लोगों पर दक्षिण एशिया नेटवर्क के सह समन्वयक भीम सिंह रावत ने कहा कि ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश कम हो रही है और हथिनीकुंड बैराज से पानी का बहाव 3 लाख क्यूसेक के निशान को पार नहीं करना चाहिए। सीडब्ल्यूसी हाइड्रोग्राफ में बाटा नदी को छोड़कर पहाड़ी इलाकों में नदियों के जलस्तर में अधिक वृद्धि नहीं दिखी है।



ऊपरी जलग्रहण राज्यों, मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश के बीच पिछले चार से पांच दिनों में जल स्तर में मामूली उतार-चढ़ाव हुआ है। ऊपरी हिस्सों में भारी बारिश होने की स्थिति में, जल स्तर में वृद्धि से राजधानी के बाढ़ग्रस्त निचले इलाकों में प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की गति धीमी हो सकती है और उन्हें लंबे समय तक राहत शिविरों में रहना पड़ सकता है। इसका असर शहर में पानी की आपूर्ति पर भी पड़ सकता है जिसमें स्थिति मंगलवार को ही सामान्य हो पाई। वजीराबाद में एक पंप हाउस में पानी भर जाने के कारण चार से पांच दिनों तक स्थिति प्रभावित हुई थी।

यह पंप हाउस वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जल उपचार संयंत्रों को कच्चे पानी की आपूर्ति करता है, जो शहर की आपूर्ति का लगभग 25 प्रतिशत है।

दिल्ली के कुछ हिस्से पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से जलभराव और बाढ़ से जूझ रहे हैं। शुरुआत में, आठ और नौ जुलाई को अत्यधिक बारिश से भारी जलभराव हुआ और इन दो दिनों में शहर में मासिक कोटे की 125 प्रतिशत बारिश हुई। इस बीच यमुना नदी के हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा समेत ऊपरी जलग्रहण इलाकों में भारी बारिश से जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जल के बहाव ने तटबंधों को तोड़ दिया और चार दशकों की तुलना में शहर के काफी अंदर तक घुस गया।

बाढ़ के परिणाम विनाशकारी रहे हैं। शहर में 27,000 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकाला गया। संपत्ति, व्यवसाय और कमाई के मामले में नुकसान करोड़ों तक पहुंच गया है। दिल्ली में अभूतपूर्व बाढ़ के लिए विशेषज्ञ यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र पर अतिक्रमण, थोड़े समय के भीतर अत्यधिक वर्षा और गाद जमा होने को कारण बताते हैं।

### दर्जनों गांवों के खेतों में अभी भी भरा पानी, फसलें बर्बाद

● भाजपा नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पीड़ितों को एक लाख रुपए प्रति एकड़ मुआवजे की मांग उठाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि पिछले दिनों आई बाढ़ से दिल्ली के अनेक किसान बर्बाद हो गए हैं। उनके खेतों में अभी भी कहीं-कहीं 7-8 फुट पानी भरा हुआ है। उनकी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार से मांग की है कि किसानों को एक लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाए। बिधूड़ी ने कहा कि खासतौर पर नजफगढ़, मटियाला और नरेला विधानसभा क्षेत्रों में हजारों एकड़ खेती की जमीन पूरी तरह पानी में डूबी है। रावता, झटिकरा, खामपुर, खड़खड़ी, मलिकपुर, पल्ला, माजरा डबास, जींदपुर, मुखमेलपुर, सिंगोला और सिंघु आदि दर्जनों गांव बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से इन किसानों से अब तक कोई संपर्क नहीं किया गया है। उनके खेतों से पानी की निकासी का भी कोई प्रबंध नहीं है। किसानों के खेत झील बनकर रह गए हैं ।

# सिख दंगा : जगदीश टाइटलर मामले में सीबीआई को मिला पांच दिन का समय

● पुल बंगश इलाके में तीन लोगों हुई थी हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश इलाके में हत्याओं से जुड़े एक मामले में आरोपी कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की आवाज के नमूनों के संबंध में फॉरेंसिक नतीजे पेश करने के लिए सीबीआई को पांच दिन का समय दिया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले में टाइटलर के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के संबंध में भी फैसला 26 जुलाई तक के लिए टाल दिया।

न्यायाधीश ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के यह कहने के बाद आदेश पारित किया कि फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) का परिणाम अभी प्रतीक्षित है। न्यायाधीश ने 21 जुलाई को पारित एक आदेश में कहा कि आईओ (जांच अधिकारी) का कहना है कि एफएसएल परिणाम अभी प्रतीक्षित है। इन परिस्थितियों में मामले को स्थगित किया जाता है। अगली कार्यवाही के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की जाती है। सीबीआई ने 20 मई को इस मामले में टाइटलर के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। वर्ष 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के एक दिन बाद यहां पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे को आग लगा दी गई थी। अदालत के समक्ष दायर अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने कहा कि टाइटलर ने एक नवंबर, 1984 को पुल बंगश गुरुद्वारा आजाद मार्केट में एकत्रित भीड़ को भड़काया जिसके परिणामस्वरूप गुरुद्वारा जला दिया गया और तीन सिखों- ठाकुर सिंह, बादल सिंह तथा गुरु चरण सिंह की हत्या कर दी गई।

### मरीज की पीठ से छह इंच का चाकू निकाला

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चाकू हमले के शिकार एक व्यक्ति की पीठ से एक कठिन सर्जरी की मदद से छह इंच का चाकू सफलतापूर्वक निकाला है। हरियाणा के करनाल का 30 वर्षीय यह व्यक्ति 12 जुलाई को डकैती से अपनी दुकान को बचाने के दौरान हमले में कथित रूप से घायल हो गया था।

एम्स के ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. कामरान फारूकी ने कहा, उसी दिन देर शाम में मरीज अस्पताल के आपात चिकित्सा विभाग में पहुंचा था और तब भी उसके पीठ में चाकू था। 13 जुलाई को उसकी पीठ की सर्जरी की गई और चाकू निकाला गया।

## संक्षिप्त समाचार



जंतर-मंतर पर विरोध करते कूकी समुदाय के छात्र।

### मणिपुर हिंसा के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में राजधानी के जंतर मंतर पर कुकी समुदाय के लोगों न प्रदर्शन किया। दिल्ली में रह रहे मणिपुर के हजारों की संख्या मे ंछात्र-छात्राएं और कुकी समुदाय के लोगों ने मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र और वहां की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में पोस्टर व तख्तियां लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मंच से कहा गया कि जिस तरह से आज देश का एक हिस्सा जल रहा है और पीएम मोदी खामोश हैं। यह मणिपुर को जलाने की सोची समझी साजिश है। एक छात्रा ने बताया कि आज मणिपुर जल रहा है। 80 दिन से ज्यादा बीत चुके हैं। यहां सिर्फ एक ही समुदाय के लोगों के साथ अत्याचार किया जा रहा है। महिलाओं के साथ गैंगरेप हो रहा है. यह तो सिर्फ एक घटना का वीडियो है। कई ऐसी घटना हैजो मणिपुर में घटित हो रही है।

### रानी बाग में कपड़े की दुकान में आग लगी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के रानी बाग इलाके में शनिवार शाम कपड़े की एक दुकान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है अग्निशमन विभाग के अनुसार, आग लगने की सूचना शाम सात बजकर 10 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।

### दुधारू पशुओं के लिए औषधीयीय पोषक आहार

**नई दिल्ली।** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली ने दुधारू पशुओं के लिए एक ऐसा पोषक आहार तैयार किया है जो उन्हें पोषण तो प्रदान करेगा ही, साथ में संक्रामक बीमारियों से भी बचाएगा। एमिल फार्मास्युटिकल्स के निदेशक डा. इक्षित शर्मा ने कहा कि यह आहार दानेदार सामग्री के रूप में किया जाएगा जिसे चारे में मिलाकर पशुओं को खिलाया जाएगा। इससे पशुपालक किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी क्योंकि उन्हें ज्यादा और अच्छ गुणवत्ता का दूध मिलेगा और पशुओं की बीमारी पर होने वाले खर्च की भी बचत होगी। एमिल फार्मा सरकारी शोध संस्थानों द्वारा विकसित की गई दवाओं जैसे सीएसआईआर द्वारा विकसित मधुमेह की दवा बीजीआर-34 तथा डीआरडीओ द्वारा विकसित सफेद दाग की दवा ल्यूकोस्किन को बाजार में सफलतापूर्वक उतार चुका है। अब इसका एनिमल हेल्थकेयर विभाग बहुत से पशु उत्पादों पोल्ट्री, पेटस एवं पशुओं के स्वास्थ्य हेतु बाजार में ला रहा है। इस उत्पाद को भी जल्द बाजार में उतारा जाएगा।

### जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दीक्षातं समारोह आज

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दीक्षातं समारोह आज विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगाद्ध। समारोह की जानकारी विश्वविद्यालय की ओर से दी गई। इन छात्रों में शैक्षणिक वर्ष 2019 और 2020 में उत्तीर्ण छात्र भी शामिल होंगे। सुबह 11 बजे शुरू होने वाले दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे, जो समारोह में छात्रों को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। इससे पहले कोरोना महामारी के चलतेदीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं हो पाया था। इस मौके पर जामिया मिल्लि या इस्लामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर छात्रों को संबोधित कर के विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। इस दौरान 2019 और 2020 में उत्तीर्णस्वर्ण पदक विजेताओं सहित अन्य छात्रों को डिग्री दी जाएगी। बाद शाम 5:30 बजेविश्वविद्यालय के डॉ. एमए अंसारी सभागार में एक विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा।

# शाहीन बाग में लड़का यमुना में डूबा, गौताखोर कर रहे तलाश

● दोस्त के साथ गया था नदी में नहाने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शाहीन बाग इलाके में एक लड़के के यमुना नदी में डूबने की आशंका है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नौ वर्षीय लड़के की तलाश की जा रही है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम को हुई जब मोहम्मद एहसान और उसका दोस्त राजकुमार नदी में तैर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि एहसान अचानक फिसलकर गहरे पानी में चला गया तभी किनारे पर मौजूद दो व्यक्ति रोहित और आलम नदी में कूद गए, लेकिन उसे नहीं बचा पाए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने बताया कि लड़के का पता लगाने के लिए अग्निशमन कर्मियों और चार गोताखोरों को तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि एहसान के पिता, राजकुमार, रोहित और आलम के बयान दर्ज किए गए हैं। ज्ञात हो सरकार लगातार चेतावनी जारी कर रही है कि यमुना में नहाने से जाने से बचे।

# महिला आयोग व दिल्ली पुलिस ने अपहृत विवाहिता को मुक्त कराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने कथित तौर पर अपहृत की गई एक महिला को दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद से मुक्त करा लिया है। आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आयोग ने बताया कि 22 वर्षीय एक महिला को यहां उसके पति के घर से उसके मायके वालों द्वारा कथित रूप से अगवा कर लिया गया था। डीसीडब्ल्यू ने एक बयान में बताया कि जून में आयोग की सदस्य फिरदौस खान को अमरोहा की एक महिला से शिकायत मिली थी और उसने कहा था कि उसने अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध अपनी मर्जी से एक व्यक्ति से शादी की थी। महिला ने डीसीडब्ल्यू सदस्य से कहा था कि चूंकि उसे अपनी जान का खतरा था, इसलिए वह अमरोहा से भाग कर अपने पति के साथ दिल्ली आ गई।

आयोग ने महिला को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में मदद की लेकिन उस वक्त उसने (महिला) अपने परिवार (मायके वालों) के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

# रेलवे ने मस्जिदों को भेजा नोटिस वक्फ बोर्ड बोला- जमीन हमारी

● नोटिस को रेलवे ने बताया नियमित प्रक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दो मस्जिदों को भेजे गए नोटिस पर विवाद के बीच रेलवे ने शनिवार को कहा कि अतिक्रमित रेलवे भूमि पर बनी संरचनाओं को हटाना एक नियमित प्रक्रिया है, क्योंकि इससे संभावित सुरक्षा खतरे पैदा होते हैं।

रेलवे ने हाल में बंगाली मार्केट इलाके में स्थित एक मस्जिद और प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन के पास एक मस्जिद को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने को कहा है। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि संरचनाएं नई दिल्ली और गाजियाबाद के बीच मुख्य मार्ग पर रेलवे की भूमि पर हैं। हालांकि, दिल्ली वक्फ बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि तिलक ब्रिज के पास तकिया बाबर शाह मस्जिद और बंगाली मार्केट के पास की मस्जिद बोर्ड की संपत्ति हैं। उन्होंने रेलवे के नोटिस को आश्चर्यजनक बताया।

महफूज मोहम्मद ने कहा कि 1973 में रेलवे ने दिल्ली वक्फ बोर्ड से जमीन के एक टुकड़े के लिए अनुरोध किया था, जिस पर मस्जिद तकिया बाबर शाह स्थित है और उसे 94 वर्ग गज जमीन दी गई थी। मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है और यह आश्चर्य की बात है कि रेलवे इसे ध्वस्त करने के लिए नोटिस दे रहा है।

# बदला एमसीडी स्कूलों का माहौल, उत्सव की तरह मना मेगा पीटीएम

## शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर शैली ओबरॉय ने अभिभावकों और छात्रों से की चर्चा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी के स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी के बाद शनिवार को पहली मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और सभी स्कूलों में उत्सव सा माहौल रहा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी और महापौर शैली ओबरॉय स्कूलों में अभिभावकों से मिलीं और बच्चों की पढ़ाई के बारे में चर्चा की।

शिक्षा मंत्री आतिशी व मेयर शैली ओबरॉय ने डीडीए फ्लैट्स कालका जी व इंदिरा कल्याण विहार, ओखला के एमसीडी स्कूलों का दौरा किया और कहा कि एमसीडी के सभी स्कूलों में मेगा पीटीएम अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाता है और उन्हें बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हमने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया और इसका नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के अधीन सभी स्कूल शानदार बन गये हैं।


स्कूली छात्रों के अभिभावकों से बात करतीं शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबरॉय।

अब मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गारंटी को पूरा करते हुए हम ऐसे ही बदलाव एमसीडी के स्कूलों में भी लेकर आ रहे है और उन्हें विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

एमसीडी स्कूल में अभिभावकों से बातचीत करते हुए मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि जिस तरह की शिक्षा क्रांति की शुरुआत दिल्ली सरकार के स्कूलों में हुई थी, उसी तरह अब एमसीडी के स्कूलों में भी देखने को मिलेगी। हम अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में भागीदार बनाकर एमसीडी के स्कूलों में भी शिक्षा क्रांति लाएंगे।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे के एनएच-48 इंटरचेंज क्लोवरलीफ पर विकसित होंगे चार छोटे वन

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने किया द्वारका एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के महीपालपुर से गुरुग्राम में एनएच-48 स्थित खेड़की दौला को जोड़ने के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने शनिवार को गुरुग्राम क्षेत्र में द्वारका एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष ने द्वारका एक्सप्रेस-वे पर प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत बजघेड़ा से एनएच-48 पर इंटरचेंज क्लोवरलीफ तक जारी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएच-48 पर स्थित क्लोवरलीफ के सभी चार प्वाइंट्स पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए मियावाकी तकनीक का उपयोग करते हुए चार छोटे वन (मिनी अमेजॉन) विकसित करने की बात कही। इस एक्सप्रेस वे के आरंभ होने से गुरुग्राम और दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी, साथ ही इस परियोजना में टनल, अंडरपास, फ्लाईओवर तथा फ्लाईओवर के ऊपर फ्लाई ओवर होंगे। हरियाणा वाले हिस्से में इस सड़क की लंबाई 18.9 किलोमीटर तथा दिल्ली वाले क्षेत्र में 10.1 किलोमीटर है।


गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण करते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव। साथ में जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा व डीसी निशांत कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

### द्वारका एक्सप्रेस-वे के एनएच-48 इंटरचेंज स्थित क्लोवरलीफ पर हरियाली को प्रोत्साहन के लिए मियावाकी तकनीक से होंगे चार छोटे वन विकसित

संतोष कुमार यादव ने जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा, डीसी निशांत कुमार यादव व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ परियोजना को लेकर आपसी समन्वय से जुड़े कार्यों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने करीब 9000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ सर्विस लेन, जीएमडीए व अन्य एजेंसियों के ड्रेनेज सिस्टम आदि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी मोहम्मद शफी, प्रोजेक्ट के इंचार्ज आकाश पाधी, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त विजय यादव, जीएमडीए के एक्सईएन विक्रम सिंह, विकास, संबंधित विभागों के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# दुनिया का सबसे सुंदर और प्रेरणादायक ध्वज है तिरंगा: शील मधुर


गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन पूर्व डीजीपी शील मधुर, गुरुग्राम की सीपी कला रामचंद्रन व अन्य अतिथि।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर हर दिल तिरंगा अभियान की शुरुआत

**शनिवार** को यहां सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल में 77वां ऐतिहासिक राष्ट्रीय दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह में एनसीआर के फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, नारनौल नूंह, फिरोजपुर झिरका और पानीपत से आए सेंकड़ों लोगों ने राष्ट्र ध्वज पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। तिरंगा दिवस की बधाइयां दी। कार्यक्रम में पहुंचे आम और खास लोगों ने पूर्व डीजीपी शील मधुर के आह्वान पर सरकार से 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करने की मांग का समर्थन किया।

इस कार्यक्रम में गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर कला रामचंद्रन, पूर्व संपादक राजकुमार सिंह, स्टेट ह्यूमन राइट कमिशन के पूर्व मेंबर जेएस अहलावत, कुलपति डॉ. अशोक दिवाकर, हास्य कवि हलचल हरियाणवी, उपभोक्ता कोर्ट के मेंबर व साहित्यकार मुकेश शर्मा ने शिरकत की और राष्ट्र ध्वज को नमन किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व डीजीपी शील मधुर ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारे लिए बड़ा हर्ष का विषय है कि आज हम राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने राष्ट्रध्वज के तीनो रंगो और अशोक चक्र पर प्रकाश डालते हुए इसे पूरे विश्व का सबसे सुंदर और प्रेरणादायक राष्ट्र ध्वज करार दिया। उन्होंने तिरंगे की प्रेरणा और जज्बात को हर व्यक्ति में समाहित करने के लिए हर दिल तिरंगा अभियान की शुरुआत की। साथ ही तिरंगा समर्थकों को जय हिंद के साथ जय तिरंगा का नया नारा दिया। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्र ध्वज के रखरखाव के लिए जागरूक करते हुए कहा कि वह अपनी टीम के साथ पिछले लगभग 3 वर्षों से सादर इंडिया के बैनर तले राष्ट्र ध्वज दिवस घोषित कराने की मुहिम चलाए हुए हैं। उन्होंने वर्ष 2021 में जंतर-मंतर और लाल किला पर भी यात्राएं निकाली। जिसे लाखों लोगों का जन समर्थन प्राप्त हुआ। उनके द्वारा शुरू की गई हर-हर तिरंगा, घर-घर तिरंगा मुहिम को सरकार की ओर से 15 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा के रूप में अपनाया गया। शील मधुर ने उपस्थित लोगों से अपने घर में परिवार के साथ राष्ट्रध्वज का जन्म दिवस मनाने का भी आह्वान किया। हास्य कवि आलोक भांडोरिया ने संचालन किया। कार्यक्रम में शम्मी अहलावत, ओपी मेहरा, शमशेर डागर, जफरुद्दीन, असलम गोरवाल, ओके मिश्रा, एएस मिश्रा, छोटे लाल, सादर इंडिया, तिरंगा सेना सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक वर्ग के लिए मोदी सरकार में शुरू हुई कई कल्याणकारी योजनाएं: नवीन गोयल

### गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंह सभा में हुआ कार्यक्रम

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह ने भी की शिरकत


गुरुग्राम स्थित गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंह सभा में एक बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह को पौधा भेंट करके स्वागत करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**शनिवार** शाम को यहां गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंह सभा में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा की अध्यक्षता में आयोजित हम एक हैं बैठक हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने भी शिरकत की। नवीन गोयल ने अध्यक्ष इकबाल सिंह का पौधा देकर सम्मान किया। इस बैठक में अल्पसंख्यक वर्ग को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष इकबाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए जितने कार्य किए हैं, इतने काम अब से पहले कभी नहीं हुए। सरकार अल्पसंख्यकों की शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में योजनाओं को शुरू करके उनकी भलाई के काम कर रही है। इस दौरान गुरु साहिब के आगे माथा टेक सरबत के भले की अरदास की। इस अवसर पर शेरदिल सिंह संधू अध्यक्ष, गुरुद्वारा साहिब, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसमल संधू, उपाध्यक्ष कमलजीत सिंह व अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने अल्पसंख्यक वर्ग के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं चलाकर उनका उत्थान किया है। अल्पसंख्यक समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जाती हैं। इसी में से एक छात्रवृत्ति योजना है। यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए है जो आर्थिक संकट के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे और अपने सपनों को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी वर्ग को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है।

शिक्षा के माध्यम से हम अपने वर्ग का उत्थान कर सकते हैं। शिक्षा हमें लड़ना नहीं आगे बढ़ना सिखाती है। उन्होंने कहा कि सिखों का देश के इतिहास में अहम स्थान है। इनके समर्पण और सेवा भावना की मिसाल कहीं और नहीं मिलती। गुरू नानक देव जी, गुरू अंगद देव जी, गुरू अमरदास जी, गुरू रामदास जी, गुरू अर्जुन देव, गुरू हरि गोबिंद जी, गुरू हरिराय जी, गुरू हरिकृष्ण, गुरू तेग बहादुर, गुरू गोबिंद सिंह जी ने इंसानियत का पाठ पढ़ाते हुए समाज की समर्पण भाव से सेवा की सीख दी।

## रंजिश में कोर्ट जाने वाले पर जान लेवा हमला

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सिलानी निवासी पर दो गाड़ियों में सवार होकर आए युवकों ने जमीनी विवाद में रंजिश रखते हुए जान लेवा हमला किया। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर हथौड़ाए सरिया व बंदूक की बैट से हमला करते हुए हाथ तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिलानी निवासी प्रेमपाल ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को अपनी बाइक पर सवार होकर सोहना जा रहा था। उसे आज वकील से मिलना था। क्योकि उसके जीतू व ओमप्रकाश के खिलाफ 2.3 केस चल रहे है। प्रेमप्रकाश ने बताया कि पलवल मार्ग पर बोम्बे हाइवे के फ्लाइओवर के निकट जीतू ने उसकी बाइक में गाड़ी उसके आगे लगा दिया। वह गिरता हुआ बच गया। तभी एक गाड़ी और आ गई तथा उसमें से जीतू के इशारे पर 4 लोग नीचे उतरे। जिन्होने अपने हाथों में हथौड़ा व सरियां ली हुई थी। एक ने बंदूक ले रखी थी। सभी ने उसके ऊपर जान लेवा हमला कर दिया।

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**केंद्रीय** राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज देश की युवा पीढ़ी अमृत पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। आजादी के बाद देश के 75 वर्ष की स्वणिज़्म यात्रा रही है व आने वाले 25 वर्ष जो भारत का अमृतकाल है, जो आपका भी अमृतकाल है। ऐसे समय में आपकी अमृत पीढ़ी ही आने वाले 25 वर्षों में देश को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी व भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाएगी। वे शनिवार को सेक्टर-44 स्थित अपेरल हाउस में भारत सरकार के मिशन मोड रिक्रूटमेंट अभियान के तहत आयोजित पीएम रोजगार मेले में कही।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ही गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहे नियुक्तियों को संबोधित किया। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम आयकर विभाग की ओर से आयोजित किया गया था। केंद्रीय राज्यमंत्री ने पीएम रोजगार मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राष्ट्र को चलाने के लिए जो ऊर्जा सबसे अहम होती है, वो ऊर्जा है युवा। अभी आप उम्र के जिस पड़ाव पर है, वहां एक जोश होता है, जुनून होता है। आपके बहुत सारे सपने होते हैं। और जब सपने संकल्प बन जाएं तो निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में कोई भी बाधा आपकी राह नही रोक सकती। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं के लिए ये समय नए अवसरों का समय है। मेक इन इंडिया अभियान के सुखद परिणाम अब आने लगे हैं। पूवज़् में हमारे देश की युवा शक्ति उच्च शिक्षा के बाद रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए विदेश का रुख रही थी। आज वही युवा शक्ति पुन: देश की ओर लौट रही है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की जो सुखद यात्रा शुरू हुई थी उसका आज सातवां पड़वा है। आज देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 45 स्थानों पर 70 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न गणमान्य द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपें जाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम रोजगार मेला अभियान के तहत इस वर्ष के अंत तक 10 लाख लोगों को सरकारी सेवाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में अनेक अधिकारी मौजूद रहे।


गुरुग्राम स्थित अपैरल हाउस में युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

# भारत में कानूनी पेशे की मांग लगातार बढ़ रही है : चीफ जस्टिस

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**जस्टिस** दीपक मिश्रा ने कहा कि भारत में कानूनी पेशे की मांग लगातार बढ़ रही है। जीडी गोयंका युनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ छात्रों को रोचक गतिविधि.आधारित शिक्षा के माध्यम से खास पेशेवर पहचान बनाने में योगदान देता है। शनिवार को जीडी गोयंका युनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ ने अपने परिसर में किया गोपी राम गोयंका मूट कोर्ट हॉल का उद्घाटन किया।

शनिवार को जीडी गोयंका युनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ ने आज युनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान नई सुविधा गोपी राम गोयंका मूट कोर्ट हॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारत के पूर्व चीफ़ जस्टिस माननीय जस्टिस दीपक मिश्रा तथा अन्य गणमान्य दिग्गज. सीनियर एडवोकेट डॉ. मिस पिंकी आनंदए साइबर लॉ एक्सपर्ट ;डॉद्ध पवन दुग्गल और एण्सीण् खेरए पूर्व डीआईजी तिहाड़ जेल और एओआरए सर्वोच्च न्यायालय मौजूद रहे। कार्यक्रम का निर्देशन श्री रेनु गोयंकाए माननीय चांसलरए जीडी गोयंका युनिवर्सिटी द्वारा किया गया। गोपी राम गोयंका मूट कोर्ट हॉल कानूनी शिक्षा में स्कूल ऑफ लॉ की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है तथा लॉ की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए उल्लेखनीय मंच की भूमिका निभाता है। सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस हॉल में 200 छात्रों के बैठने की व्यवस्था है। हॉल को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह अंडरग्रेजुएट छात्रों को मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं की तैयारीए अभ्यास एवं प्रस्तुति के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएगा। गोपी राम गोयंका मूट कोर्ट हॉल में किया जाएगा। इसके अलावा हॉल में कई राष्ट्रीय स्तर की कई मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं भी होंगी। ऐसे में यह हॉल संस्थान के महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण आयोजन स्थल की भूमिका निभाएगा। उद्घाटन समारोहह के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए जस्टिस दीपक मिश्रा ने कहा कि भारत में कानूनी पेशे की मांग लगातार बढ़ रही है और उन्होंने जीडी गोयंका यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ की सराहना की जो लॉ के छात्रों को रोचक गतिविधि आधारित शिक्षा के माध्यम से खास पेशेवर पहचान बनाने में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित मूट कोर्ट हॉल छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत की भूमिका निभाएगाए उन्हें लीगर करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम बनाएगा।

ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टरए निपुण गोयंका ने कहाए ष्जीडी गोयंका युनिवर्सिटी में स्कूल ऑफलॉ हमेशा से छात्रों को लर्निंग का अनुकूल एवं व्यापक माहौल उपलब्ध कराने में अग्रणी रहा है तथा छात्रों को समाज के प्रति ज़िम्मेदार एवं सक्षम लीगल प्रोफेशनल के रूप में विकसित करता है। गोपी राम गोयंका मूट कोर्ट हॉल इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैए छात्रों को अकादमिक एवं पेशेवर विकास के लिए बेजोड़ संसाधन एवं अवसर प्रदान करेगा। जीडी गोयंका यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट, फैकल्टी एवं छात्रों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी उपस्थितगणों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनकी मौजूदगी के चलते गोपी राम गोयंका मूट कोर्ट हॉल का उद्घाटन जबरदस्त सफल रहा।


जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में जस्टिस दीपक मिश्रा मूट कोर्ट का उद्घाटन करते हुए

## परिवार से लेकर देश तक को मजबूत बनाती हैं महिलाएं



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के चुनाव में ताल ठोंकने को तैयार अग्रवाल समाज की जिला महा मंत्री आशा गगन गोयल ने क्षेत्र की महिलाओं के साथ बैठक करके उनसे मन की बात की। साथ ही चुनावों में उनका पूर्ण समर्थन मांगा। महिलाओं के मुद्दों को उठाकर उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। आशा गगन गोयल ने कहा कि महिलाएं परिवार बनाती हैं। परिवार घर बनाता है। घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है। यानी महिलाएं परिवार से लेकर देश तक को मजबूत बनाती हैं। महिलाओं का योगदान हर जगह पर है। महिलाओं की क्षमता को नजरअंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। महिलाओं की भागीदारी जरूरी है।

# आश्रम हरि मंदिर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचे कार्यकर्ता: सत्यप्रकाश जरावता

### आश्रम हरि मंदिर में पटौदी विधानसभा के पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आज

### प्रभारी बिप्लब कुमार देब के स्वागत के लिए तैयार नवाब की नगरी पटौदी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम के सेक्टर-84 में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**नवाब** की नगरी पटौदी में कल रविवार 23 जुलाई को हो रहा पन्ना प्रमुख सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। पटौदी विधानसभा का यह पन्ना प्रमुख सम्मेलन पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर में होगा, जिसकी अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ करेंगे। सम्मेलन में हरियाणा प्रभी बिप्लब कुमार देब समेत अनेक वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे।

इस सम्मेलन के संयोजक पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सेक्टर-84 में पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव के कार्यालय पर मानेसर क्षेत्र गांवों व शहरी क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि पटौदी के आश्रम हरि मंदिर में होने जा रहे पन्ना प्रमुख सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रभारी बिप्लब कुमार देब, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ समेत अनेक वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। बैठक में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने विधायक को आश्वस्त किया कि अच्छी-खासी संख्या में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस अवसर पर जिला विस्तारक सतबीर, पंचायत राज प्रकोष्ठ गुरुग्राम के जिला सह-संयोजक नीरज मोत्सरा, लक्ष्मण यादव सरपंच नखडोला, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, दयाराम चेयरमैन, सुनील पंडित ढाणा, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, कासा बेला सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर सिंह, लाइफ स्टाइल के प्रधान अमरेश मिश्रा, कोरलवुड के प्रधान पूर्ण सिंह, माउंट विला सोसायटी के प्रधान धीरेंद्र सिंह, मैपस्को पैराडाइज से सतबीर भाखड़, बेस्टेक ग्रैंड स्पा के प्रधान अशोक कुमार, बेस्टेक संस्कृति से पवन यादव, स्पेज-84 से संदीप, एनटीएच-86 से सौरव विपुल, लवण्या-81 से धींगड़ा, पी-ब्लॉक सेक्टर-84 से प्रधान अमरनाथ चौहान, जुगप्रकाश, पिरामीड-86 से संदीप यादव, सिग्नेचर विला से संजय यादव, उमंग विंटर हिल्स के प्रधान रजनीश सचदेवा के साथ सोसायटी के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। गांव सिकन्दरपुर बढ़ा के बूथ नंबर-126/127/128/129/130 के सभी पन्ना प्रमुख मौजूद रहे।

## डिपो होल्डर द्वारा कम राशन देने का आरोप, डीएफएसओ को दी शिकायत

**पुन्हाना।** पुन्हाना उपमंडल के बीसरू गांव में डिपो होल्डर द्वारा कम राशन देने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी सहित नूंह जिला उपायुक्त से की है। ग्रामीणों का आरोप है कि डिपो होल्डर उन्हें कम राशन तो देता है तथा राशन में आने वाली चीनी को भी कभी कभार देता है वो भी सरकारी दाम से अधिक दाम पर देता है। बीसरू गांव निवासी असलम, साकिर, तनवीर, नईम, दिलशाद, इरफान, मोईन, शहजाद, इखलास आदि लोगों ने बताया कि उनके गांव की डीपो होल्डर आरिफ माह मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद प्रति यूनिट एक किलो कम गेंहू देता है। इसके अलावा कभी कभार ही चीनी देता हैं वो भी सरकारी रेट से अधिक दाम पर। डिपो होल्डर राशन की उन्हें रशीद तक नहीं देता और महिलाओं के साथ बदतमीजी के साथ पेश आता है। हर वर्ष तीन बार मशीन में अंगूठा लगवाकर राशन देता ही नहीं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है अनपढ़ लोगों से कार्ड बनवाने के नाम पर रुपये वसूले हैं।

# बाढ़ के पानी को रोकने के लिए पानी में दिन-रात डटे हैं डेरा के सेवादार

### आबादी एरिया में पानी न घुसे, इसको लेकर बांध बनाने और मजबूती देने में जुटे सेवादार

**प्रवीन शर्मा। सिरसा**


घग्गर में बढ़े पानी से बचाव के लिए बांध बनाते डेरा सच्चा सौदा के सेवादार।

**जिले** में घग्गर का जलस्तर कम होने का नाम नहीं ले रहा है और लगातार बढ़ता जलस्तर जिले में तबाही मचा रहा है। वहीं दूसरी ओर डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार बाढ़ से उत्पन्न हुए हालात से निपटने में प्रशासन व ग्रामीणों के साथ डटे हैं।

करीब सप्ताह भर से सेवादार चट्टान की भांति बढ़ते जलस्तर को आबादी क्षेत्र में घुसने से रोकने के लिए सिरसा में अलग-अलग स्थानों पर घग्गर के टूट रहे तटबंधों को बांधने और उनको मजबूत करने के लिए मोर्चा संभाले हुए है। शनिवार को शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादारों ने पंजाब क्षेत्र से सटे गांव रंगा, मत्तड़, मलेवाला व पुरानी चामल में सेवा कार्य चलाया। गांव रंगा व मत्तड़ में सेवादारों की ओर से घग्गर के तटबंधों को मिट्टी से भरे थैलों की भरत डालकर ग्रामीणों व प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मजबूत किया। वहीं पुरानी चामल में रत्ताखेड़ा साइफन पर बनाया गया अस्थायी बांध शुक्रवार रात्रि को पानी बढ़ने से टूट गया, जिसको दोबारा बांधने में शनिवार को भी सेवादार लगे रहे। इसके अलावा मलेवाला में शनिवार सुबह घग्गर के मुख्य तटबंधों में आई दरार को भरने के लिए ग्रामीणों की मदद की गई।

**बाढ़ पीड़ितों के भोजन की भी कर रहे हैं व्यवस्था :** खास बात यह है कि बाढ़ प्रभावितों की मदद करने में जुटे डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार खुद का खर्चा कर खुद के वाहनों से बाढ़ प्रभावितों के पास पहुंचते है। इतना ही नहीं सेवादार अपने खाने-पीने सहित सभी खाद्य सामग्री व बाढ़ राहत कार्य के औजार भी अपने साथ लेकर पहुंच रहे है। साथ ही सेवादार बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के ग्रामीणों को खाद्य सामग्री, पैकेट भोजन, जरूरी दवाइयां सहित अन्य जरूरी वस्तुएं पहुंचा रहे है। सेवादारों के सेवा के जज्बे को देखकर क्या प्रशासन, क्या राजनेता, क्या ग्रामीण, सब हैरान हैं। शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादार प्रशासन के आह्वान पर रोजाना बाढ़ पीड़ितों व रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे लोगों के लिए लंगर-भोजन की व्यवस्था की जा रही है। 85 मेंबर जीत बजाज इन्सां ने बताया कि शाह मस्ताना जी धाम में सुबह-शाम पीड़ितों के लिए लंगर-भोजन तैयार किया जाता है। सेवादारों द्वारा 200 से अधिक लोगों के लिए पंचायत भवन में भोजन के पैकेट हर रोज सुबह शाम भेजे जा रहे हैं और लोगों की सेवा की जा रही है।

# मारुति सुजुकी ने कौशल विश्वविद्यालय के 13 विद्यार्थियों को दिए जॉब ऑफर लैटर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि उत्पाद को बेचने की कला उद्यमी का सबसे बड़ा गुण होता है। ऑन द जॉब ट्रेनिंग से हमारे विद्यार्थी इस कला में माहिर होते जा रहे हैं। वे बीबीए रिटेल के विद्यार्थियों को जॉब ऑफर लैटर वितरित करने के लिए आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर इंडस्ट्री पार्टनर मारुति सुजुकी के अधिकारियों की मौजूदगी में छह विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवार्ड भी प्रदान किए गए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें खुद को तराशकर और एडवांस होना होगा। विद्यार्थी अपने बोलने की कला और संचार की बारीकियों के साथ-साथ मोल भाव के तौर तरीकों को विकसित करें। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विक्रेता की भूमिका बहुत चुनौतीपूर्ण है। अच्छे विक्रेता के कारण कंपनी अपना विकास करती है। जिसके पास अच्छे विक्रेता हों, उसकी उन्नति को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने मारुति सुजुकी के अधिकारियों को विद्यार्थियों की सफल ऑन द जॉब ट्रेनिंग के लिए बधाई दी।

मारुति के डीजीएम सेल्स कुलविंद्र सिंह चड्ढा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का अर्न व्हाइल लर्न



मॉडल सबसे अनोखा है। विद्यार्थी सीख भी रहे हैं और कमा भी रहे हैं। इसके दोहरे फायदे हैं, इंडस्ट्री को प्रशिक्षित मानव संसाधन मुहैया हो रहे हैं। चड्ढा ने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में करियर की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को कुशल बनाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने ऑन द जॉब ट्रेनिंग की शानदार पहल की है। मारुति के एजीएम गुरदीप सिंह लुबाना ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऑन द जॉब ट्रेनिंग के दौरान बेहतरीन काम किया है। मारुति सुजुकी इन विद्यार्थियों के काम से प्रभावित है। इसीलिए 13 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर लैटर दिए जा रहे हैं।

मारुति सुजुकी के वाइस प्रेजिडेंट संजीव सिन्हा ने बीबीए रिटेल को सफल प्रोग्राम बताते हुए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कोर्स की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को सफल करियर के लिए बधाई भी दी। इससे पूर्व विश्वविद्यालय की डीन प्रो. प्रिया सोमैया ने विवि परिसर पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इंडस्ट्री इंटीग्रेशन के संयुक्त निदेशक विनीत सूरी ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। उप निदेशक वैशाली माहेश्वरी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर मारुति सुजुकी की ओर से चिन्मय पामेचा, गुरुसिमरन सिंह वालिया, विश्वविद्यालय के डिप्टी प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. विकास भदौरिया, डिप्टी डायरेक्ट इंडस्ट्री इंटीग्रेशन अमीष अमैया और एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास मिश्र भी उपस्थित थे।

# आपदा से दिव्यांग हुए लोगों को मिलेगी ढाई लाख तक की आर्थिक सहायता : मक्कड़

## पलवल के विश्रामगृह में दिव्यांगों के राज्य आयुक्त ने खुला दरबार लगाकर सुनीं दिव्यांगों की समस्या

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



राजकुमार मक्कड़ का स्वागत करते दिव्यांगजन।

**हरियाणा** के दिव्यांगों के राज्य आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने पलवल लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में जिले के दिव्यांगों के लिए खुला दरबार का आयोजन किया। राजकुमार मक्कड़ ने दिव्यांगजनों की समस्याओं को सुना और उनका निदान करने के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य आयुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को उनके अधिकार दिलवाने के लिए संकल्पबद्ध है। इसके लिए जरूरी है कि सभी दिव्यांग अपना यूडीआईडी कार्ड अवश्य बनवाएं।

उन्होंने कहा कि पर्सस विद डिसेबिलिटी एक्ट-1995 के तहत दिव्यांगजनों के लिए नौकरियों में भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान दिया गया है। बाढ़ के कारण प्रदेश का काफी क्षेत्र प्रभावित रहा है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण जो लोग दिव्यांग बन गए हैं, जिनकी दिव्यांग 40 से 70 प्रतिशत है, उन्हें सरकार द्वारा 74 हजार रुपए और 70 से 100 प्रतिशत दिव्यांगजनों को 2 लाख 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की गई है।

हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार प्रदान करने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। जिसके अंतर्गत 100 प्राइवेट कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया गया है। जिनमें गुरूग्राम, फरीदाबाद, अंबाला, करनाल, हिसार सहित अन्य जिलों में दो हजार दिव्यांगजनों को नौकरी प्रदान की गई है। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को सरकारी विभागों में नौकरी प्रदान करने के लिए बैकलॉग की गणना करके रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। दिव्यांगजनों को समर्थ बनाने के लिए ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। दिव्यांगजनों को स्वरोजगार करने के लिए सरकार द्वारा 140 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें 70 करोड़ रूपए सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक को दिए गए हैं और 70 करोड़ रुपए हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं कमजोर वर्ग कल्याण निगम को दिया गया है। डेढ़ लाख रुपए के ऋण पर किसी प्रकार की कोई गारंटी की आवश्यकता नहीं है। हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगों को 50 लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान दिया गया है। दिव्यांग को पेंशन प्रदान करने के लिए सरकार ने ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिव्यांगजन का यूडीआईडी कार्ड बनने के बाद कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड को फैमली आईडी से जोड़ने के बाद पेंशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो लाख पांच हजार 336 दिव्यांगजन को पेंशन प्रदान की जा रही है।

सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को शिक्षा और खेलों में बढ़ावा दिया जा रहा है। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए जा रहे हैं। पलवल जिले में दिव्यांगों के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

## युवकों ने अपहरण कर पीटकर मारा था

**धतीर** गांव में युवती से प्रेम प्रसंग के चलते 14 जुलाई को कुछ युवकों ने एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी थी। गदपुरी थाना में दर्ज इस केस की जांच सीआईए को सौंपी गई थी। सीआईए ने मुख्य सोनू उर्फ सुच्चा को जैदापुर गांव के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके फरार साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

डीएसपी जाकिर हुसैन ने बताया कि 15 जुलाई को धतीर गांव निवासी अर्जुन ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 14 जुलाई को उसे पता चला कि उसके 27 वर्षीय भाई निखिल को दो कारों में सवार होकर आए एक दर्जन युवक अपहरण कर किशोरपुर गांव ले गए हैं। किशोरपुर गांव के निकट आरोपियों ने उसके भाई को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट-पीटकर खेतों में डालकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए और निखिल घायल अवस्था में पड़ा हुआ पाया, जिसे लेकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने किशोरपुर गांव निवासी समय, जुगन, सोनू, ऋषि व धतीर गांव निवासी सौरव व गौरव सहित 10-12 युवकों ने पीटने का आरोप लगाया था।

गदपुरी थाना पुलिस ने मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर सभी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी लोकेंद्र सिंह ने जांच सीआईए को सौंप दी थी। साआईए प्रभारी मोहम्मद इलियास की टीम ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी सोनू उर्फ सुच्चा को जैंदापुर गांव के निकट से गिरफ्तार कर लिया। निखिल का एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था और इस के चलते उसकी हत्या हुई है।

# शुभम बीसला को विपुल गोयल व टेकचंद शर्मा ने दी बधाई



**फरीदाबाद।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन द्वारा कोरिया में आयोजित जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में फरीदाबाद के शुभम बीसला ने शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व स्तर पर हरियाणा प्रदेश और फरीदाबाद क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिस पर गांव दयालपुर के लोगों ने गांव में स्वागत समारोह का आयोजन किया हुआ था। जहां पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के अलावा पृथला से पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा भी बधाई देने के लिए पहुंचे। इस मौके पर विपुल गोयल ने गांव दयालपुर और क्षेत्र के सभी लोगों को स्वर्ण पदक लाने की बधाई दी व विजेता शुभम बीसला को फूल मालाओं के साथ शॉल ओढाकर सम्मानित करते हुए भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनायें दीं और कहा कि सही मायने में आज हर फरीदाबाद और प्रदेशवासी के लिए बड़े गर्व की बात है कि हरियाणा की झोली में एक और स्वर्ण पदक आया है। विपुल गोयल ने कहा कि एक कृषि प्रधान राज्य से खेलों का शहंशाह बनने तक का हरियाणा का सफर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हमारे हरियाणा प्रदेश ने तय किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 2014 में जब से प्रदेश ओर देश की कमान संभाली है, तब से प्रदेश में नई खेल नीति लागू की है, तब से खिलाड़ियों में मनोबल बढ़ा है।

# रेडियो के माध्यम से बताए यातायात के नियम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक अमित यशवर्धन द्वारा अपनी टीम के साथ मानव रचना इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बच्चों को यातायात नियमों, नशा के प्रति जागरुक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। इस प्रोग्राम में यूनिवर्सिटी की तरफ से स्टुडेंट वैलफेयर की डीन गुरुजीत कौर, रजिस्टार रमेंश कुमार अरोड़ा तथा स्टाफ के साथ बच्चों ने भाग लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एसएचओ साइबर एनआईटी बसंत व टाआई राजेंद्र और उनकी टीम के साथ रेडियो मानव रचना स्टूडियो में मौजूद थे। मानव रचना इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कैंपस में करीब 400 बच्चों को यातायात नियमों, नशा और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि बच्चे कम उम्र में ही वाहन चलाते हैं, जोकि गैर कानूनी है। हमें बिना लाइसेंस कोई मोटर वाहन नहीं चलाना चाहिए। रोड पर निकलते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। रोड पर चलते समय हमें अपनी लाइन में चलना चाहिए। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व गाड़ी चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करना



अनिवार्य है। रोड पर रेड लाइट तथा रोड पर लगे स्पीड सिग्नल का ध्यान से पालन करना चाहिए। बच्चों को साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि आजकल के डिजिटल युग में साइबर ठग धोखाधड़ी करने के नए-नए तरीके ढूंढते रहते हैं और भोले-भाले लोगों को लालच देकर ठगने का काम करते है। जिसमें मुख्यत: लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाना, बीमा पॉलिसी अपडेट, केवाईसी, आधार कार्ड अपडेट तथा लॉटरी इत्यादि शामिल है। हमें बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड या एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी कोड, एक्सपायरी डेट, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर इत्यादि की जानकारी किसी को भी नहीं देनी चाहिए। इसीलिए इससे बचने का सबसे आसान तरीका है कि अपने अकाउंट संबंधित कोई भी जानकारी न ही किसी को फोन पर दें और न ही किसी के फोन करने पर किसी भी वेबसाइट पर डालें। इस प्रोग्राम के सवाल जवाब को रिकॉर्ड किया गया है, ताकि लोगों को जागरुक करने के लिए रेडियो मानव रचना 107.8 चैनल पर चलाया जा सके।

पुलिस टीम ने नशे से बचने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि नशा किसी भी अपराध का प्राथमिक कारण होता है। जो व्यक्ति नशे के चंगुल में फंस जाता है, उसे नशा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है। पैसे न होने पर नवयुवक चोरी, लूट, डकैती इत्यादि वारदातों को अंजाम देते है। जब व्यक्ति लूट या डकैती की वारदात को अंजाम दे देता है तो वह इस प्रकार की वारदातों में लगातार शामिल रहने लगता है। यह नशे के दुष्परिणाम हैं, जिसके चलते इंसान की जिंदगी तबाह हो जाती है। इसके साथ ही परिवार में भी बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। उनके घर में लड़ाई झगड़ा रहने लगता है और उसके परिजन घरेलू हिंसा के शिकार होते हैं। इसके साथ ही अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम ने आमजन को नाटक के माध्यम से जागरूक किया।

# एकॉर्ड अस्पताल में 103 वर्षीय बुजुर्ग मरीज की हुई सफल हिप सर्जरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में 103 वर्षीय बुजुर्ग की सफल हिप सर्जरी की गई है। सर्जरी के बाद फिर से अपने पैरों पर चलने लगा है। इस दौरान मरीज ने ऑपरेशन टीम का आभार व्यक्त किया है। इस सफल ऑपरेशन को आर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार, डॉ. नमन गोयल की टीम ने अंजाम दिया है।

शहर के वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. युवराज कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिला निवासी 103 वर्षीय नोरबत राम शर्मा का तीन जुलाई को घर पर गिरने से के दाहिने कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। परिवार ने कभी नहीं सोचा था कि वह फिर से अपने पैरों पर खड़े हो पाएंगे, क्योंकि उम्र ज्यादा होने के कारण एनिस्थिसिया देने पर जान जाने



का खतरा अधिक था। ऐसे में वहां के अस्पताल मरीज को भर्ती करने से कतरा रहे थे। क्योंकि उम्र के कारण सर्जरी से जुड़े जोखिम ज्यादा थे। लेकिन एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स सर्जनों ने उन्हें उम्मीद दी। एनेस्थीसिया विभाग के एचओडी डॉ. अमित कोचर द्वारा जांच और प्री-एनेस्थीसिया वर्कअप के बाद, हिप फ्रैक्चर के सर्जिकल फिक्सेशन के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया, क्योंकि ऑपरेशन के बिना मरीज जीवन भर के लिए बिस्तर पर पड़ा रह सकता था। डॉ. युवराज और डॉ. नमन गोयल की टीम ने मरीज का ऑपरेशन शुरू किया और 40 मिनट से भी कम समय में इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया।

ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ. नमन गोयल ने कहा कि अगर इतने बुजुर्ग मरीजों का समय पर ऑपरेशन नहीं किया जाता है, तो यह उन्हें गतिहीन बना देगा। उन्होंने आगे कहा उम्र सिर्फ एक संख्या है, क्योंकि नोरबत राम शर्मा जैसे मरीजों का अस्पताल में पूर्ण इलाज उपलब्ध है।

डॉ. युवराज ने कहा कि हिप फ्रैक्चर बुजुर्गों में एक बहुत ही कॉमन समस्या है। उनके लिए आज अस्पताल में बेहोशी के विशेषज्ञ डॉक्टर, आधुनिक तकनिक और दवा की वजह से उनका इलाज संभव हो पा रहा है। मरीज जल्दी स्वस्थ होकर अपने दैनिक कार्यो को पहले की तरह कर पा रहे हैं।

## आज होगी जिलास्तरीय योगासान प्रतियोगिता

**पलवल।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व जिला योगासन नर्सरी के संयुक्त तत्वावधान में गांव सीहोल की दादा बगीची वाले मंदिर पर श्रावण मास के उपलक्ष्य में जिला ग्रामीण इंटर सेंटर योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 23 जुलाई को गुरमेश सिंह के सानिध्य में किया जाएगा। कार्यक्रम रतन सिंह मैनेजर की अध्यक्षता तथा सुखबीर सिंह के संयोजन में किया जाएगा। विजेता खिलाड़ियों को वैदिक और साहित्य के साथ सत्य सनातन भारत संस्कृति से ओतप्रोत हनुमान चालीसा, सुंदरकांड सहित साहित्य वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में योग गुरु प्रताप सिंह डागर का आशीर्वाद प्राप्त होगा। निर्णायक मंडल राजबाला योगा कोच होंगी तथा प्रतियोगिता के आयु वर्ग पांच से आठ, आठ से 12 , 12 से 15, 15 से 18, 18 से 21, 21 से 24, 24 से 30 तक खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के नियम निर्णयकों का निर्णय मान्य होगा।

# योग्य मैंटर युवाओं के लिये बन सकता है मार्गदर्शक : जेपी मल्होत्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वर्तमान** परिवेश में जबकि युवा उद्यमियों के समक्ष विशेषज्ञता और सामान्य ज्ञान को लेकर एक बड़ी खाई है, ऐसे में एक योग्य मैंटर युवा वर्ग के लिये एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन सकता है। यही नहीं यह मैंटर उद्यमियों को सामान्य ज्ञान से आगे विशेषज्ञता की श्रेणी में ला सकता है और उसके ज्ञान से युवा वर्ग को जहां नये आईडियाज तो मिलेंगे ही वहीं नये अवसर भी सामने आएंगे।

भारतीय युवाशक्ति ट्रस्ट फरीदाबाद के चेयरमैन जेपी मल्होत्रा ने कहा कि एक मैंटर वास्तव में अपने मैटी को व्यावसायिक उन्नति में ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत मामलों में भी काफी महत्वपूर्ण सुझाव व दिशा निर्देश दे सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि जहां मैंटर अपनी पूरी क्षमता व संपूर्ण भाव के साथ मैटी का मार्गदर्शन करे, वहीं मैटी भी पूर्ण विश्वास के साथ उसे कार्यअमल में



लाए। श्री मल्होत्रा ने कहा कि कॉलेजों में युवा अपने मैंटर्स के प्रति जिस प्रकार समर्पित रहते हैं और मैंटर्स से उन्हें अनुभव व ज्ञान मिलता है, वह वास्तव में ऐसा बेहतरीन उदाहरण है, जिससे मैंटर व मैटी के संबंधों को समझा जा सकता है। श्री मल्होत्रा के अनुसार कॉलेजों में केवल किताबी ज्ञान के अतिरिक्त युवा काफी कुछ सीखता है, जो बाद में प्रत्येक क्षेत्र में उसके काम आता है। उन्होंने विशेषज्ञता पर बल देते हुए कहा कि युवा को अपने चुने क्षेत्र में जानकारी होना आवश्ययक है।

# संक्षिप्त समाचार

## नीमा के डॉक्टरों ने नवनियुक्त सीएमओ का स्वागत किया



**पलवल।** आयुष डॉक्टरों की संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा नवनियुक्त सीएमओ डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग को एक पौधा व भगवान शिव और पार्वती की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया गया। बता दें कि सीएमओ डॉक्टर लोकवीर का तबादला पीएमओ के पद पर जिला सोनीपत नागरिक अस्पताल में हो गया है। उनकी जगह जिला नागरिक अस्पताल पलवल में डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग ने सीएमओ का पदभार संभाला है। नीमा पलवल के अध्यक्ष डॉ. जे पी पाराशर ने सीएमओ को आश्वासन दिया कि सरकारी परियोजनाओं में जहां भी जरूरत पड़ेगी, नीमा संस्था के सदस्य तन, मन, धन से सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक एवं पूर्व प्रधान डॉ. रमेश गर्ग, प्रधान डॉक्टर जेपी पाराशर, पूर्व उपप्रधान डॉ. ललित मोहन कालरा, पूर्व प्रधान डॉ. महेश कुमार, पूर्व वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. मनोज बंसल व सचिव डॉ. रूप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 31 जुलाई तक पंजीकरण करवाएं


**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि किसान अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर 31 जुलाई तक अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जरूर करवाएं। जिन किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण होगा, वही अपनी फसल को मार्केट कमेटी में बेच पाएंगे। किसान की फसल का ब्यौरा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकृत होने पर ही कृषि विभाग की विभिन्न स्कीमों जैसे भावांतर भरपाई योजना, मेरा पानी मेरी विरासत, इंपलीमेंट आदि का लाभ भी उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि ई-फसल क्षतिपूर्ति की सूचना देने के लिए भी मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर किसान की फसल का पंजीकरण अनिवार्य है। इस पोर्टल पर पंजीकरण कराना सभी किसानों के लिए बेहद जरूरी है। इस वर्ष से हरियाणा सरकार की ओर से फसल पंजीकरण करने वाले किसानो को सौ रुपए प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी तथा पंजीकृत किसानों को ड्रा द्वारा इनाम भी वितरित किए जाएंगे। उपायुक्त ने कृषि विभाग, सिचांई विभाग, जिला बागवानी विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी मेरी फसल-मेरा ब्यौरा के बारे में किसानों को जागरूक करें व इस कार्य को अभियान के रूप में लेकर शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## शिविर में विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी




**पलवल।** हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण तथा शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या आशा शर्मा द्वारा की गई, जबकि संचालन शिक्षा विभाग के लीगल लिटरेसी कोऑर्डिनेटर योगेश सौरोत तथा प्रवक्ता पुनीत मक्कड़ द्वारा किया गया। शिविर में प्रमुख वक्ता के तौर पर लीगल एड काउंसिल फूलवास व रिचा, चाइल्ड लाइन से रचना सौरोत, लीगल डिफेंस काउंसिल से पिंकी शर्मा कोऑर्डिनेटर, प्रदीप आदि के नेतृत्व में छात्राओं को विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन तथा उनसे संबंधित विभिन्न कानूनों तथा सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में अवगत कराया गया। फूलवास द्वारा बाल विवाह व घरेलू हिंसा में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न कानूनी सहायताओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। रिचा द्वारा कानून का पालन करने तथा अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का भी आह्वान किया गया। रचना सौरोत द्वारा बच्चों के अधिकारों, पॉक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच आदि विषयों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर हरीश चंद, सुभाष, डिगंबर, अनिल, नरेंद्र, अनुराधा, बबीता, आशिमा, ज्योति आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## आईटीआई में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



**पलवल।** देश में आईटीआई पलवल की बढ़ती हुई ग्रेडिंग को देखते हुए सरकार में केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान कोलकाता द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा के सरकारी आईटीआई के प्रशिक्षकों के लिए आईटीआई पलवल हरियाणा को चुना गया। इसमें राज्यभर के सरकारी आईटीआई के 22 प्रशिक्षकों ने भाग लिया था। कार्यक्रम का समन्वयन भगत सिंह सहायक निदेशक और संदीप कनिष्ठ सलाहकार, सीएसटीएआरआई कोलकाता के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया। प्रशिक्षक कौशल रोजगार योग्यता, शिक्षण विधियों, पाठ योजना और मूल्यांकन सहित कई विषयों को कवर करते हैं। प्रतिभागियों को गतिविधि सत्रों का अवलोकन करने और उनमें भाग लेने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से उन्हें अपने शिक्षण कौशल और ज्ञान को बेहतर बनाने में मदद मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि वे कार्यक्रम में प्राप्त कौशल और ज्ञान का उपयोग अपने संबंधित आईटीआई में प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए करेंगे।

## पैट्रोल पंप पर सेल्समैन को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-28 प्रभारी विष्णु मित्र ने अपनी टीम के साथ रात एक बजे हुई लूट के मामले में मौके से दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में निशांत और विपिन का नाम शामिल है। दोनों आरोपी दिल्ली के बदरपुर मीठापुर के रहने वाले हैं। पुलिस टीम को रात करीब एक बजे कंट्रोल रुम से पैट्रोल पंप के सेल्समैन से लूट की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पुलिस चौकी इंचार्ज विष्णु मित्र, बलराम और इमामुद्दीन की टीम गई। मौके पर पुलिस टीम ने दो आरोपियों को काबू कर लिया। अन्य आरोपी गाड़ी लेकर फरार हो गए। काबू आरोपियों की तलाशी लेने पर एक कंट्री मेड पिस्तौल बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में अवैध हथियार के बल पर स्नैचिंग की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी निशांत जिम ट्रेनर का काम करता है। आरोपी विपिन आवारा किस्म का व्यक्ति है। पिस्तौल आरोपी निशांत से बरामद हुई। आरोपी से पिस्तौल के संबंध में लाइसेंस मांगा तो वे पेश नहीं कर सके।

# अनियंत्रित ट्रक के मकान में घुसने से पिता और पुत्री सहित तीन लोगों की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर एक गांव में मकान में घुसे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक से कुचलकर पिता-पुत्री सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाना नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सत्एंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित सराय बहेलिया गांव निवासी अब्दुल जब्बार (60) शुक्रवार की रात अपनी पुत्री शाहीन बानो (27) और भाभी साफिया बानो (62) के साथ मकान के बरामदे में बैठा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर मकान में घुस जाने से तीनों कुचल गए। एसएचओ ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों को बाहर निकाल कर उपचार हेतु मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बाहर निकाल कर उपचार हेतु मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनो को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। क्रेन की मदद से ट्रक को थाना लाया गया और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसएचओ ने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्वाई की जा रही है।

# स्वच्छता मंदिर प्रबंधन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू: भागवत

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्वच्छ भारत अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि इसका मंदिरों पर भी बहुत प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मंदिर प्रबंधन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि मंदिर पवित्रता के प्रतीक हैं।

मोहन भागवत ने यहां रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन एवं एक्सपो-2023 का उद्घाटन करने के बाद कहा मंदिर प्रबंधन का एक बड़ा और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू स्वच्छता है क्योंकि मंदिर पवित्रता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान का मंदिरों पर भी बहुत प्रभाव पड़ा है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन के साथ हम इसे दुनिया के हर छोटे या बड़े मंदिर में गहरे स्तर पर हासिल करना चाहते हैं। कार्यक्रम के आयोजक गिरीश कुलकर्णी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 32 देशों और भारत के 350 मंदिरों के मुख्य कार्यकारी (सीईओ) और प्रबंधन से जुड़े प्रमुख भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय (22-24 जुलाई) सम्मेलन में कुल 16 सत्र होंगे, जिनमें सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, फण्ड मैनेजमेंट, निगरानी, मेडिकल पहल तथा लंगर जैसे विभिन्न विषयों पर व्याख्यान होंगे। भागवत ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "हमें मंदिर सेवा की विरासत को अगली पीढ़ी



तक पहुंचाने की जरूरत है, जिसके लिए मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र पर शिक्षा और जागरूकता महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर, हमें मंदिर प्रबंधन के हर पहलू को मजबूत करने की जरूरत है, चाहे वह स्वच्छता हो, सेवा हो या बुनियादी ढांचा...। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने आयोजन के लिए काशी को चुनने के फैसले की सराहना की। उन्होंने इसके महत्व और भारतीय आध्यात्मिकता और संस्कृति की चर्चा की। चौबे ने कहा कि "हमारी भारतीय संस्कृति सबसे पुरानी संस्कृति में से एक है और हमारे मंदिर केवल पूजा स्थल तक ही सीमित नहीं हैं, वे शैक्षिक, औषधीय और स्वास्थ्य के साथ-साथ कई अन्य मानवीय कारणों के लिए काम करते हैं। इसके अलावा, तीर्थ और मंदिर समग्र पर्यटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य प्रसाद लाड ने कहा, भारत में मंदिरों का इतिहास 5000 साल से अधिक पुराना है और हमारा धर्म इन वर्षों में मजबूत रहा है। उन्होंने कहा, "मंदिर में आने वाला हर भक्त एक इच्छा लेकर आता है, एक ऐसी इच्छा जो हमेशा सकारात्मक होती है। मंदिर में कोई भी बुरा नहीं चाहता है। वे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आते हैं" लाड ने कहा कि यह सम्मेलन भारत भर के मंदिरों को जोड़ने के साथ-साथ धर्म और समाज को जोड़ने का प्रयास है।

# सौ वर्ष पुराने वृक्षों को दिया जा रहा विरासत वृक्ष का दर्जा: योगी

**भाषा।** बिजनौर/लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ष पुराने वृक्षों को संरक्षित कर विरासत वृक्ष का दर्जा दिया जा रहा है। उन्होंने विदुर कुटी आश्रम, बिजनौर से वृक्षारोपण जन अभियान-2023 की शुरुआत की और गंगा नदी के किनारे कल्पवृक्ष का पौधा लगाया। इससे पहले, उन्होंने विदुर कुटी में राजकीय संस्कृत इंटर कॉलेज भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने 445 करोड़ रुपए मूल्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, सौ वर्ष पुराने वृक्षों को संरक्षित कर विरासत वृक्ष का दर्जा दिया जा रहा है। यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि 2023 के वृक्षारोपण महाअभियान को आगे बढ़ाने का अवसर मुझे इसी स्थान पर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में गंगा नदी विदुर कुटी तक बहती थी, अब फिर से उसे बैराज से यहां तक लाने की योजना बनाई



जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त के दिन प्रदेश में पांच करोड़ पौधारोपण करने की भी घोषणा की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, "हमारे लिए पर्यावरण की रक्षा आस्था का विषय है। हमारे पास प्राकृतिक संसाधन हैं, क्योंकि हमारी पिछली पीढ़ियों ने इन संसाधनों की रक्षा की। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी ऐसा करना चाहिए" उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को आत्मसात करते हुए आज पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ विषय पर प्रारंभ हो रहे वृक्षारोपण जन अभियान-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने आमजन से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में निवेश करने वालों को सुरक्षा प्रदान किया जाएगा।

# अवैध संबंधों से नाराज युवक ने मां के प्रेमी की हत्या की

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के सुबेहा थाना इलाके में एक युवक ने कथित तौर पर अपनी मां के अवैध संबंधों से नाराज होकर उसके प्रेमी की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हवेली वार्ड निवासी अवसाफ हुसैन (50) के उसी वार्ड के निवासी अशफाक (24) की मां से कथित रूप से अवैध संबंध थे। उन्होंने बताया कि अवसाफ हुसैन शुक्रवार की रात अशफाक के घर गया था, जहां अशफाक ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर सड़क पर छोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अवसाफ हुसैन को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी अशफाक को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। एएसपी ने बताया कि मामले में कार्वाई की जा रही है।

**अष्टधातु की मूर्ति बरामद, दो लोग गिरफ्तार:** बाराबंकी जिले के थाना कोठी पुलिस ने गोमती पुल के निकट अष्टधातु की मूर्ति बरामद करके दो लोगों को गिरफ्तार किया है।बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

## देवरिया में युवक की गोली मारकर हत्या

देवरिया। जिले में बनकटा थाना क्षेत्र में शनिवार को बिहार के रहने वाले एक युवक की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बनकटा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार के सिवान जिले का रहने वाला सूरज (27) खामपार थाना क्षेत्र में स्थित अपने ससुराल आया था। उन्होंने बताया कि सूरज सुबह करीब 11 बजे अपने घर लौट रहा था उसी दौरान देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र के अकटही बाजार के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। क्षेत्राधिकारी ने परिवार वालों से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि सूरज को सिवान से ट्रेन से अहमदाबाद जाना था। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। देवरिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा ने बताया कि मामले में जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उन्होंने अंदेशा जताया कि यह पुरानी रंजिश से जुड़ा मामला हो सकता है।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ हाथापाई के आरोप में आठ लोग गिरफ्तार

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह के साथ हाथापाई करने के आरोप में शनिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (शहर) कृष्ण कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर सत्यपाल सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और हिंसा मामले में शक्ति सिंह, प्रिंस तिवारी, शुभम गोविंद राव, शिवम पांडे, आलोक गुप्ता, ऋषभ सिंह, मयंक राय और श्रवण कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग छात्र हैं, ठेकेदार हैं या कोई अन्य बाहरी लोग हैं। खबरों के अनुसार आरोपियों ने कुलपति के कार्यालय में तोड़फोड़ की और कुलपति, रजिस्ट्रार, पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ हाथापाई की। शनिवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने बैठक कर घटना की निंदा की। विभाग प्रमुखों ने मांग की कि जिन लोगों ने हंगामा किया और विश्वविद्यालय की शांति भंग की, उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जानी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों को गुमराह होने से बचाने की भी अपील की। शुक्रवार देर शाम विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि हंगामा करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और इसमें शामिल छात्रों को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया गया है। इसमें कहा गया कि शुक्रवार सुबह 11 बजे छात्रों समेत कुछ लोग प्रशासनिक ब्लॉक में जबरदस्ती घुस आए और उन्होंने परिसर में हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने खिड़की के शीशे, गमले, कुर्सियां और कुलपति के चारपहिया वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया और कुलपति , वित्त अधिकारी, रजिस्ट्रार, प्रॉक्टर आदि को कमरे में बंद कर दिया। बयान के मुताबिक कुछ बाहरी तत्व सुनियोजित साजिश के तहत छात्रों को भड़काने का प्रयास कर रहे थे। इसमें कुछ ठेकेदार भी शामिल थे और उनके नाम काली सूची में डाल दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में इसमें कुछ शिक्षक भी संलिप्त पाए गए हैं और ऐसे शिक्षकों के खिलाफ भी कार्वाई की जाएगी।

## महिलाओं में यूरोलॉजी समस्याएं ज्यादा चिंता की बात

लखनऊ। हालांकिए यूरोलॉजिकल समस्याएं यानी यूरीनरी ट्रैक से संबंधित परेशानियां पुरुष और महिलाए दोनों को समान रूप से हो सकती हैंए लेकिन यह महिलाओं में अधिक चिंता का विषय है। इसका कारण यह है कि महिलाओं को समय से इसका इलाज नहीं मिलने पर ज्यादा गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यह कहना है रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. राजीव कुमार का। डा. कुमार के अनुसारए महिलाओं को यूरोलॉजी से संबंधित समस्याओं के बारे में बात करने में अक्सर झिझक होती है। हालांकिए यह इलाज की दिशा में पहला कदम है। इस समस्या से पीड़ित महिलाएं उचित देखभाल से दूर क्यों रहती हैंए इसकी एक वजह यह हो सकती है कि उन्हें संभवतरू यह ही नहीं पता होता कि उनकी समस्याएं कितनी आम हैं और उनका इलाज भी किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि महिला यूरोलॉजिस्ट्स की कमी के कारण भी कभी.कभी कुछ महिलाएं अपनी सेहत से जुड़ी समस्याओं को खुलकर नहीं बता पातीं। वह बताते हैं कि मेडिकल जगत में डॉक्टर अपने मरीज को केवल मानव शरीर के रूप में देखता हैए इसलिए अपनी यूरोलॉजिकल समस्याओं के बारे में बात करने में कोई शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए।

## नदी के बहाव में फंसी रोडवेज बस, 40 यात्रियों को सुरक्षित निकाला

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा पर बिजनौर जिले के मंडावली थाना इलाके में कोटावाली नदी के तेज बहाव में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज) की एक बस फंस गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नदी में फंसी रोडवेज बस के 40 यात्रियों को काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया है। नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गजेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह नजीबाबाद- हरिद्वार मार्ग पर थाना मंडावली क्षेत्र में कोटावाली नदी में पहाड़ों पर बारिश के कारण जलस्तर बढ़ गया। सीओ के मुताबिक इस दौरान रोडवेज की एक बस 40 सवारी लेकर हरिद्वार जा रही थी और वह नदी के रपटे पर पानी के तेज बहाव मे फंस गई। अधिकारी ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद यात्रियों को जेसीबी मशीन से सुरक्षित बाहर निकाल कर बस को भी मशीन से निकलवा लिया गया। इस बीच एक अन्य अधिकारी ने बताया कि रोडवेज बस रुपईडीहा से हरिद्वार जा रही थी।

## तालाब में डूबने से दो किशोरियों की मौत

बदायूं। बदायूं की सदर तहसील के थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव में शनिवार दोपहर तालाब गईं दो किशोरियों की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों एवं गोताखोरों की मदद से दोनों किशोरियों के शव तालाब से निकाले गए।उप जिलाधिकारी (सदर) सुखलाल वर्मा ने बताया कि घटना मुस्कारा गांव में हुई। उन्होंने बताया कि सूखे तालाब में बरसात का पानी भर गया था और गांव के जय सिंह तथा ज्ञान सिंह की 13 तथा 11 वर्षीय बेटियां भैंस को नहलाने के लिए तालाब ले गई थीं और इसी दौरान दोनों पानी में डूब गईं। उन्होंने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों के शव तालाब से निकाल लिए गए हैं और पोस्टमार्टम के लिए भेजे जा रहे हैं।

# भारत के ऊपर इंडिया कभी हावी नहीं हो पाएगा : दयालु

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री और भाजपा नेता दयाशंकर मिश्र दयालु ने शनिवार को विपक्षी दलों के गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि भारत व हिंदुस्तान के ऊपर इंडिया कभी हावी नहीं हो पाएगा।



यहां जिला मुख्यालय पर शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में राज्य मंत्री ने कहा, भारत व हिंदुस्तान के ऊपर इंडिया कभी हावी नहीं हो पाया। यह अंग्रेजों का दिया हुआ नाम था। यह गुलामी के दौर का प्रतीक नाम है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश की भावनाओं की इज्जत करना नहीं जानते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को कड़ी चुनौती देने के प्रयास में जुटे 26 विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) रखा है। बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक के बाद 18 जुलाई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) होगा। सभी ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया। मिश्र ने कहा, राहुल गांधी कभी-कभी खुद को देश से बड़ा समझने लगते हैं। दुनिया के दूसरे देश में जाकर अपने ही देश का अपमान करते हैं। भारत की आलोचना करते हैं।

## डबल इंजन की सरकार बनी रही तो पूरे देश की स्थिति मणिपुर जैसी होगी : राम गोविंद

**बलिया।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने शनिवार को कहा कि देश में डबल इंजन की सरकार बनी रही तो आने वाले दिनों में पूरे देश की स्थिति मणिपुर जैसी होगी। जिला मुख्यालय पर शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी ने केंद्र और उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश में डबल इंजन की सरकार रही तो आने वाले दिनों में मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश की होगी। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होने देना है, यह सभी समाजवादियों की जिम्मेदारी है। चौधरी ने कहा, चार मई को मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो केवल कानून-व्यवस्था पर नहीं, सम्पूर्ण मानवता के माथे पर कलंक है। सपा नेता ने कहा कि इस हृदय विदारक मामले में ढाई महीने तक केंद्र सरकार भी चुप्पी साधे रही। उन्होंने कहा कि इसके लिए, मणिपुर सरकार के साथ ही केंद्र सरकार भी दोषी है। चौधरी ने राष्ट्रपति से इस मामले का संज्ञान लेने और दोषी जनों के साथ ही दोनों सरकारों (केन्द्र और मणिपुर) के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने का अनुरोध किया।

## बलिया में संत रविदास की प्रतिमा में तोड़फोड़, पुलिस बल तैनात

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के एक गांव में संत रविदास की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार, नरही थाना क्षेत्र के पिपरा कला गांव में शुक्रवार रात संत रविदास की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना है। उसने कहा कि शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा, तो पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। नरही थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) पन्ने लाल ने बताया कि गांव के ही एक विक्षिप्त युवक ने संत रविदास की प्रतिमा में तोड़फोड़ की, जिससे प्रतिमा का दाहिना हाथ टूट गया है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित कराई जा रही है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एसएचओ ने दावा किया कि घटना को लेकर क्षेत्र में कोई तनाव नहीं है।

## राष्ट्रपति को प्रेषित किया पत्र

मिर्जापुर। अखिल भारतीय गोंड महासभा के लोगों ने आदिवासियों के खिलाफ हो रहे अत्याचार को लेकर के आज जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय को पत्र दिया दिए गए पत्रक में अखिल भारतीय गोंड महासभा के प्रदेश महामंत्री रामप्यारे गोंड ने कहा कि पूरे देश में आदिवासियों के खिलाफ जो अत्याचार व शोषण हो रहे हैं उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश शासन भारत सरकार व राष्ट्रपति महोदय से न्याय की गुहार लगाते हैं की आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार बंद होना चाहिए आगे रामप्यारे गोंड ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी कुकी समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सामने आया है जो अत्यंत निंदनीय है उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है मणिपुर में लगातार हिंसा से लगभग डेढ़ सौ आदिवासी लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन सरकार डिनर पार्टी कर भाजपा को चमकाने में लगी हुई है।

# नेपाली लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दोषी तीन युवकों को उम्रकैद, एक को सात वर्ष की सजा

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने नेपाली लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में तीन युवकों को आजीवन कारावास तथा एक युवक को सात वर्ष की सजा सुनाई है।

अपर शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ला ने शनिवार को बताया कि विशेष पॉक्सो अदालत के न्यायाधीश जहेंद पाल सिंह ने दोनों पक्षों के गवाहों एवं साक्ष्यों को सुनने एवं अवलोकन करने के बाद आरोपों को सही मानते हुए चन्दर उर्फ रामचंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान, राकेश पासवान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि अदालत ने तीनों अभियुक्तों पर 65-65 हजार रुपए जुर्माना तथा एक अन्य अभियुक्त पिंटू को पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर सात वर्ष कारावास की सजा तथा उसपर 15500 रुपए का अर्थदंड लगाया है। शुक्ला ने कहा कि जिले के हरैया थानाक्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा से सटे मणिपुर बाजार में जंगल के रास्ते सामान खरीदने आ रही दो नेपाली लड़कियों को पकड़ कर इन चारों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था जिसके बाद लड़कियों ने इसकी शिकायत अपने घर जाकर परिवार वालों से की थी।शुक्ला के अनुसार इन लड़कियों के परिवार वालों ने मामले की जानकारी नेपाल पुलिस को दी थी और फिर नेपाल पुलिस द्वारा हरैया थाने में 26 जून 2022 को चारों आरोपियों चंदर उर्फ राम चंदर, राजेंद्र पासवान, राकेश पासवान एवं पिंटू के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला

## दलित किशोरी के अपहरण व सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में चार युवकों को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष अदालत ने 15 वर्षीय एक दलित किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में चार युवकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।विशेष पॉक्सो अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने शनिवार को बताया कि विशेष पॉक्सो अदालत के विशेष न्यायाधीश बाबूराम ने 15 वर्षीय एक दलित लड़की का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के मामले में चार युवकों --वसीम, समीर, सद्दाम और आसिफ को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।अदालत ने मामले में आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 363 (अपहरण), 376 डी (सामूहिक दुष्कर्म), 506 (आपराधिक धमकी), पाक्सो अधिनियम और अनुसूचित जाति, जनजाति निवारण अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए प्रत्एक आरोपी पर 24-24 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने यह भी आदेश दिया है कि जुर्माने की राशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को प्रदान किए जाएंगे। दिनेश शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मई 2017 में शामली जिले के झिंझाना थानाक्षेत्र के एक गांव में घास लाने जा रही 15 वर्षीय एक दलित लड़की का आरोपियों ने अपहरण कर लिया और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया था। पुलिस ने विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## आगरा में आग के हवाले किए गए व्यक्ति की मौत, आरोपी हुआ फरार

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में ससुराल वालों द्वारा आग के हवाले किए गए व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। ट्रांस यमुना थाने के उप निरीक्षक राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि आग के हवाले किए गए व्यक्ति धर्मेंद्र उर्फ भूरा की दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि परिजन शव को लेकर अपने गांव चले गए हैं जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगला भुम्मा निवासी धर्मेंद्र की शादी 2019 में ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया निवासी प्रीति से हुई थी। धर्मेंद्र के भाई ने बताया कि उसकी भाभी प्रीति का व्यवहार शुरू से ही सही नहीं था और वह ज्यादातर मायके में ही रहती थी। उसने बताया कि तीन माह से प्रीति अपने मायके में रह रही थी, 18 जुलाई को उसका भाई अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था जहां कुछ कहासुनी हुई और ससुरालवालों ने उसके भाई के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने धर्मेंद्र को इलाज के लिए डॉ. सरोजनी नायडू अस्पताल में भर्ती कराया पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान कथित तौर पर धर्मेंद्र का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ है जिसमें उसने 18 जुलाई की रात हुई वारदात के बारे में आरोपियों के नाम बताए हैं। घायल युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत व्यक्ति के साले,सास तथा पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी फरार हैं उनकी तलाश की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

वाराणसी। जिलाधिकारी एसण् राजलिंगम ने शनिवार को पंचकोसी परिक्रमा के चौथे पड़ावए पांचो पंडवाए शिवपुर का सम्बन्धित अधिकारियों संग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थलों एवं मार्गों पर समुचित साफसफाई के साथ ही प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित हो। जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस पांचो पंडवाए शिवपुर पड़ाव का मरम्मतध्संरक्षण का कार्य पर्यटन विभाग द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान धर्मशाला के अंदर प्रवेश करते ही जिलाधिकारी ने देखा कि नल का पानी इधर.उधर फैल रहा हैए तब उन्होंने बड़ा ड्रम वहां पर रख कर पानी भरने और मग रखने का निर्देश दिया। साथ ही बगल में कूड़ेदान भी लगाने की हिदायत दी। सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के विशेष निर्देश दिए और भरे हुए कूड़ेदान को तत्काल खाली कराने और नियमित सफाई करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 24 घंटे मेडिकल टीम कार्यरत है। धर्मशाला के अन्दर टेन्ट लगवाने हेतु नगर निगम को निर्देशित करते हुए इसमें पर्याप्त प्रकाश और पंखे लगवाने को कहा।


## जलवा अब भी बरकरार

तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति रह चुके पाठक का जलवा और ताकत अभी भी बरकरार है। स्थिति यह है कि संस्थान में इन्हें 'भगवान' कहकर बुलाया जाता है। भगवान का इतना प्रभाव है कि हर फैसले में इनका असर देखा जा सकता है। न रहने के बावजूद भगवान जो चाहते हैं, वही होता है। भगवान का जलवा इतना अधिक है कि प्रदेश के मुखिया ने जब उनके पीछे एसटीएफ को लगाकर मुकदमा लिखवाया, तो उन्होंने खुद को बचाने के लिए मामला सीबीआई को सुपुर्द करा दिया। अब जब मुखिया ने उनके कारनामों की फाइलों की निगरानी के लिए विश्वविद्यालय में पहली बार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को बैठाया है तो भगवान ने अपने ऊपर एफ आईआर दर्ज कराने वाले एक कथित दलाल को ईडी के माध्यम से गिरफ्तार करवा कर जेल भिजवा दिया। ऐसे में भगवान की ताकत प्रदेश के विश्वविद्यालयों की मुखिया से एक बार फिर अव्वल साबित दिख रही है।



## घर का न घाट का

समाजवाद के शिव अपने बेटे को लेकर बहुत चिंतित हैं। जब से भतीजे ने शिव की घर वापसी की है तब से शिव का बेटा बेघर हो गया है। जब शिव के घर का समाजवाद प्रगतिशील था, तो बेटे को महत्वपूर्ण पद दे दिया गया था। अब समाजवाद की साझा खेती में बड़ी मुश्किल से खुद को स्थान मिला है, तो बेटे को कहां जगह मिल जाएगी। यह आंतरिक व्यथा समाजवाद के पालनहार शिव की है जो मौजूदा समय में पारिवारिक झंझावातों से जूझ रहे हैं। जब शिव का समाजवाद प्रगति कर रहा था, उस दौरान शिव ने अपने घरेलू समाजवाद में बेटे को उच्च पद दे दिया था, कहा था जाओ राजनीति करो, तरक्की करो। बस बेटे ने राजनीति में चलना ही शुरू किया था कि शिव खुद ही भटक गए और दो राहे पर आ गए। अब आलम यह है कि बेटे की राजनीति तो दूर की बात, शिव की खुद की राजनीति पर भी संकट आ खड़ा हुआ है। राजनीति में तो शिव को समाजवाद का लोलक समझा जाने लगा है और शिव के बेटे का तो जैसे राजनीति में अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सही बात भी है आखिर वह बेचारा बेटा जाए तो कहां जाए, घर की प्रगति करने वाली समाजवादी दुकान तो बंद हो चुकी है और साझा समाजवाद की खेती में उसके लिए कोई स्थान नहीं है।




## पनौती वाले साहब

जब से डीआईजी बने जीवन में ऐसी पनौती लगी कि मुसीबत पीछे ही पड़ गई है। इससे पहले तो सब ठीक-ठाक चल रहा था। राज्य की पुलिस सेवा में भर्ती हुए तो डिप्टी और एडिशनल रहते हुए खूब नाम कमाया कप्तान के पद पर प्रोन्नत मिली तो कई जिलों में धुआंधार बैटिंग की और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के नाम से चर्चित हो गए। कई बड़े जिलों में पुलिस कप्तान की सफलतम पारी पूरी की। बताओ और पुलिस कप्तान राज्य की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले जिले में अपनी सफलता का झंडा गाड़ने के बाद डीआईजी पद पर प्रमोशन मिल गया। बस यही वह समय था कि जिसके बाद से पनौती लग गई। बतौर कप्तान औद्योगिक नगरी कहे जाने वाले जिस बड़े जिले में रहे वहां की उनकी कार्यप्रणाली विवादों के घेरे में आ गई। जिसके बाद उन्हें लंबे समय तक निलंबित रहना पड़ा। जैसे-तैसे निलंबन खत्म हुआ और फिर खाकी की स्पेशल यूनिट में तैनाती मिली। यहां अभी कुछ समय ही गुजरा था कि एक नई मुसीबत गले पड़ गई। मार्निंग वॉक पर जाने के शौकीन डीआईजी साहब पर एक युवती ने छेड़छाड़ का आरोप मढ़ दिया। मामला और तूल पकड़ता इससे पहले यह खुलासा हो गया कि उन्हें फंसाने की साजिश की गई है। लिहाजा कार्रवाई से बच गए मगर अभी जांच जारी है।



## बड़े साहब का सख्त आदेश

ठेकेदारों, नटवर लालों की भीड़ और कई मामलों में हस्तक्षेप से जिला प्रशासन के बड़े साहब को गुस्सा आ गया। फिर क्या था, साहब ने तुगलकी फरमान जारी कर दिया। बड़े साहब ने अधिकारियों और कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट व तहसीलों में फर्जी लोगों के जमावड़े से छवि खराब होती है। उन्होंने फरमान जारी किया है कि अब आगे से ड्यूटी के दौरान अपनी आईडी अपने साथ रखेंगे। गैरसरकारी व्यक्तियों से कार्य न कराने की हिदायत भी दी है। साहब ने यहां तक कह डाला कार्यालयों में बिना आईडी के अंदर न आने दिया जाए। अचानक आए आदेश से कुछ कर्मचारी नेताओं में हलचल मची हुई हैं, आदेश से कुछ बाबुओं की जेब पर जरूर असर पड़ेगा। अब कर्मियों में यह पता लगाने की होड़ लगी है कि आखिर ऐसा आदेश दिया क्यों? कर्मचारी बड़े साहब के आदेश से हैरान-परेशान दिख रहे हैं।

# योगी सरकार ने रचा इतिहास, यूपी में एक दिन में 30 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गए

● राजधानी से लेकर प्रदेश के गांव-गांव तक रोपे गए पौधे, सभी 26 विभागों ने मिलकर लगाए वृक्ष

## मुख्यमंत्री ने बताया, पौधरोपण लोकपर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनियाभर** में बढ़ते मरुस्थलीकरण के खतरे, पर्यावरण ह्रास और जैव विविधता को पहुंचाई जा रही क्षति को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ बीते छह साल से प्रदेश में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान को शीर्ष प्राथमिकता पर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण महाभियान 2023 चलाया गया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छाता मथुरा में जबकि सीएम योगी ने बिजनौर और मुजफ्फरनगर में गंगा किनारे पौधरोपण कर इस महाभियान का शुभारंभ किया। वहीं प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग अलग जिलों में पौधे रोपित किये। शाम पांच बजे तक प्रदेश में 302151570 पौधे रोपित किए गए, जोकि सरकार के लक्ष्य 30 करोड़ से 21 लाख से भी अधिक है। महाभियान 2023 को मिली अप्रत्याशित सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में 'पौधरोपण' लोकपर्व बताते हुए कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उत्तर प्रदेश में आज एक दिन में 30 करोड़ से अधिक पौधरोपण का कीर्तिमान बनाया गया है।

'माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:' के भाव को आत्मसात कर सभी 18 मंडलों-75 जनपदों में अपूर्व उत्साह-उमंग-उल्लास के साथ जन-जन ने इस पुनीत कार्य में सहभाग किया। आज का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को 'स्वच्छ-समृद्ध-हरित' परिवेश प्रदान करने में सहायक होगा। इस अभिनंदनीय योगदान के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा शासन-प्रशासन सहित समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई.अभिनंदन।



### हरीतिमा अमृत वन ऐप 3.1 पर मिलेगा रियल टाइम अपडेट

**शनिवार** को हुए वृक्षारोपण महाभियान 2023 के अंतर्गत वन भूमि, रक्षा, रेलवे की भूमि, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे। विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। सबसे अहम बात ये कि अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एण्ड्रायड आधारित हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप वर्जन 3.1 विकसित किया है।

मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि पिछली सरकारों की तरह पौधरोपण अभियान केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित न रहे बल्कि इसको लेकर पूरी पारदर्शिता और पौधों की प्रभावी मॉनीटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। यही कारण रहा कि इस साल पौधों की जियो टैगिंग की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। साथ ही वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है।

### इन मंत्रियों ने यहां किया पौधरोपण

**शनिवार** को पौधरोपण कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री अलग-अलग जनपदों में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज व कौशांबी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रायबरेली व बाराबंकी, काबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व वन-पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना बिजनौर व मुजफ्फरनगर, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अयोध्या व अमेठी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना लखनऊ व गोरखपुर, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य झांसी व जालौन, वन-पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक सहारनपुर में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा अन्य मंत्रियों ने भी विभिन्न जनपदों में पौधरोपण किया।

# महिलाओं व बेटियों के सशक्तिकरण के लिए अभियान की शुरुआत

## योगी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में किया जाएगा जागरूक

● हर माह 21 से 30 तारीख तक प्रदेश भर में वृहद रूप से अभियान चलाने की बनी कार्ययोजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षाए सम्मान व उनके स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान पहले से ही क्रियान्वित किया जा रहा है और अब योगी सरकार की ओर से प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए 10 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत की गयी है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान के प्रति समर्पित सीएम योगी के निर्देश पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इस अभियान को लीड कर रहा है। इसकी शुरुआत 21 जुलाई से हो चुकी है जो 30 जुलाई तक चलेगी। यही नहीं, अब हर माह की 21 से 30 तारीख तक इस अभियान को चलाया जाएगा और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों, उनकी समस्याओं के निराकरण के साथ ही उन्हें समाज में सम्मानित स्थान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत प्रदेश भर में महिला सशक्तिकरण को लेकर दस दिवसीय अभियान की शुरुआत की गयी हैए जो हर माह चलेगा। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं और बेटियों को विभाग की शक्ति दीदी (महिला आरक्षी) की ओर से विभिन्न सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। इस दौरान उन्हे इन योजनाओं का लाभ लेने में हो रही परेशानी को भी संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर दूर किया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि विभाग की ओर से महिलाओं और बेटियों को समस्या को दूर करने के लिए रोजाना एक्शन लिया जाता हैए लेकिन इस दस दिवसीय अभियान के दौरान शक्ति दीदी फील्ड में उनसे संपर्क करेंगी और उनकी समस्या को तत्काल निस्तारित कराएंगी।

उन्होंने बताया कि रूटीन के दिनों में यह संभव नहीं हो पाता है इसलिए यह निर्णय लिया गया है। अभियान के दौरान महिला बीट पुलिस द्वारा बीट क्षेत्र से संबंधित यौन अपराध की पीड़िताओं से मिलकर उनकी आवश्यक काउंसलिंग करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं वह उनकी आवश्यकता के अनुसार उनकी हर संभव मदद करेंगी। साथ की बीट क्षेत्र के स्कूलों में दौरा करते हुए बच्चों को विभिन्न बाल अपराध के सम्बन्ध में जागरूक करेंगी। इस बीच बच्चों को गुड टच और बैड टच की भी जानकारी दी जाएगी। इसके लिए विशेषज्ञों की ओर से सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा।

इस दौरान वह बीट सूचनाएं को दर्ज करेंगी। इसके अलावा सूचनाओं को अपने अधिकारियों से अवगत कराने के साथ उनके समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संपर्क स्थापित करेंगी। अभियान के दौरान शक्ति दीदी अराजक तत्वों के खिलाफ उचित धाराओं के तहत गुण्डा एक्ट की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। इतना ही नहीं शक्ति दीदी की ओर से अभियान के दौरान शहरी क्षेत्रों में पिंक बूथ तथा चौकी के माध्यम से महिलाओं की समस्यायों के निस्तारण के लिए विशेष कैंप लगाकर कार्यवाही की जाएगी। पिंक बूथ पर लोकल स्तर पर महिलाओं की समस्याओं की समीक्षा करते हुए वन स्टॉप सलूशन कैम्प का आयोजन किया जा सकता है।

# सिर्फ कागजों पर हो रहा पौधरोपण, जनता के पैसे को भ्रष्टाचार कर लूटा जा रहा: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस प्रवक्ता सचिन रावत ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में पौधरोपण के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है। पिछले 5 सालों में 131 करोड़ पेड़ लगाने के दावे की हकीकत बिल्कुल इससे उलट है। सच्चाई यह है पौधरोपण के नाम पर जो भ्रष्टाचार हुआ है उसमें पेड़ जमीन पर लगने के बजाए भ्रष्टाचारी अधिकारियों और सरकार द्वारा निगल लिए जा रहे हैं, सड़कों के किनारे तो कहीं भी नए पेड़ लगे नहीं दिखतेए यह प्रदेश की जनता से भी धोखा है और प्रकृति से भी।

प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मंत्रों से भ्रष्टाचार को समाप्त करने की बात करते हैं लेकिन वहीं पर सरकार कोई भी मौका भ्रष्टाचार करने से नहीं छोड़ रहीए मुख्यमंत्री आपकी सरकार का दावा 131 करोड़ पेड़ 5 साल में लगाने का है जबकि सच्चाई यह है कि इन 5 सालों में पूरे प्रदेश में कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर के पौधरोपण हकीकत में बदलता दिखा होए हां यह सच है कि पौधरोपण कागजों में अवश्य हो रहा है। सरकार के संरक्षण में अधिकारी जमकर भ्रष्टाचार कर आमजन के द्वारा दिए गए टैक्स के पैसों की लूट रहे हैंए हम सरकार से सवाल करते हैं कि वह जनता को बताएं की 131 करोड़ पेड़ लगाने के जो दावे हैं उससे प्रदेश की कितनी सरकारी जमीन वन आच्छादित हुई और निजी भूमि पर कितने पेड़ लगाए गए, यदि इतने पेड़ यदि लगाए गए हैं तो उनमें से कितने अभी चल रहे हैं। प्रवक्ता सचिन रावत ने भाजपा सरकार की सह पर पौधरोपण के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार पर सवाल करते हुए कहा की पौधरोपण भी उसी तरीके से भाजपा सरकार द्वारा कराया जा रहा है जैसे 2014 में युवाओं से दो करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार की बात हुई थी। उत्तर प्रदेश में 2017 विधानसभा चुनाव में 70 लाख नौकरियां देने की बात हुई थी।

# देश की दो तिहाई जनता भाजपा से नाराज

● मणिपुर की घटना ने पूरे राष्ट्र को शर्मिन्दा किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश की दो तिहाई जनता भारतीय जनता पार्टी से नाराज है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकारों ने जनता को धोखा दिया है। महंगाई, बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों की आय दुगना नहीं हुई। किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य नहीं मिला।

भाजपा सरकार में अगर कोई महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर सवाल उठाता है तो सरकार झूठे मुकदमें करती है। जेल भेजकर आवाज दबाती है। पिछले दिनों वाराणसी में दुकानदार ने टमाटर की महंगाई पर प्रदर्शन किया तो उस पर मुकदमा लगाकर जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ाकर गरीबों और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दिया है। खाने-पीने के दाम पहले से ही बढ़े हुए थे। अब सरकार सब्जियों के दामों की वृद्धि भी नहीं रोक पा रही हैं। टमाटर के साथ ही, अदरक, मिर्जा और अन्य सब्जियों की कीमतों में भारी वृद्धि हो गई है। दालों की कीमतें पहले ही आसमान पर है। आखिर इस महंगाई का मुनाफा किसकी जेब में जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो कीमतें बढ़ी है उसका मुनाफा न तो पैदा करने वाले किसानों को मिल रहा है और न तो विक्रेताओं को मिल रहा है। सरकार जानबूझ कर अपने व्यवसायियों को मुनाफा करा रही है। इसी तरह से डीजल-पेट्रोल की कीमत इसीलिए बढ़ाया है जिससे उनके उद्योगपति मित्र मुनाफा कमायें। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश बिजली संकट से परेशान है। भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए एक भी बिजलीघर नहीं बनाया। अखिलेश यादव ने कहा कि मणिपुर जैसी घटना इधर दुनिया में कहीं नहीं हुई होगी। इस घटना ने पूरे राष्ट्र को शर्मिन्दा कर दिया है। इस तरह की तस्वीरों से सिर शर्म से झुक जाता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री का कहना है कि इस तरह की कई घटनाएं हुई है। मणिपुर में महीनों से हत्या, लूट, और जघन्य घटनाएं हो रही है। आखिर केन्द्र सरकार की इंटेलिजेंस क्या कर रही है।



## सपा महिला सभा ने मणिपुर घटना के विरोध में प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी महिला सभा की ओर से पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मणिपुर घटना के विरोध में समाजवादी महिला सभा द्वारा कैण्डल मार्च निकालकर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे है। अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार की लापरवाही और अक्षमता के कारण यह घटना लोकतंत्र में अक्षम्य है। लखनऊ में समाजवादी महिला सभा की ओर से कैण्डल मार्च कैसरबाग कार्यालय से निकाला गया। परिवर्तन चौक कैण्डल मार्च पहुंचने से ही पहले पुलिस द्वारा रोक दिया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, मीरा वर्धन, वंदना मिश्रा, प्रेमलता यादव, कुलवंत कौर, मुन्नी पाल, वंदना चतुर्वेदी, सरोज यादव करैली आदि शामिल थी।

वाराणसी में समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने मणिपुर काण्ड के विरोध प्रदर्शन में कैण्डल मार्च का नेतृत्व किया। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय और जघन्य कृत्य के विरोध में समाजवादी महिला सभा द्वारा प्रदेश भर में कल और आज भी कैण्डल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन करने का कार्यक्रम है।

समाजवादी महिला सभा द्वारा लखनऊ, कानपुर, मेरठ, रायबरेली, नोएडा, बाराबंकी, मऊ, उन्नाव, मिर्जापुर, श्रावस्ती, अयोध्या, हाथरस, चंदौली, भदोही, गोरखपुर, सुल्तानपुर, जौनपुर, बस्ती, अमेठी, प्रयागराज, वाराणसी, मैनपुरी आदि जनपदों में भी कैण्डल मार्च निकाल कर रोष प्रकट किया गया।

# पूर्व डीजीपी के भाई एएसपी सुधाकर यादव की हार्ट अटैक से मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव के छोटे भाई और एडिशनल एसपी सुधाकर यादव की जौनपुर जिले में हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह वर्तमान में 12 वीं वाहिनी पीएसी, फतेहपुर में तैनात थे। जौनपुर जिले मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरहठी गांव निवासी सुधाकर यादव (55) दो दिन पूर्व ही अपने घर परिजनों से मिलने आए थे। उनके बड़े भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख बृजलाल यादव का परिवार गांव में ही रहता है। छुट्टी लेकर वह चार दिनों के लिए गांव आए हुए थे। देर रात को परिजनों के साथ भोजन करके वह अपने कमरे में सोने के लिए चले गए।

बता दें कि सुबह 9 बजे तक वह अपने कमरे से नहीं निकले तो परिजन उन्हें चाय के लिए जगाने गए तो उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। फौरन डाक्टरों को सूचित किया गया और एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऐसा माना जा रहा है कि रात को ही उन्हें हार्ट अटैक हुआ और बिस्तर ही उनकी मौत हो चुकी थी। सुधाकर यादव बतौर अधिकारी के रूप में नोएडा, वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, मुरादाबाद में तैनात रह चुके हैं।

# 27622 मेगावॉट विद्युत मांग के अनुरूप आपूर्ति कर यूपीपीसीएल ने बनाया नया रिकॉर्ड

● भीषण गर्मी के बीच प्रदेश में सुचारू रूप से की जा रही बिजली आपूर्तिः एम. देवराज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेशवासियों को बढ़ती गर्मी के चलते बढ़ी मांग के अनुरूप सुचारू बिजली आपूर्ति कर नए कीर्तिमान गढ़ रही है। प्रदेश में गर्मी और उमस बढ़ने के कारण विद्युत मांग 27622 मेगावॉट के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई है और इस बढ़ी हुई ऐतिहासिक मांग के बीच उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) ने विद्युत आपूर्ति कर नया रिकॉर्ड बनाया है।


उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने यूपीपीसीएल को गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग के अनुरूप किसी भी हाल में लोगों को बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। विगत जून में मांग 27611 मेगावाट गई थी जिसे कॉरपोरेशन ने पूरा कर एक नया रिकॉर्ड दर्ज कराया था। शनिवार को विद्युत आपूर्ति का नया रिकार्ड बना है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष एवं देवराज ने बताया है कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों को निश्चित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अध्यक्ष ने विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी 2 महीने विद्युत व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण है।

अत: इस समय आपूर्ति व्यवस्था बाधित ना हो। सबको शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति हो इसके लिए पूरी सावधानी बरतें। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों उन्हें अतिशीघ्र बदला जाए। ट्रॉली ट्रांसफार्मर रिर्जव में उपलब्ध रहें। अधिकारी अपना फोन उठाएं, साथ ही 1912 पर आ रही सूचना या शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे अपना विद्युत बिल समय से जमा करें तथा ऐसा कोई नियम विरुद्ध कार्य न करें जिससे विद्युत व्यवस्था संचालन में नकारात्मक प्रभाव पड़े।

# बीते छह साल में सवा नौ फीसदी बढ़ा यूपी का हरित क्षेत्र, बाघों की भी बढ़ गई संख्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की सत्ता संभालते ही पर्यावरण को लेकर गंभीर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक जोर प्रदेश की हरितिमा बढ़ाने पर दिया। इसी का नतीजा है कि वृक्षारोपण महाभियान 2023 से पहले ही योगी सरकार 2017-18 से लेकर 2022.23 तक यूपी में कुल 136.98 करोड़ पौधे रोपने का रिकॉर्ड कायम कर चुकी है। इसमें वन विभाग की ओर से जहां 49.88 करोड़ पौधे रोपे जा चुके हैं वहीं अन्य विभागों की ओर से 82.10 करोड़ पौधे बीते वर्ष तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रोपे जा चुके हैं। बीते छह साल की बात करें तो 2017-18 में 5.72 करोड़, 2018-19 में 11.77 करोड़, 2019-20 में 22.60 करोड़, 2020-21 में 25.87 करोड़, 2021-2022 में 30.53 करोड़ और 2022-23 में 35.49 करोड़ पौधे रोपित किये जा चुके हैं। यही कारण है कि भारतीय वन सर्वेक्षण कि रिपोर्ट के अनुसार यूपी में वनाच्छादन एवं वृक्षाच्छादन क्षेत्र में खासा इजाफा हुआ है। जहां वनाच्छादन में कुल 417 वर्ग किलोमीटर (0.18 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है वहीं वृक्षाच्छादन में अबतक 377 वर्ग किलोमीटर (0.16 प्रतिशत) की वृद्धि रिकॉर्ड की गई है। प्रदेश के संपूर्ण हरित क्षेत्र में वृद्धि की बात करें तो 9.23 प्रतिशत की कुल वृद्धि के साथ ही इसमें 794 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हो चुकी है।



बीते छह साल से जारी पौधरोपण महाभियान का ही नतीजा है कि प्रदेश के हरित क्षेत्रफल में न सिर्फवृद्धि दर्ज की गई है, बल्कि वृक्षों के समुचित संरक्षण के फलस्वरूप वन्य जीवों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। प्रदेश में राष्ट्रीय पशु बाघ की संख्या विगत पांच साल में 118 से बढ़कर 173 हो गयी है। इसी प्रकार हाथियों की संख्या भी 265 से बढ़कर 352 हो गयी है। यही नहीं राज्य पक्षी सारस की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत पांच वर्षों में सारस की संख्या 13670 से बढ़कर 17586 हो गयी है। योगी सरकार प्रदेश में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित करने पर विशेष फोकस कर रही है, जिससे पर्यावरणीय असंतुलन को खत्म करने के साथ ही समावेशी विकास की अवधारणा को भी बल प्रदान किया जा सके। इसके तहत सागौन, शीशम, जामुन, अर्जुन, अमरूद, सहजन, आंवला, नीम और बांस जैसे वृक्षों को रोपने पर सबसे ज्यादा बल दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में सबसे अधिक औद्योगिक एवं इमारती वृक्षों को लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा फलदार, औषधीय एवं सुगंधित, पर्यावरणीय और चारा, शोभाकार एवं अन्य पौधों को प्रदेश के हर हिस्से में रोपित किया गया हैं।

# ढोल-नगाड़े के साथ धूम से शुरू हुआ वृहद वृक्षारोपण अभियान

**संवाददाता।** कानपुर देहात

''**प्रकृति** रक्षित रक्षत:'' अर्थात प्रकृति की रक्षा हम करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेंगी। इसी सिद्धान्त पर जनपद कानपुर देहात ''वृहद वृक्षारोपण अभियान-2023'' का सशक्त भागीदार बना। बच्चें, युवा, वृद्ध, नेता, सम्भ्रान्त नागरिक, उद्यमी, पत्रकार सभी ने इसमें अपनी भागीदारी निभायी, सभी का उद्देश्य था कि इस धरा को प्रकृति के सुरम्य वातावरण से पुन: सृजित किया जाये।इसी क्रम में शासन द्वारा नामित मिशन निदेशक, एन0एच0एम0/ नोडल अधिकारी कानपुर देहात, डा0 पिंकी जोवेल के साथ जिलाधिकारी नेहा जैन एवं जनपद के प्रमुख अधिकारी, प्राथमिक विद्यालय नबीपुर नागिन जसी परिसर में छोटे बच्चों के साथ इस वृहद अभियान का हिस्सा बनें, जहां पर नोडल अधिकारी पिंकी जोवेल ने गुड़हल का पौधा लगाया, वहीं जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0



ने इस अभियान में अपनी सहभागिता निभायी। इसके साथ ही नोडल अधिकारी ने छोटे बच्चों को पर्यावरण के महत्व को बताने के लिए उपहार स्वरूप फलदार पौधें भेट किये। इसके पश्चात नोडल अधिकारी पिंकी जोवेल बनस अमूल डेयरी गयी, जहां पर उन्होंने पौध रोपण किया, साथ ही मियॉ-वाकी पद्धति से लगाये गये पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि उद्योगों से निकलने वाले विषाक्त धुऐं से ये पौधे हमें सुरक्षित करेंगे, इसलिए इनको लगाना अतिआवश्यक है। तत्पश्चात नोडल अधिकारी ने डीएफओ कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि प्रात: 11 बजे तक जनपद में कुल 17.5 लाख पौधे लगाये जा चुके थे, इस पर उन्होंने अत्यन्त हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को नियमित फीडिंग करने के निर्देश दिये। उसके बाद नोडल अधिकारी कोतवाली अकबरपुर गयीं, जहां उन्होंने जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी के साथ कोतवाली परिसर में आम के पौधे का रोपण किया। इस अभियान में मा0 मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग, नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने भी अपनी सहभागिता निभायी, सरवनखेड़ा विकास खण्ड के ग्रामसभा दुबारी के अमृत सरोवर में भूमि पूजन कर वृक्षारोपण किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जो भी अमृत सरोवर के आस पास वृक्ष लगाये गये हैं, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होंगे, इसलिए जरूरी है कि हम सभी ऐसे अभियानों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंनें कहा कि अपने जीवन में आने वाली हर खुशी के मौके पर हम पौधे लगायें, जिससे वातावरण को पुन: हरा-भरा बनाया जा सके। मा0 मंत्री जी द्वारा युवा कल्याण विभाग द्वारा युवक मंगल दलों को खेल किट भी वितरित की।

## कमिश्नर ने किया विद्यालय की पाल लैब का निरीक्षण

**संवाददाता।** हुसैनगंज (फतेहपुर)

**गन्ना** आयुक्त ने भिटौरा के कम्पोजिट विद्यालय में पौध रोपण किया तथा विद्यालय में स्थित पाल लैब का अवलोकन किया। भिटौरा ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय पड़री में नीति आयोग द्वारा संचालित टेबलेट पायलट प्रोजेक्ट कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम में कक्षा 3 से 8 तक बच्चों को पर्सनलाइज्ड एडॉप्टिव लर्निंग के माध्यम से हिंदी भाषा, गणित, विज्ञान विषयो का ज्ञान कराना है। शनिवार को उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त ने कम्पोजिट विद्यालय पड़री में स्थापित पाल लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने टैबलेट के माध्यम से छात्रों से जानकारी ली। इसके बाद आयुक्त ने विद्यायल में पीपल का पौधा रोपित किया। बच्चों को सौ पौधे वितरित कर उन्हें लगाने तथा उनकी परवरिश करने को कहा। डॉ. विनोद कुमार गौतम बीईओ भिटौरा के कार्यो से आयुक्त प्रभावित हुए और शासन से पुरस्कृत कराने की बात कही। इस



अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रमोद कुमार चंद्रावत, बीडीओ भिटौरा प्रदीप यादव, बीएसए पंकज यादव, वन विभाग के रेंजर आरएल सिंह, बीईओ डॉ. विनोद गौतम के अलावा प्रधान अतीस पटेल, प्रधानाध्यापिका रश्मि श्रीवास्तव, शिक्षक संकुल राकेश कुमार, सुरेश सिंह, सुबोध अग्निहोत्री, दुर्गादत्त मिश्रा मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ईंट-पत्थरों से कूचकर पिता को उतारा मौत के घाट

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर में शुक्रवार की रात नशे में धुत पुत्र ने पिता को ईंट-पत्थरों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारे पुत्र को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार शादीपुर मुहल्ला निवासी श्याम सुंदर विश्वकर्मा का पुत्र सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा उर्फबाबू का अपने पुत्र सचिन से रात लगभग नौ बजे किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर नशे में धुत पुत्र सचिन ने अपने पिता पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे पिता मरणासन्न हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गया। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में अधेड़ को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के रिश्तेदारों ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों नशे के आदी थे और रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिस पर पुत्र ने घटना को अंजाम दे दिया है। वहीं पुलिस हत्यारे पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### पौधरोपण, औषधि वितरण व रक्तदान का हुआ आयोजन

**फतेहपुर।** रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण, औषधि वितरण व रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृहद वृक्षारोपण के तहत शीशम, सागौन, नीम, आंवला, अमरूद के वृक्ष जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन की मौजूदगी में लगाए गए तत्पश्चात डॉ अनुराग ने आंखों की बीमारी कंजक्टिवाइटिस के प्रकोप को कम करने में सहायक व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होम्योपैथिक औषधि सभी खिलाड़ियों व कोच को प्रदान की। फिर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकास खंड तेलियानी के 114 एवं सरस्वती शिशु मंदिर चौक के 144 कुल 328 बच्चों को प्रदान की। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी वृक्षारोपण किया गया। साथ ही डॉ अनुराग ने आँखों को बराबर पानी से धुलने, काला चश्मा पहनने व संक्रमित बच्चे के स्पर्श से बचाव हेतु जागरूक भी किया। साथ ही सर्व फार ह्यूमैनिटी व रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आजीवन सदस्य हिमांशु श्रीवास्तव ने एक डायलिसिस मरीज के लिये रक्तदान किया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी की वाइस चेयरमैन डॉ रजिया सुल्ताना, कार्यकारिणी सदस्य डॉ विवेक श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, गुरमीत सिंह व आजीवन सदस्य डॉ वकील अहमद सिद्दीकी, सुरेश श्रीवास्तव, मनीष कुमार, सागर कुमार एवं वार्डेन क्षमा तिवारी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, गुलाब सिंह मौर्य उपस्थित रहे।

### बाबा बर्फानी के दर्शन को शिवभक्तों का जत्था रवाना

**फतेहपुर।** अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिये शनिवार को जम्मू तवी ट्रेन से पच्चीस युवाओं का जत्था रवाना हो गया। जत्थे में शामिल आनन्द तिवारी ने बताया कि सभी भक्त जम्मू में बाबा अमरनाथ बर्फानी के यात्रा शिविर भगवती नगर से बस द्वारा पहलगांव पहुंचेंगे वहीं से यात्रा प्रारंभ करेंगे। दर्शन कर भारत की एकता, अखंडता, सुख शांति के लिये प्रार्थना करेंगे। वापसी में वैष्णो देवी पहुंचकर माता रानी के दरबार में दर्शन करेंगे। जिसमें आनन्द तिवारी, विशेष बाजपेयी, साकेत मोदनवाल, अमन साहू, सुयस मिश्रा, मंथन पाल, आकाश पाल, रवि चौधरी, अजय, सुभम, विनय, नितेश, अशोक, आशीष, सौरभ, मुकेश, विजय, राहुल, सुभम गुप्ता, राज साहू, आशु प्रताप सिंह, नितेश आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव के पूर्व राज्य गठन का वादा निभाएं: प्रवीण

**फतेहपुर।** खागा नगर में बुंदेलखंड राष्ट्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक उपरांत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र के सभी सांसदों से पत्र लिखकर, ई मेल, ट्विटर के माध्यम से अपील की है कि वे संसद के मानसून सत्र में एक साथ बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाएं एवं प्रधानमंत्री से मिलें। अगर सांसदों ने अब भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी तो वे एक सुनहरा अवसर गंवा देंगे। पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग रिकार्ड 29 बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने खून से खत लिख चुके बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि विगत वर्ष चित्रकूट में पांच दिन तक चली आरएसएस की राष्ट्रीय बैठक में जिन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा हुई, उसमें बुंदेलखंड राज्य मुद्दा भी एक रहा। संघ के शीर्ष नेतृत्व ने भी माना कि बुंदेलखंड को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए उसका उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के बंधन से मुक्त होना जरूरी है। प्रवीण पांडेय ने कहा कि जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य ने जिस तरह मुखर होकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के समक्ष यह मुद्दा उठाया, वह प्रशंसनीय है। अब सांसदों को आगे आना चाहिए। लोकसभा चुनावों के पूर्व राज्य बुंदेलखंड का गठन होना चाहिए।

### ई-रिक्शे से उछलकर गिरी वृद्धा को डंपर ने रौंदा

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर के राठ मोड़ के पास गांव की महिलाओं को लेकर बाजार आ रहे ई-रिक्शे में तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शे में बैठी एक वृद्धा उछलकर हाईवे पर गिर गई। जिसे रौंदते हुए डंपर निकल गया। जिससे वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। तीन महिलाएं बुरी तरह घायल हो गयी सदर कोतवाली के चंदौखी गांव निवासी ऊषा ने पुलिस को बताया कि शनिवार को गांव की चार पांच महिलाएं ई-रिक्शे में सवार होकर मुख्यालय शनिवार की बाजार से खरीदारी करने जा रही थीं। जैसे ही ई-रिक्शा बेतवा पुल पर पहुंचा कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शे में बैठी धनेश्वरी (55) पत्नी रामनरेश उछलकर नीचे गिर गई और डंपर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। इस घटना के बाद रिक्शे में बैठी महिलाओं ने जब चिल्लाया तो वहां मौजूद लोगों ने बाइक से पीछा कर डंपर व चालक को पकड़कर कुछेछा पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस नही ले रहे है शराब विक्रेता

**हमीरपुर।** शासन के सख्त आदेश के बाद भी शराब विक्रेता खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस नही बनवा रहे है जिससे हर वर्ष हजारों रुपये का शासन को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले में विभाग के अभिहीत अधिकारी ने कई मर्तवा जिला आबकारी अधिकारी को पत्र लिखा है मगर कोई असर नही हुआ है। जानकारी के मुताबिक शासन ने साफकहा है कि हर खाद्य व पेय पदार्थ की विक्री के लिये खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेना आवश्यक होगा।ताकि कोई भी विक्रेता खाद्य पदार्थ विक्री के नाम पर किसी भी व्यक्ति के सेहत से खिलवाड़ न कर सके। जिले में शराब की 280 दुकाने संचालित है। पिछले साल मशक्कत कर खाद्य सुरक्षा विभाग ने करीब 150 शराब की दुकानों का लाइसेंस बना दिया था मगर चालू वित्तीय वर्ष में किसी भी दुकानदार ने लाइसेंस का नवीनीकरण नही कराया है न ही शेष दुकानदारों ने लाइसेंस बनवाया है। एक दुकान की लाइसेंस फीस दो हजार रुपये बतायी जाती है। यही नही खाद्य सुरक्षा विभाग ने बैठकों में भी लाइसेंस को लेकर कई मर्तवा चर्चा की है मगर उसका कोई असर नही हुआ है। हार थक कर खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहीत अधिकारी रामअवतार यादव ने मामले की जानकारी जिलाधिकारी व उच्चाधिकारियों को दी है।

### साल भर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वालों को दी जिम्मेदारी

**फतेहपुर।** आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह मनाया गया। कक्षा 9 एवं 11 के बच्चे जिन्होने साल भर असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया उन्हें बैज देकर अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ सौंपी गयीं। कक्षा 11 से सक्षम सिंह को हेड ब्वाय एवं सेजल शर्मा को हेड गर्ल बनाया गया। इसके अतिरिक्त नमृता देवी एवं विकास सिंह को रोज़ हाउस, आयुषी वर्मा एवं मो. अशरफ को वोयलेट हाउस, संध्या देवी एवं अनुरुद्ध को सनफ्लावर हाउस तथा नेहा एवं अतुल सिंह को आइरिस हाउस का कैप्टेन बनाया गया। विद्यालय के कक्षा 9 में पढ़ने वाले विभिन्न छात्र एवं छात्राओं को काउंसलर की जिम्मेदारियाँ दी गयीं।

## सीएम के नेतृत्व में यूपी में चल रहा पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ का अभियान: सचान

- बच्चों के जन्मदिन पर 50पेड लगाने का मंत्री ने दिलाया संकल्प
- चित्रकूट की हरियाली बनेगी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र-आर के सिंह पटेल
- मटदर वन ब्लॉक के 'महर्षि वाल्मीकि आयुष वन'में हुई वृक्षारोपण महाभियान की शुरूआत

**संवाददाता।** चित्रकूट

**वृक्षारोपण** महाभियान -2023 प्रदेश में 35 करोड वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद चित्रकूट के विकास खंड मानिकपुर के अंतर्गत मटदर वन ब्लॉक में मुख्य अतिथि रहे उत्तर



प्रदेश सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी वृक्षारोपण राकेश सचान, सांसद बांदा-चित्रकूट आर के सिंह पटेल, मऊ/ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, सदर विधायक अनिल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने मटदर वन ब्लॉक में बनाए गए 'महर्षि वाल्मीकि आयुष वन' में विधिवत पूजन अर्चन कर पौधरोपण किया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत मडैयन के अमृत सरोवर में भी पौधारोपण किया गया। इसके बाद मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सचान ने कहा कि चित्रकूट की पावन धरती पर वृक्षारोपण करने सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष मुख्यमंत्री ने 5 जुलाई को इसी स्थल पर वृक्षारोपण की शुरुआत किया था।कहा कि सीएम योगी द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि यह अभियान बिना जन सहभागिता के सफल नहीं हो सकता। वन विभाग के साथ चित्रकूट जनपद में सभी विभागों को 72 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य दिया गया है। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा को जनपद चित्रकूट का पौधारोपण के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कहा कि हम लोग पूर्वजों के पेड़ों का उपयोग कर रहे हैं आप लोग बच्चों के जन्मदिन के दिन कम से कम 50 पेड़ अवश्य लगाएं, जिससे पर्यावरण स्वच्छ बना रहे।

वहीं सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि गत वर्ष इसी जगह मुख्यमंत्री जी ने वृक्षारोपण का शुभारंभ किया था और आज वह सभी वृक्ष जीवित और हरे भरे हैं। उन्होने ग्राम वासियों से कहा कि पौधों को बचाएं, ग्राम प्रधान से कहा कि ट्री गार्ड बड़े लगाएं 'पेड़ लगाना बहादुरी नहीं है बचाना जरूरी है। कहा कि मुख्यमंत्री जी का विजन है कि पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ। कहा कि चित्रकूट भगवान श्री राम की तपोस्थली है।

## वृक्षारोपण महा अभियान में 80 लाख पौधे रोपे गए

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**शनिवार** को मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार श्रीमती बेबीरानी मौर्य की उपस्थिति में ग्राम बोहदपुरा में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। महाअभियान वृक्षारोपण के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व छात्र-छात्राओं द्वारा अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत जनपद में समस्त तहसील, ब्लाक व संबंधित विभागों द्वारा 80 लाख से अधिक वृक्षारोपण किया गया हैं।

इस अवसर पर व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से औषधि, फलदार, हरीशंकरी, छायादार आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये गये जिसमें चंदन, सहजन, आंवला, नीम, पीपल, बरगद, पाकड़, आम, जामुन आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा हैं, वृक्षों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते है, उसी प्रकार रोपित वृक्षों का भी ध्यान रखना और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और आमजनमानस को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करें। मंत्री द्वारा 5 महिलाओं व छात्र-छात्राओं को एक-एक पौधा भेंट किया और उसको संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में वृक्षारोपण किया गया है, वृक्षों की देखभाल संबंधित विभाग द्वारा की जायेगी जिससे जनपद हरा-भरा नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि बिना वृक्ष के न तो नहरों में पानी आयेगा, न शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी, न ही वृक्षों की छाया मिल सकेगी, इसलिये अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण अनवरत होता रहना चाहियें। जनपद में वृक्षारोपण किया गया है उन्हें अपने बच्चों की तरह पालन-पोषण कर बड़ा करें। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने मंत्री को रूद्राक्ष का पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण कर जनपद कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि गांव का प्रत्येक व्यक्ति सरकार की नीति के अनुसार पेड़ लगाओं अभियान जन आंदोलन के तहत जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, जिलाध्याक्ष भाजपा रामेन्द्र सिंह बनाजी, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी जय प्रकाश नारायण तिवारी, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, श्रम उपायुक्त अवधेश दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त ने रगौली में किया पौधरोपण

**उरई।** शनिवार को शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण महाअभियान 2023 के अंतर्गत विकास खण्ड डकोर के ग्राम रगौली में जनपद के नोडल अधिकारी मण्डलायुक्त आदर्श सिंह व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने वृक्षारोपण किया। जनपद के समस्त तहसीलों, ब्लाकों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## वृक्ष मानव जीवन का अभिन्न अंग : प्रमोद झा

**संवाददाता।** राजपुर (चित्रकूट)

**एक** और पूरे प्रदेश में वन महोत्व के तहत वृक्षों के रोपण का कार्य तेजी से चल रहा है। वही कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधान सचिव लेखपालों के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य क्रम किया गया। नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र में लगभग 3000 वृक्ष का रोपण उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी अध्यक्ष नगर पंचायत के द्वारा किया गया। शासनादेश के अंतर्गत शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व



विभाग तथा पुलिस विभाग में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्राथमिक विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इंटर कॉलेज महाविद्यालयों में भी वृक्ष लगाए गए जिसकी शुरुआत उप जिला अधिकारी प्रमोद झा क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के द्वारा थाना परिसर में 51 वृक्षों का रोपण किया गया। नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र तथा तुलसी स्मारक के विशाल प्रांगण में लगभग 3000 वृक्षों का रोपण का कार्य किया गया वार्ड नंबर 5 आजाद नगर के विशाल परिसर मे फलदार, छायादार तथा औषधीय गुणों से युक्त वृक्षों का रोपड़ का कार्यक्रम संपन्न हुआ। राजापुर तहसील के उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ ने कहा कि वृक्षों के माध्यम से शुद्ध वायु, जलवायु तथा पर्यावरण को शुद्ध बनाने में वृक्षों की एक अहम भूमिका होती है। अशुद्ध पर्यावरण और जलवायु मानव जीवन के मस्तिष्क को छोटा करते हुए गलत प्रभाव डालता है और मानव जीवन की तरह वृक्षों को भी पालने पोसने की जरूरत है। यदि मानव समाज वृक्षों के प्रति उदारवादी नीति के तहत एक एक वृक्ष को पुत्रवत की भांति लगाता है और उसका पालन पोषण करें तो पूरे प्रदेश में हरित क्रांति लाने में देर नहीं लगेगी।

### थाना दिवस में आई सात शिकायते, जिसमें चार का निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** थाना दिवस में आई सात शिकायते,जिसमे चार का निस्तारण थाना दिवस का आयोजन शहर कोतवाली में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एवम् कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार चौबे भी मौजूद रहे। तीन शिकायते आई जिसमे दो राजस्व एवम् एक पत्नी पति झगड़े की जिसमे दोनो को समझाकर पत्नी पति के झगड़े को निबटाया गया।

## पिछले पौधों की परवाह किये विना फिर लगाए हजारों वृक्ष

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**वृहद** वृक्षारोपण अभियान के तहत नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में हजारों की संख्या में पौध लगाने के बाद जिम्मेदारों ने उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लिया हालांकि पिछले वर्ष किए गए वृक्षारोपण में केवल दस फीसदी पौधे लहलहा रहे हैं बाकी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पौधे सूख गए या फिर मवेशियों का निवाला बन गए। धरा को हरा भरा बनाने की मंशा से सरकार करोड़ों रुपए की पौध लगवा कर वातावरण को संतुलित करने का प्रयास कर रही



है जिसके चलते जुलाई माह में हर वर्ष मौदहा व ग्रामीण क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के अलावा अन्य लोग भी चलने वाले इस बृहद वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लेते हैं लेकिन धरातल पर यह यह नजर नहीं आ रहा है क्योंकि अधिकांश जिम्मेदार वृक्षारोपण कर उसकी फोटो खिंचवा दोबारा उक्त पौधे की ओर मुड़कर नहीं देखते जिसके चलते विगत वर्षों में करोड़ों रुपया के लगाए गए पौधों में केवल दस फीसदी पौधे ही सुरक्षित हैं बाकी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते वह सूख गए या फिर मवेशियों का निवाला बन गए।

## पेज एक का शेष

### महिलाओं के...

इतने निचले स्तर तक गिर सकते हैं और वही महिलाओं के संबंध में रिपोर्ट कार्ड रखते हैं। ईरानी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि जब एक मंत्री के रूप में उनकी विफलताओं पर उनसे सवाल किया जाता है, तो वह लैंगिक तर्क के जरिए बचना पसंद करती हैं। तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने कहा, माफ करें महिला एवं बाल विकास मंत्री। यह घटियापन नहीं है। घटियापन यह है कि भाजपा अन्य राज्यों में फर्जी खबरों के जरिए मणिपुर मुद्दे से ध्यान भटका रही है। मालदा की घटना पर बंगाल की महिला एवं बाल स्वास्थ्य मंत्री शशि पांजा ने कहा, इस हाथापाई का कोई राजनीतिक या जातिवादी पहलू नहीं है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मणिपुर के मुख्यमंत्री को बचा रहे हैं और उनकी विफलताओं पर पर्दा डाल रहे हैं।

### राजस्थान के...

कहा कि 77 दिन तक मोदी ने इस मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोला लेकिन उच्चतम न्यायालय से संकेत मिलने के बाद कुछ सेकंड में ही अपनी बात रखकर औपचारिकता पूरी कर दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह सब उस मणिपुर राज्य में हो रहा है जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। उन्होंने कहा, अगर वहां कांग्रेस नीत सरकार होती तो आप कल्पना कीजिए वे क्या-क्या नहीं बोलते? ये बातें देश में हो रही हैं जो बहुत दुखद हैं। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कानून व्यवस्था, पेपर लीक सहित कई मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधे जाने पर गहलोत ने कहा, ये माहौल खराब कर रहे हैं इनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। ये बस रटी-रटाई बातें करते हैं। हमने विकास में कमी रखी हो तो बताएं। उन्होंने कहा, हमारी योजनाओं और फैसलों से घबरा कर भाजपा के लोगों ने तय किया कि राज्य सरकार को किस तरह से बदनाम किया जाए। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने थानों में प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है और इसके कारण अपराध के बढ़े हुए आंकड़ों का भाजपा दुरुपयोग कर रही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त किए जाने संबंधी सवाल को यह कहते हुए टाल दिया कि यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। गुढ़ा को शुक्रवार को मंत्रिपरिषद से हटा दिया गया था।

### प्रौद्योगिकी को...

हर किसी की जुबान पर हैं। कृत्रिम बुद्धिमता के माध्यम से कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की क्षमता बढ़ाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि एआई के साथ चैट जीपीटी साफ्टवेयर का उपयोग भी बढ़ा है जो चुटकुले बनाने से लेकर कोडिंग करने और कानूनी विषयों को लिखने तक में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग (सीधे प्रसारण) के लिए पायलट आधार पर एआई का उपयोग कर रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने कहा कि जब हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं तब हमें यह देखना चाहिए कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी किस प्रकार से मानव विकास में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के विकास के साथ ऑनलाइन धमकी, गाली गलौच और परेशान किए जाने की घटनाएं भी आ रही हैं और यह बात भी स्पष्ट होती है कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हानिकारक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ताओं के मन में भय पैदा करने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए अन्यथा लोग खुले एवं मुक्त रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं कर पाएंगे। आईआईटी मद्रास के 60वें दीक्षांत समारोह में 2571 छात्रों को स्नातक डिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी कामकोटि ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आईआईटी मद्रास पहला आईआईटी है जिसका परिसर देश से बाहर जंजीबार-तंजानिया में स्थापित किया जा रहा है।

### चमोली करंट...

बताया कि प्रथम दृष्टया ऑपरेटर की मृत्यु बिजली का करंट लगने से होना प्रतीत हो रहा था और पूरे परिसर में करंट फैले होने की आशंका के चलते पुलिस बल ने परिसर में प्रवेश नहीं किया। उन्होंने बताया, विद्युत विभाग के लाइनमैन सैन सिंह द्वारा एसटीपी परिसर में करंट नहीं होने की पुष्टि करने के पश्चात ही पुलिस ने परिसर में प्रवेश किया। डोबाल ने बताया कि इसी दौरान मृतक गणेश के शव को नहीं उठाए जाने तथा उसके परिजनों को तत्काल मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी जमा हो गए जिन्हें मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि लाइनमैन सैन सिंह ने दूसरे लाइनमैन महेंद्र सिंह को एसटीपी में एक व्यक्ति के मृत पड़े होने की सूचना दी लेकिन उसने इस पर सावधानीपूर्वक विचार नहीं किया और फॉल्ट मिलने पर 11:12 बजे शटडाउन लेकर उसे ठीक किया और फिर बिना किसी जांच पड़ताल के लगभग 11:25 बजे शटडाउन वापस ले लिया। उन्होंने बताया कि इससे एसटीपी में खुली हुई लाइन एवं चेंज ओवर में धमाके के साथ चारों तरफ करंट फैल गया। एसटीपी में अफरा-तफरी फैल गई और करंट लगने से लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। डोबाल ने बताया कि इसके बाद करीब 11:29 बजे पुलिस के हस्तक्षेप से बिजली बंद कराई गई और घायलों को जिला अस्पताल, गोपेश्वर पहुंचाया गया। हादसे में 16 लोगों की मौत हुई है जबकि 11 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना चमोली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप रावत द्वारा की जा रही है जबकि मामले की गंभीरता को देखते हुए चमोली के पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद शाह के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन कर एसटीपी के संचालन में विद्युत उपकरण सुरक्षा मानकों तथा अनुबंध की शर्तों सहित कई बिंदुओं पर गहराई से विवेचना के निर्देश दिए गए हैं।

### कोर्ट में...

पाए गए थे। बयान में कहा गया है, उन अन्य अधिकारियों की पहचान के लिए तिहाड़ जेल के उप महानिरीक्षक विस्तृत जांच कर रहे हैं जो इस गंभीर चूक के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। शुक्रवार को जेल अधिकारियों ने कहा था कि उप महानिरीक्षक (जेल मुख्यालय) राजीव सिंह चूक का पता लगाने के लिए जांच करेंगे तथा दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करेंगे एवं तीन दिनों में महानिदेशक (जेल) को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

### कक्षा में...

गया है। इन निर्देशों के अनुसार चिकित्सक द्वारा सलाह दिए जाने पर टाइप-1 डायबिटीज वाले बच्चों को ब्लड शुगर की जांच करनेए इंसुलिन का इंजेक्शन लगाने, मध्य सुबह या मध्य दोपहर का नाश्ता लेने या डायबिटीज एवं देखभाल गतिविधियां करने की अवश्यकता हो सकती है और शिक्षकों को परीक्षा के दौरान या अन्यथा भी कक्षा में इसे करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्तए बच्चा चिकित्सीय सलाह के अनुसार खेलों में भाग ले सकता है।

### भारत में...

लाख से अधिक हो सकती है। भारत में कुल 8.75 लाख लोग इससे जूझ रहे हैं। टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को प्रतिदिन 3-5 बार इंसुलिन इंजेक्शन लेने व 3-5 बार शुगर टेस्ट की आवश्यकता होती है। इसमें लापरवाही फि जिकल एवं मेंटल हेल्थ के साथ ही अन्य चुनौतियों का कारक बन सकती है। बच्चे अपने एक तिहाई समय स्कूलों में बिताते हैं, ऐसे में स्कूलों की ड्यूटी बनती है कि टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों की स्पेशल केयर सुनिश्चित की जाए।

# यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के आयुध भंडार को निशाना बनाया

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन ने ए**क ड्रोन के जरिए शनिवार को मध्य क्रीमिया में एक गोला-बारूद डिपो को निशाना बनाया। इससे एक सप्ताह से भी कम समय पहले प्रायद्वीप को रूस से जोड़ने वाले एक प्रमुख पुल पर हमला किया गया था, जिसके बाद मॉस्को एक ऐतिहासिक अनाज निर्यात सौदे से बाहर हो गया और ड्रोन तथा मिसाइलों से यूक्रेन के बंदरगाहों पर हमले किए। मॉस्को द्वारा 2014 में यूक्रेन से हड़पे गए क्रीमिया में क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) द्वारा नियुक्त प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई खबर नहीं है, लेकिन अधिकारी विस्फोट स्थल के आसपास से लोगों को निकाल रहे हैं। यूक्रेनी सेना इस बात की पुष्टि करती हुई दिखाई दी कि उसने क्रीमिया में ड्रोन हमला किया। इसने अपनी प्रेस सेवा के माध्यम से दावा किया कि क्रास्नोहवार्डिस्क क्षेत्र में एक तेल डिपो और रूसी हथियारों के गोदामों को नष्ट कर दिया गया। हालांकि, इसने यह नहीं बताया कि हमले में किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया। यह हमला क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण केर्च पुल पर सोमवार को यूक्रेन द्वारा किए गए हमले के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद हुआ। पुल पर हुए हमले में दो लोग मारे गए थे। मॉस्को ने उसी दिन युद्धकालीन उस समझौते में अपनी भागीदारी समाप्त कर दी, जिसके तहत यूक्रेनी अनाज को काला सागर के माध्यम से निर्यात करने की अनुमति मिल गई थी। रूस ने पुल पर हमले का प्रतिशोध लेने का संकल्प लेने के बाद ड्रोन और मिसाइलों से यूक्रेन के बंदरगाहों पर हमलों की झड़ी लगा दी थी। रूसी सैनिकों को उनके कब्जे वाले क्षेत्रों से खदेड़ने के लिए यूक्रेन की कोशिशें जारी रहने के चलते भीषण लड़ाई हो रही है। पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि एक दंपती सहित कम से कम चार लोग मारे गए हैं क्योंकि रूसी सैनिकों ने शुक्रवार रात बाखमत शहर के दक्षिण में स्थित नियु-यॉर्क बस्ती पर गोलाबारी की। इनके अलावा, तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। शनिवार सुबह, यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के कोस्तियांतनीवका शहर में शुक्रवार को रॉकेट हमलों में दो लोगों की मौत हो गई। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में एक अन्य नागरिक मारा गया। हमले में 20 मकान, कार और एक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रूस के हमले में इसकी सीमा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चेर्नीहीव शहर में दो लोग मारे गए। इस बीच, बीती रात कीव में शांति रही क्योंकि किसी हवाई हमले का अलर्ट नहीं सुना गया। यूक्रेनी वायुसेना ने शनिवार सुबह दावा किया कि इसने देश के दक्षिण-पूर्व में 14 रूसी ड्रोन को मार गिराया। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि रूसी पत्रकारों का एक समूह दक्षिणी ज़ापोरिज़िया क्षेत्र में गोलाबारी की चपेट में आ गया।

## रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन को पहली बार बड़े सैन्य उपकरण भेजने के लिए बुल्गारिया हुआ सहमत

**सोफिया।** बुल्गारिया करीब 100 बख्तरबंद वाहनों के जरिए यूक्रेन की सेना की मदद करने के लिए सहमत हुआ है। उसने रूस के आक्रमण के खिलाफ कीव की मदद के लिए सैन्य उपकरण भेजने की अपनी नीति मे बदलाव करते हुए यह निर्णय लिया। बुल्गारिया की संसद ने शुक्रवार को 52 के मुकाबले 148 मतों से सरकार के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमे रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से कीव को बड़े सैन्य उपकरण की पहली खेप भेजने का प्रस्ताव किया गया था। संसद के निर्णय मे कहा गया, इन उपकरणों की बुल्गारिया को जरूरत नही है, और बगैर उकसावे के किए गए अनुचित रूसी आक्रमण के दौरान यह यूक्रेन की स्वतंत्रता व क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए उसकी लड़ाई मे मजबूत सहयोग प्रदान कर सकता है। सोवियत काल के बख्तरबंद वाहनों की 1980 के दशक मे बुल्गारिया को आपूर्ति की गई थी। वारसा संधि मे बुल्गारिया, सोवियत संघ का सहयोगी देश था। बुल्गारिया 2004 मे उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मे शामिल हुआ। बुल्गारिया के पास अब भी सोवियत काल के हथियार और उनके लिए गोलाबारूद बनाने वाली कई फैक्टरी है।

## रूस के हमले में आठ नागरिक मारे गए, यूक्रेन के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से में भीषण लड़ाई जारी

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के 11 क्षेत्रों में बीती रात हमले किए, जिनमें कम से कम आठ नागरिक मारे गए और अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूसी सैनिकों को उनके कब्जे वाले क्षेत्रों से खदेड़ने के लिए यूक्रेन की कोशिशें जारी रहने के चलते भीषण लड़ाई हो रही है। पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि एक दंपती सहित कम से कम चार लोग मारे गए हैं क्योंकि रूसी सैनिकों ने शुक्रवार रात बाखमत शहर के दक्षिण में स्थित नियु-यॉर्क बस्ती पर गोलाबारी की। उनके अलावा, तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। शनिवार सुबह, यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के कोस्तियांतनीवका शहर में शुक्रवार को कई रॉकेट लॉंचर से किए गए हमले में दो नागरिकों की मौत हो गई। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर किए गए एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में एक अन्य नागरिक मारा गया। हमले में 20 मकान, कारें और एक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण अफ्रीका में अगले सप्ताह ब्रिक्स शहरीकरण मंच का आयोजन होगा

**जोहानिसबर्ग।** नई दिल्ली मे फरवरी 2013 मे गठन के बाद प्रतिनिधियो की प्रत्यक्ष भागीदारी के लिहाज से ब्रिक्स शहरीकरण मंच का पहला आयोजन दक्षिण अफ्रीकी शहर डरबन मे अगले सप्ताह होगा। ब्रिक्स पांच देशो (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) का संगठन है। इस दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत 26 जुलाई से होगी जिसमे सदस्य देशो के प्रतिनिधि शहरी विकास के कुछ अहम मुद्दो पर चर्चा करेंगे ताकि यह समझा जा सके कि वैश्विक शहर इन चुनौतियो के प्रति अत्यधिक लोचदार किस तरह होते जा रहे है। वर्ष 2022 मे मंच का आयोजन चीन की अध्यक्षता मे ऑनलाइन माध्यम से किया गया था। इस दौरान मंच ने शहरीकरण के प्रमुख मुद्दो को कार्वाई के लिए अपने एजेंडे मे शामिल करने के लिए मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडलो, स्थानीय सरकारो के प्रतिनिधियो, नीति निर्माताओ और अन्य हितधारको को एक साथ लाया। ब्रिक्स के वर्तमान अध्यक्ष के रूप मे दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन और पारंपरिक मामलो के मंत्री थेम्बी नकादिमेंग मंच की मेजबानी करेंगे जिसका विषय है- भविष्य की पीढ़ियो के लिए टिकाऊ शहरो और कस्बो के लिए शहरी लचीलेपन को आगे बढ़ाना। इस मंच का आयोजन 22 अगस्त को जोहानिबर्ग मे होने वाले 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले हो रहा है जिसमे ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्राध्यक्ष भाग लेंगे। इस शिखर सम्मेलन से पहले कई अन्य उच्च स्तरीय बैठकें भी हो रही है। हालांकि, कथित युद्ध अपराध के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की ओर से अपने खिलाफ जारी वारंट के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस बार सम्मेलन मे प्रत्यक्ष रूप से हिस्सा ना लेकर वर्चुअल माध्यम से इसमे शामिल होंगे।

### यमन में बंदूकधारियों की गोलीबारी में विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी की मौत

**सना (यमन)।** दक्षिणपश्चिम यमन में शुक्रवार को बंदूकधारियो ने विश्व खाद्य कार्यक्रम(डब्ल्यूएफपी) के एक कार्यालय प्रमुख की गोली मारकर हत्या कर दी। डब्ल्यूएफपी ने यह जानकारी दी। किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नही ली है।डब्ल्यूएफपी ने एक बयान मे बताया कि जॉर्डन के मोयाद हमीदी को ताइज शहर मे बंदूकधारियो ने गोली मार दी, वह कुछ ही समय पहले उस शहर मे अपने कार्यालय के प्रमुख का प्रभार संभालने के लिए देश मे पहुंचे थे। उन्हे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।एक स्थानीय सुरक्षा समिति के शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार, हमीदी को मोटरसाइकिल सवार दो सशस्त्र हमलावरो ने गोली मार दी। इस संबंध मे और कोई जानकारी नही दी गई।हूती और सरकार दोनो ने शुक्रवार देर रात बयानो मे हमले की निंदा की। किसी भी पक्ष ने हत्या के लिए किसी पर आरोप नही लगाया।सरकार की ओर से एक वरिष्ठ यमनी सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि जांच चल रही है। उन्होने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया क्योंकि वह मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नही थे।

### भारतीय मूल के अधिकारी के साथ नस्ली भेदभाव की जांच करेगी सिंगापुर पुलिस

सिंगापुर। सिंगापुर के कानून एवं गृहमंत्री के. शनमुगम ने भारतीय मूल के एक पुलिस अधिकारी द्वारा मौत से ठीक पहले नस्ली भेदभाव और कार्यस्थल पर प्रताड़ित किए जाने के लगाए गए आरोपो की जांच करने का पुलिस को निर्देश दिया है। पुलिस अधिकारी उवरजा गोपाल (36) को यिशुन आवासीय परिसर मे एक इमारत के नीचे बेसुध पड़ा पाया गया था और शुक्रवार को उन्हे अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया।शनमुगम ने शुक्रवार शाम एक फेसबुक पोस्ट मे गोपाल के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि उन्होने पुलिस से अधिकारी की मृत्यु से पहले लगाए आरोपो की जांच करने के लिए कहा है। चैनल न्यूज एशिया ने शनमुगम की पोस्ट के हवाले से कहा, अधिकारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला था ।

## विश्व खाद्य कार्यक्रम के अधिकारी की हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**काहिरा।** यमन की पुलिस ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी)के एक वरिष्ठ अधिकारी की हत्या के मामले में शनिवार को दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोयाद हमीदी की हत्या में कथित संलिप्तता को लेकर दस अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। हमीदी हाल ही में दक्षिण-पश्चिमी प्रांत ताइज़ में विश्व खाद्य कार्यक्रम के प्रमुख का पद संभालने के लिए यमन पहुंचे थे। ताइज़ पुलिस ने इस बारे में अधिक जानकारी नही दी। शुक्रवार को मोटरसाइकिल सवार दो बंदूकधारियों ने तुरबा शहर में हमीदी को गोली मार दी थी और अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। हमलावर मौके से भाग गए थे।

## खान नौ मई के हमलों की साजिश रचने के दोषी हैं: पाकिस्तान सरकार

**लाहौर,।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लाहौर कोर कमांडर हाउस सहित सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। सरकारी अभियोजक ने एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) में शुक्रवार को यह बात कही। लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत ने पांच आतंकवाद मामलों में खान की अग्रिम जमानत आठ अगस्त तक बढ़ा दी। एक विशेष अभियोजक ने शुक्रवार को एटीसी को बताया कि पंजाब पुलिस की एक संयुक्त जांच टीम (जेआईटी) ने नौ मई को सैन्य और देश के भवनों पर हुए हमलों की जांच पूरी कर ली है और इमरान खान को हिंसा के लिए उकसाने और अन्य आरोपों का दोषी पाया है। खान कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश हुए। अभियोजक फरहाद अली शाह ने कहा कि खान नौ मई के हमलों की साजिश रचने के दोषी है और सबूत इकट्ठा करने के लिए उनकी गिरफ्तारी जरूरी है। एटीसी न्यायाधीश अबेर गुल खान ने खान की अग्रिम जमानत आठ अगस्त तक बढ़ा दी और अभियोजक को अगली सुनवाई पर और अधिक दलीलें पेश करने का निर्देश दिया।

## सरकारी कर्मचारियों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर अलास्का झील में दुर्घटनाग्रस्त

**एंकरेज (अमेरिका)।** अलास्का मे एक पायलट और तीन सरकारी कर्मचारियों को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर सुदूर उत्तरी ढलान क्षेत्र में स्थित एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि हादसे मे हेलीकॉप्टर मे सवार सभी लोगो के मारे जाने की आशंका है। अलास्का के प्राकृतिक संसाधन विभाग (डीएनआर) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि विभाग द्वारा किराए पर लिए गए हेलीकॉप्टर मे पायलट के अलावा भूगर्भीय और भूभौतिकीय सर्वेक्षण प्रभाग के तीन वैज्ञानिक सवार थे। विभाग ने कहा, डीएनआर हादसे के शिकार कर्मचारियों और पायलट के अलावा उनके परिवारो के लिए प्रार्थना कर रहा है। हम खोज एवं बचाव दल से अद्यतन जानकारी मिलने का इंतजार कर रहे है। अलास्का के सरकारी मामलो के निदेशक डी जे फॉस्के ने शुक्रवार को द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हेलीकॉप्टर बेल 206 बृहस्पतिवार रात लापता हो गया था। उन्होने कहा कि उत्तरी ढलान क्षेत्र के खोज एवं बचाव दल को लापता हेलीकॉप्टर से मेल खाते हेलीकॉप्टर का मलबा मिला है, लेकिन घटनास्थल से अभी कोई शव नही बरामद हुआ है।

## अमेरिका, भारत जैसे देश एआई के भविष्य को आकार देने के लिए मिलकर काम करें : आरती

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका और** भारत जैसे समान विचारधारा वाले देशों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) के भविष्य को आकार देने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की भारतीय मूल की विज्ञान सलाहकार आरती प्रभाकर ने शुक्रवार को यह बात कही। प्रभाकर ने बताया कि बाइडन प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गज आईटी कंपनियों की मदद लेने का फैसला किया है कि एआई का दुरुपयोग न हो और इसका इस्तेमाल जनता की भलाई के लिए किया जाए। प्रभाकर ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, हम जो काम कर रहे हैं, उसमें कंपनियों को जवाबदेह बनाने के लिए उनके साथ काम करना शामिल है और आज इस पर कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हम उन कार्यकारी कदमों पर भी काम कर रहे हैं, जो हम मौजूदा कानून के तहत उठा सकते हैं। राष्ट्रपति बाइडन एक कार्यकारी आदेश जारी करने पर विचार कर रहे हैं, जो हमें लगता है कि वास्तव में एआई के खतरों से निपटने की हमारी क्षमता में इजाफा कर सकता है और इसका सदुपयोग भी सुनिश्चित कर सकता है। प्रभाकर ने कहा, हम द्विदलीय कानून पर कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के साथ मिलकर काम करना भी जारी रखेंगे। हम वैश्विक स्तर पर भारत सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और सहयोगियों के साथ मिलकर किए जा रहे कार्यों की आलोचनाओं का भी जवाब देंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए, क्योंकि एआई एक वैश्विक तकनीक है। यह सभी जगह मौजूद है। हर कोई इसे अपना रहा है और यह वास्तव में लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है।

## वैश्विक खाद्य संकट टालने और यूक्रेन से अनाज निर्यात बहाल करने को लेकर संरा का रूस पर दबाव

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**वैश्विक खाद्य** संकट को टालने और यूक्रेन से अनाज के निर्यात की मंजूरी को लेकर रूस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपने ही सहयोगी चीन और विकासशील देशों के साथ ही पश्चिमी देशों के दबाव का भी सामना करना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र एवं सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने रूस द्वारा अनाज निर्यात संधि से सोमवार को बाहर आने के बाद यूक्रेन के बंदरगाहों को निशाना बनाए जाने के लिए उसकी निंदा की। उनका कहना था कि बंदरगाह पर स्थापित अवसंरचना को क्षतिग्रस्त करके रूस असैन्य ढांचों पर हमले संबंधी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन कर रहा है। रूस द्वारा काला सागर के एक बड़े हिस्से को नौवहन के लिए खतरनाक घोषित किए जाने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि समुद्र में किसी सैन्य कार्वाई के विनाशकारी प्रभाव हो सकते हैं। रूस ने कहा कि उसने काला सागर के रास्ते अनाज के निर्यात को इसलिए रोका है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र यूक्रेन के अनाज समझौते के तहत उसके खाद्यान्न और उर्वरक को वैश्विक बाजार में पहुंच में आने वाली बाधाओं को दूर करने में असफल रहा है। क्रेमलिन ने कहा कि बैंकिंग सहित अन्य बाधाओं को दूर किए जाने पर वह यूक्रेन से अनाज वाले जहाजों को भेजने पर फिर से विचार कर सकता है।

## बांग्लादेश : सड़क हादसे में 17 लोगों की मौत

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश के** दक्षिण-पश्चिम हिस्से में शनिवार को एक बस के सड़क से फिसलकर तालाब में गिर जाने से कम से कम 17 यात्रियों की मौत हो गई तथा एक दर्जन से अधिक अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा झालाकाठी जिले में तब हुआ जब बस 60 यात्रियों को लेकर भंडारिया उप जिले से दक्षिण-पश्चिमी संभाग के मुख्यालय बारिसाल जा रही थी।उसने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिसके बाद बस फिसलकर तालाब में गिर गई।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, गोताखोरों ने 17 शव निकाले हैं और पुलिस क्रेन की मदद से बस को तालाब से निकालने का प्रयास कर रही है। भारी बारिश के कारण तालाब पानी से लबालब भरा है। पुलिस उपनिरीक्षक गौतम कुमार घोष ने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं एवं तीन बच्चे शामिल हैं।उन्होंने बताया कि बचाव अभियान पूरा हो जाने के बाद बस के अंदर और शव मिल सकते हैं।झालाकाठी के मुख्य सरकारी अस्पताल में 20 अन्य यात्रियों का इलाज चल रहा है। माना जा रहा है कि बस के अंदर 65 यात्री सवार थे।हादसे में घायल 35 वर्षीय यात्री रूसेल मुल्लाह ने बताया, मैं चालक की सीट के बगल में बैठा था। बस चलाते समय संभवत चालक सचेत नहीं था। उन्होंने कहा कि चालक लगातार अपने सहायक से बातचीत कर रहा था और उससे कह रहा था कि बस में और यात्रियों को चढाए। इस हादसे में मुल्लाह के पिता की जान चली गई जबकि उसका भाई अब भी लापता है।

## उत्तर कोरिया ने कई क्रूज मिसाइलें दागी

● देश में घुसने वाले अमेरिकी सैनिक पर चुप्पी बनाए रखी

**भाषा।** सियोल



**उत्तर कोरिया** ने शनिवार तड़के अपने पश्चिमी समुद्र की ओर कई क्रूज मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। यह उत्तर कोरिया द्वारा इस सप्ताह किया गया दूसरा मिसाइल प्रक्षेपण है। इसे दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियारों से लैस अमेरिकी पनडुब्बी की तैनाती के खिलाफ उठाया गया कदम बताया जा रहा है। मिसाइल प्रक्षेपण के बीच उत्तर कोरिया ने इस महीने की शुरुआत में दक्षिण कोरिया से सीमा पार कर देश में घुसने वाले अमेरिकी सैनिक ट्रैविस किंग (23) पर लगातार पांचवें दिन भी चुप्पी बनाए रखी। किंग ने पिछले साल अक्टूबर में सियोल में एक अज्ञात व्यक्ति पर हमला करने और एक पुलिस वाहन को नुकसान पहुंचाने के मामले में दक्षिण कोरियाई जेल में लगभग दो महीने की सजा काट ली थी। किंग को 10 जुलाई को रिहा कर दिया गया था और उसे सोमवार को टेक्सास के फोर्ट ब्लिस में अपने घर जाना था, जहां उसे अतिरिक्त सैन्य कार्वाई और सेवा से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ सकता था। हालांकि, किंग टेक्सास जाने के बजाय पर्यटकों के एक समूह के साथ मंगलवार सुबह दक्षिण और उत्तर कोरिया को विभाजित करने वाले असैन्ईकृत क्षेत्र की यात्रा पर निकला तथा उत्तर कोरियाई की सीमा में घुस गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने शनिवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तड़के चार बजे के आसपास मिसाइल प्रक्षेपण शुरू किया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि पड़ोसी देश ने कितनी मिसाइलें दागीं और इन मिसाइलों ने कितनी दूरी तक उड़ान भरी। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रक्षेपण का विश्लेषण कर रही हैं। उत्तर कोरिया ने बुधवार को अपनी राजधानी प्योंगयांग के पास स्थित एक क्षेत्र से छोटी दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं।

## 2,000 साल पुरानी करी का प्रमाण मिला

### दक्षिण पूर्व एशिया में अब तक मिली सबसे पुरानी करी


**भाषा।** कैनबरा

**आज मसाले** के बिना दुनिया की कल्पना करना कठिन है। तेज़ वैश्विक व्यापार ने सभी प्रकार की स्वादिष्ट सामग्रियों के आयात और निर्यात को बढ़ावा दिया है, जो भारतीय, चीनी, वियतनामी, मलेशियाई, श्रीलंकाई (और कई अन्य) व्यंजनों को हमारे खाने की मेज पर लाने में मदद करते हैं।अब, नए शोध से पता चला है कि पाक कला में उपयोग के लिए मसालों का व्यापार बहुत पुराना है - सटीक रूप से कहें तो लगभग 2,000 वर्ष पुराना।साइंस एडवांसेज में आज प्रकाशित एक पेपर में, हम और हमारे सहयोगियों ने दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे पुरानी ज्ञात करी के प्रमाण के रूप में अपने निष्कर्षों का विवरण दिया है। यह भारत के बाहर अब तक पाया गया करी का सबसे पुराना साक्ष्य है। हमने दक्षिणी वियतनाम में ओसी ईओ पुरातात्विक परिसर में दिलचस्प खोज की। हमें मूल रूप से विभिन्न स्रोतों से आठ अद्वितीय मसाले मिले, जिनका उपयोग संभवत: करी बनाने के लिए किया जाता था। इससे भी अधिक दिलचस्प बात यह है कि इनमें से कुछ को समुद्र के रास्ते कई हजार किलोमीटर तक ले जाया गया होगा। उसी साइट पर काम करने वाली एक अन्य टीम ने साइट की वास्तुकला में उपयोग की जाने वाली ईंटों पर थर्मोल्यूमिनसेंस डेटिंग नामक एक तकनीक लागू की। सामूहिक रूप से, परिणाम बताते हैं कि ओसी ईओ कॉम्प्लेक्स पर पहली और आठवीं शताब्दी ईस्वी के बीच लोग रहते थे। एक मसालेदार इतिहास :हम जानते हैं कि वैश्विक मसाला व्यापार ने शास्त्रीय काल से एशिया, अफ्रीका और यूरोप की संस्कृतियों और अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ा है।हालाँकि, इस अध्ययन से पहले हमारे पास पुरातात्विक स्थलों पर प्राचीन करी के सीमित साक्ष्य थे - और हमारे पास जो थोड़े साक्ष्य थे वे मुख्य रूप से भारत से आए थे। प्रारंभिक मसाला व्यापार के बारे में हमारा अधिकांश ज्ञान भारत, चीन और रोम के प्राचीन दस्तावेजों के सुरागों से आया है।हमारा शोध सबसे ठोस तरीके से पुष्टि करने वाला पहला शोध है, कि मसाले लगभग 2,000 साल पहले वैश्विक व्यापार नेटवर्क पर आदान-प्रदान की जाने वाली मूल्यवान वस्तुएँ थीं।।

### सबूतों को परखना

हमारी टीम का शोध प्रारंभ मे करी पर केंद्रित नही था। बल्कि, हम पिसाई करने वाले पत्थर के उपकरणों के एक सेट के कार्य के बारे मे जानने के लिए उत्सुक थे, जिसका उपयोग प्राचीन फ़नान साम्राज्य के लोग संभवतः अपने मसालो को पीसने के लिए करते थे। प्राचीन मसाला व्यापार की गहरी समझ भी हासिल करना चाहते थे।स्टार्च अनाज विश्लेषण नामक तकनीक का उपयोग करते हुए, हमने ओसी ईओ साइट से खुदाई किए गए पीसने और कूटने वाले उपकरणों की एक श्रृंखला से प्राप्त सूक्ष्म अवशेषो का विश्लेषण किया। इनमे से अधिकांश उपकरणों की खुदाई हमारी टीम द्वारा 2017 से 2019 तक की गई थी, जबकि कुछ को पहले स्थानीय संग्रहालय द्वारा एकत्र किया गया था।स्टार्च के दाने पौधो की कोशिकाओ के भीतर पाई जाने वाली छोटी संरचनाएँ है जिन्हे लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सकता है। उनका अध्ययन करने से पौधो के उपयोग, आहार, खेती के तरीको और यहां तक कि पर्यावरणीय स्थितियो मे मूल्यवान अंतर्दृष्टि मिल सकती है। जिन 40 उपकरणों का हमने विश्लेषण किया, उनमे 12 मे हल्दी, अदरक, फिंगररूट, रेत अदरक, गैलंगल, लौंग, जायफल और दालचीनी सहित कई प्रकार के मसालो के अवशेष मिले। इसका मतलब यह है कि साइट पर रहने वालो ने वास्तव मे खाद्य प्रसंस्करण के लिए उपकरणो का उपयोग किया था, जिसमे स्वाद बढ़ाने के लिए मसाला पौधो के प्रकंदो, बीजो और तनो को पीसना भी शामिल था।यह पता लगाने के लिए कि साइट और उपकरण कितने पुराने थे, हमारी टीम ने चारकोल और लकड़ी के नमूनो से 29 अलग-अलग तारीखे प्राप्त की।

## बाइडन ने नौसेना का नेतृत्व करने के लिए महिला एडमिरल को चुना



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नौसेना का नेतृत्व करने के लिए एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी को चुना है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियुक्ति की पुष्टि होने के बाद वह अमेरिकी सैन्य सेवा प्रमुख बनने वाली पहली महिला होंगी।इस समय नौसेना संचालन में उपप्रमुख फ्रैंचेटी, ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ की पहली महिला सदस्य बनेंगी। कई अमेरिकी अधिकारियों ने पिछले महीने कहा था कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सिफारिश की है कि बाइडन नौसेना के प्रशांत बेड़े के वर्तमान कमांडर एडमिरल सैमुअल पापारो को चुनें। प्रशासन के अधिकारी ने कहा कि बाइडन इसके बजाय अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमान का नेतृत्व करने के लिए पापारो को नामित कर रहे हैं। प्रशासन के अधिकारी ने कहा कि बाइडन ने फ्रैंचेटी के समुद्र और तट पर अनुभव के व्यापक दायरे के आधार पर उनको चुना है।

## अफगान तालिबान ने पाकिस्तान सरकार से टीटीपी के साथ शांतिवार्ता करने को कहा: रिपोर्ट

**भाषा।** इस्लामाबाद

अफगान तालिबान ने पाकिस्तान सरकार से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ वार्ता का दूसरा दौर शुरू करने को कहा है। मीडिया मे शनिवार को आई एक खबर से यह जानकारी मिली है। काबुल मे अफगान तालिबान के एक शीर्ष नेता ने पाकिस्तान सरकार से कहा कि उसे लड़ाई की जगह शांति को वरीयता देनी चाहिए। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान ने यह स्पष्ट संदेश देने के लिए इस हफ्ते अपने विशेष दूत को तीन दिनो की यात्रा पर काबुल भेजा था कि अफगानिस्तान की तालिबान नीत अंतरिम सरकार को टीटीपी के खिलाफ निर्णायक कार्वाई करनी होगी। टीटीपी पर पाकिस्तान मे कई बड़े आतंकवादी हमले करने का आरोप है। विशेष दूत राजदूत असद दुर्रानी ने अपनी यात्रा के दौरान अफगानिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मौलवी अब्दुल कबीर, कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी और अन्य अधिकारियो के साथ भेटवार्ता की। लेकिन कई बैठको के बाद अफगान तालिबान ने उनसे कहा कि पाकिस्तान को बलप्रयोग के स्थान पर शांति के मार्ग पर बढ़ना चाहिए। बंद कमरे मे हुई इन भेटवार्ताओ से अवगत आधिकारिक सूत्रो ने अखबार को बताया कि अफगान तालिबान नेतृत्व को स्पष्ट शब्दो मे बताया गया कि टीटीपी पर पाकिस्तान के सब्र का बांध टूटता जा रहा है। इस मुद्दे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जाहरा ने भी इस सप्ताह अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता मे कहा, आतंकवाद का मुद्दा...पाकिस्तान के गंभीर चिंता का मुद्दा है। और पाकिस्तान ने कई मौको पर अफगान अधिकारियो के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। पाकिस्तान और अफगान के अंतरिम प्रशासन के बीच जब कभी अहम बातचीत हुई, पाकिस्तान ने यह मुद्दा उठाया।

## ताइवान की आक्रमण रोधी अभ्यास की तैयारी, चीन ने द्वीप की ओर लड़ाकू विमान भेजे

**ताइपे।** चीन ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए जेट और बमवर्षक सहित दर्जनो लड़ाकू विमान ताइवान की ओर भेजे है। द्वीपीय स्वायत्त क्षेत्र के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब ताइवान सैन्य अभ्यास की तैयारी कर रहा है ताकि समय आने पर चीन के संभावित हमले का मुकाबला किया जा सके ताइवान अगले सप्ताह वार्षिक हान कुआंग युद्धाभ्यास करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान द्वीपीय स्वायत्त क्षेत्र अपनी लड़ाकू क्षमता का अभ्यास करेगा ताकि आक्रमण का मुकाबला किया जा सके। वह वार्षिक वान एन अभ्यास करेगा जिसका उद्देश्य हवाई हमले के दौरान या प्राकृतिक आपदा आने की स्थिति मे उनसे निपटने के लिए गैर सैनिको को तैयार करना है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान मे कहा, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार सुबह छह बजे से शनिवार सुबह छह बजे के दौरान द्वीप के आसपास 37 विमान और सात नौसेना पोत भेजे।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, Varsha D/o Late Shri Amar Singh & Shamsher Singh S/o Late Shri Amar Singh R/o CSP-9, DDA Flats, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029. Suraj Prakash Kumar, presently at House No.I-57/58, Lajpat Nagar-1, New Delhi-110024, The original Documents Demand-cum-Allotment Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC For Electricity & Water Connection DDA Janta Flat No CSP-9, Situated at Safderjung Enclave has been lost. An F.I.R./N.C.R. dated 02.06.2023 bearing LR No.663320/2023, SONO.430/2014 File No. F.24(6)70/HB to this effect has been lodged at Delhi. Any person(s) found in possession of original documents may write/contact 9211878866 with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice. Dy. Director,(LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3. Floor Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client that Mr. Deepak Bishnoi is the owner of Residential Built-Up Plot No. 527, in Block-A, admeasuring 187.40 Sq. Mtr. Situated at Sector-19, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, UP "the said property" by virtue of Mutation Letter dt. 27.10.2016 in the record of Noida Authority after demise of his father late Mr. S. K. Bishnoi and mother Mrs. Lata Bishnoi. All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to someone who is taking Home Loan facility for purchase the said property from our client. If anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Deepak Bishnoi in respect of the said property its Sale Mortgage /Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph.: 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE
To be known to all, LEKH CHAND S/o SH. RAGHU NATH R/o FLAT NO.4, SHREE RADHA CGHS LTD., PLOT NO.3, SECTOR-9, DWARKA PHASE-I, NEW DELHI-110077 Allottee/Owner of FLAT NO.4, SHREE RADHA CGHS LTD., PLOT NO.3, SECTOR-9, DWARKA PHASE-I, NEW DELHI-110077 have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original document i.e. Allotment Letter issued by society of the above said flat has been lost. An F.I.R./NC R/LR NO.684683/2023 dated 22/07/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9650130576 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to President/ Secretary, Shree Radha CGHS Ltd. or Deputy Director (Group Housing) or Director (Group Housing), Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.

PUBLIC NOTICE
To be known to all, ARCHANA CHANDRA W/o LATE SH. R. R. CHANDRA R/o FLAT NO.14-D, THIRD FLOOR, POCKET-B, MAYUR VIHAR PHASE-II, DELHI-110091 Purchaser/Owner of DDA SFS FLAT NO.14-D, CAT-I, THIRD FLOOR, POCKET-B, situated at MAYUR VIHAR PHASE-II, DELHI-110091 have applied for certified copies & conversion from leasehold to free hold in DDA. The original documents i.e. Allocation Letter, Demand Cum Allotment Letter, Possession Letter, NOC for Obtaining Water and Electric Connection and Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR No.677250/2023 dated 20/07/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 7838333546 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director (H)-SFS, Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.

PUBLIC NOTICE
My Client, Sh. Arun Tyagi S/o Sh. Moolchand Tyagi R/O 29 Village Shari Ghaziabad U.P-201001 is a Registered owner of Flat No-4, Tower No-T-2 Ground Floor (Without Roof Rights), Situated in the Residential Group Housing Multi Storey Complex at Signature Home at NH-58 Village Noor Nagar Raj Nagar Extension Ghaziabad U.P. Vide Registered sale deed date 06.06.2017 Document No.5181, back chain registered sale deed document no. 9457 dated 28.07.2014 executed by MCC developers Pvt Ltd in favour of Sh. Pardeep Choudhary and Smt. Sonam Choudhary has been lost and in this regard NCR LR No.681518/2023 has been filed. above-mentioned property is going to be mortgage with IIFL Home Finance Limited. any Person/Bank/Financial Institution having any Claim/Right, lien any objection whatsoever in regard to above property should notified to the Undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under Address through Registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Sd/-
Vishal Mehan,
E-713, Karkardooma Court,
Delhi-110092
Mobile No. 9716559847

# हरित विकास और ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की बड़ी कोशिश कर रहा भारत : मोदी

**भाषा**। पणजी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत हरित विकास और ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश मजबूती के साथ अपनी जलवायु प्राथमिकताओं को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहा है। गोवा में जी-20 देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश की योजना 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोत से 50 प्रतिशत बिजली पैदा करने की क्षमता हासिल करना है।

प्रधानमंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंतर देशीय ग्रिड और एक दूसरे से संपर्क की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत हरित विकास और ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश और सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। फिर भी हम अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने गैर-जीवाश्म आधारित विद्युत क्षमता लक्ष्य नौ साल पहले ही हासिल कर लिया। हमने बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर रखा है। हमारी योजना 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोत से 50 प्रतिशत बिजली पैदा करने की क्षमता हासिल करना है। उन्होंने कहा कि दुनिया उन्नत, टिकाऊ किफायती, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए जी20 देशों की तरफ देख रही है। मोदी ने कहा, ऐसा करते समय, यह महत्वपूर्ण है कि ग्लोबल साउथ (दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देश) में हमारे भाई-बहन पीछे न रहें। हमें विकासशील देशों के लिए कम लागत वाली वित्तीय सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें प्रौद्योगिकी के अंतर को पाटने के तरीके खोजने चाहिए, ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहिए और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने पर काम करना चाहिए। उन्होंने भविष्य में ईंधन के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया।उन्होंने रेखांकित किया कि अंतर देशीय ग्रिड और एक दूसरे देशों से बिजली के कनेक्शन से ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। मोदी ने कहा, हम इस क्षेत्र में अपने पड़ोसी देशों के साथ आपसी लाभ के सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं और हम इसके उत्साहजनक नतीजे देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दूसरे देशों से जुड़े हरित ग्रिड के दृष्टिकोण को साकार करना परिवर्तनकारी हो सकता है।

## सीबीएसई के छात्र अब उड़िया समेत 22 क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई कर सकते हैं: प्रधान

**भाषा**। भुवनेश्वर,

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के देशभर के स्कूलों में अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के साथ उड़िया भी पढ़ाई जाएगी। प्रधान ने कहा कि सीबीएसई ने इस संबंध में शुक्रवार को एक परिपत्र जारी किया है और अपने स्कूलों में क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में उपयोग करने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि जो छात्र अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करते है, वे विषय को हिंदी या अंग्रेजी से बेहतर समझते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी को भी इसके अनुसार पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने और परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था की जाएगी। प्रधान ने ट्विटर पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) सभी भारतीय भाषाओं को महत्व देती है क्योंकि अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करने से छात्रों को किसी भी विषय में स्पष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## चश्मदीद नही होने की स्थिति में अपराध की मंशा साबित करना जरूरी : न्यायालय

**भाष**। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2008 के हत्या के एक मामले में आरोपी को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के लिए यह आवश्यक है कि चश्मदीद की अनुपस्थिति में वह अपराध की मंशा साबित करे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने रेखांकित किया कि मामले के सभी गवाहों ने बताया है कि याचिकाकर्ता और मृतक के बीच कोई दुश्मनी नहीं थी। पीठ ने कहा, अगर मामले में कोई गवाह नहीं है तो अभियोजन पक्ष को अपराध की मंशा साबित करनी होगी। प्रत्यक्ष मामले में मंशा की अहम भूमिका नहीं होती। उन्होंने कहा, अगर मंशा स्थापित नहीं की गई हो या साबित नहीं की गई हो और सीधे प्रत्यक्षदर्शी हो तो मंशा अपना महत्व खो सकती है लेकिन मौजूदा मामले में यह स्थापित हुआ है कि किसी ने अपराध को होते हुए नहीं देखा। ऐसे में मंशा की अहम भूमिका है। शीर्ष अदालत एक व्यक्ति की अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने उसे हत्या का दोषी करार देने और उम्र कैद की सजा देने के निचली अदालत के फैसले की पुष्टि की थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मृतक के रिश्तेदार ने शिकायत की थी कि जब उनका भतीजा घर लौट रहा था तब अपीलकर्ता ने उसकी पिटाई की थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि आरोपी मौके से भाग रहा है और हत्या में प्रयुक्त हथियार वहां पड़ा हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मृतक के रिश्तेदार का बयान भरोसे लायक नहीं है और उसके आधार पर दोषी करार देने का फैसला नहीं किया जा सकता।

## क्विक न्यूज

### उच्च न्यायालय ने महिलाओं को आइपीसी की धारा-376 के दुरुपयोग के खिलाफ चेताया

**नैनीताल**। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कहा कि इन दिनो एक महिला और उसके पुरुष साथी के बीच मतभेद पैदा होने पर महिलाओ द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-376 के तहत दुष्कर्म के लिए दंडित करने वाले कानून का एक हथियार की तरह दुरुपयोग किया जा रहा है। न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा की एकल पीठ ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमे एक महिला ने अपने पूर्व साथी के उससे शादी करने से इनकार करने के बाद उस पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उच्चतम न्यायालय ने भी बार-बार इस बात को दोहराया है कि एक पक्ष के शादी से मुकर जाने की स्थिति मे वयस्को के बीच आपसी सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंध को दुष्कर्म नही करार दिया जा सकता। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि महिलाएं मतभेद पैदा होने सहित अन्य कारणो से इस कानून का अपने पुरुष साथियो के खिलाफ धड़ल्ले से दुरुपयोग कर रही है। न्यायमूर्ति शर्मा ने एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित तौर पर यौन संबंध बनाने के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए पांच जुलाई को यह टिप्पणी की। महिला ने 30 जून 2020 को शिकायत दायर कर कहा था कि आरोपी मनोज कुमार आर्य उसके साथ 2005 से आपसी सहमति से यौन संबंध बना रहा था। शिकायत के अनुसार, दोनो ने एक-दूसरे से वादा किया था कि जैसे ही उनमे से किसी एक को नौकरी मिल जाएगी, वे शादी कर लेगे। शिकायक के मुताबिक, शादी के वादे के तहत ही आरोपी और शिकायतकर्ता ने शारीरिक संबंध स्थापित किए थे, लेकिन आरोपी ने बाद मे दूसरी महिला से शादी कर ली और इसके बाद भी उनका रिश्ता जारी रहा। उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की, आरोपी व्यक्ति के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी होने के बाद भी जब शिकायतकर्ता ने स्वेच्छा से संबंध बनाए रखे थे, तो उसमे सहमति का तत्व खुद ही शामिल हो जाता है। अदालत ने कहा कि शादी के आश्वासन की सच्चाई की जांच आपसी सहमति से किसी संबंध मे प्रवेश करने के प्रारंभिक चरण मे की जानी चाहिए, न कि उसके बाद के चरणो मे।

### टाटा केमिकल्स ने लगाए हजारों पेड़

**मुंबई**। टाटा केमिकल्स सोसाइटी और रूरल डेवलपमेंट ने माय ग्रीनिंग अवरयह वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जिसमें मात्र 1 घंटे में पूरे भारत भर में 100 से ज्यादा स्थानों पर 70,000 से ज्यादा पेड़ लगाए गए। हमारे जीवन के लिए पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने, स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए, उन्हें सेवाएं प्रदान करने और कार्बन अब्सॉर्प्शन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की गयी। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और गुजरात जैसे विभिन्न क्षेत्रों से इस पहल को समर्थन मिला। 12 जुलाई, 2023 को शाम 4-5 बजे के बीच यह गतिविधि संपन्न हुई। टाटा केमिकल्स लिमिटेड और रैलिस इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारीयों, स्थानीय समुदायों और अधिकारियों सहित के 10,000 से अधिक लोगों ने पृथ्वी को और ज्यादा हरा-भरा बनाने के लक्ष्य के लिए एकजुट होते हुए, बहुत ही उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। टाटा केमिकल्स लिमिटेड, मीठापुर के चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर और लोकेशन हेड एन कामत ने कहा,टाटा केमिकल्स लिमिटेड में हम स्थिरता, पर्यावरण की रक्षा और स्थानीय समुदायों की सेवा पर जोर देते हैं। पर्यावरण के अनुकूल, स्थिर विकास को सुनिश्चित करने के लिए माय ग्रीनिंग अवर यह अनोखी पहल चलाई जा रही है। इकोलॉजिकल संतुलन को बनाए रखने के लिए पेड़ महत्वपूर्ण हैं। पर्यावरण को बहाल करना और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में स्थानीय समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाना इन दो लक्ष्यों के साथ हम यह पहल चला रहे हैं। सभी हितधारकों से मिले अभूतपूर्व समर्थन ने इस पहल को सफल बनाया। एक घंटे में 70,000 से अधिक पेड़ लगाना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। अकेले गुजरात के ओखामंडल में, हमने 40,000 से अधिक पेड़ लगाए। यह पहल टाटा केमिकल्स द्वारा हमेशा से किए जा रहे हरित प्रयासों का सिर्फ एक पहलू है, और हम भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियां करते रहेंगे।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री पर कांग्रेस नेता हरिप्रसाद के हमले से पार्टी के भीतर असहज स्थिति बनी

**बेंगलुरु** मंत्री पद और मुख्यमंत्री पद को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के. हरिप्रसाद के बयानो के साथ-साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर परोक्ष कटाक्ष ने कर्नाटक मे सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर असहज स्थिति पैदा कर दी है। वह शुक्रवार को एडिगा, बिलवा, नामधारी और दिवारा समुदायो की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) हरिप्रसाद कर्नाटक मंत्रिमंडल मे शामिल नही किए जाने से नाराज बताए जा रहे है। मुख्यमंत्री ने हरिप्रसाद के बयानो पर कोई टिप्पणी नही की, लेकिन उनकी मंत्रिमंडल के कुछ सहयोगी इस बारे मे प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। हरिप्रसाद ने कहा, समुदाय को जागरूक होना चाहिए। मै मंत्री बनूं या नही, यह एक अलग सवाल है। मैने पहले ही इस देश मे पांच मुख्यमंत्री बनाने मे भूमिका निभाई है, चाहे वह पुडुचेरी हो या गोवा। झारखंड मे, मैने यह अकेले किया है। हरियाणा और पंजाब मे, मैने एआईसीसी टीम के साथ यह किया है। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पिछड़े वर्ग के नेता भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाने का श्रेय लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, इसलिए मै अच्छी तरह से जानता हूं कि किसी को मुख्यमंत्री कैसे बनाना है या किसी को पद से कैसे हटाना है... ना मै झुकूंगा, ना ही हाथ फैलाउंगा। बेंगलुरु मे 49 साल तक राजनीति करना कोई बच्चो का खेल नही है। मई मे मंत्रिमंडल गठन के दौरान, ऐसी खबरे थी कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हे शामिल किए जाने का कड़ा विरोध करने के बाद हरिप्रसाद मंत्री पद की दौड़ मे पिछड़ गए। विधान परिषद मे विपक्ष के नेता रह चुके हरिप्रसाद और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया दोनो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते है और क्रमशः एडिगा और कुरुबा समुदाय से ताल्लुक रखते है। हरिप्रसाद ने दावा किया कि उन्होने सिद्धरमैया से उडुपी जिले के करकला मे कोटि चेन्नय्या थीम पार्क के लिए पांच करोड़ रुपए प्रदान करने के लिए कहा था, जिस पर उन्होने (सिद्धरमैया) सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, लेकिन बाद मे कुछ नही मिला। हरिप्रसाद ने कहा कि मेंगलुरु विश्वविद्यालय मे गुरुपीठ स्थापित करने के इरादे से उन्होंने एमपीएलएडी योजना के तहत 50 लाख रुपए दिए थे, लेकिन इमारत अब भी निर्माणाधीन है और उसमे भी आर्थिक मदद का आश्वासन दिया गया था।

### राजस्व खुफिया निदेशालय ने 30 करोड़ रुपए की विदेशी घड़ियां जब्त कीं

मुंबई। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने कोलकाता स्थित एक व्यक्ति के आवास से 30 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की तस्करी की गई महंगी घड़ियां जब्त की हैं। अधिकारियो ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीआरआई की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, एक गुप्त सूचना के आधार पर उस व्यक्ति को पिछले सप्ताह सिंगापुर से आने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे पर रोक लिया गया था और उसके पास से ग्रुबेल फोर्से कंपनी की बहुत महंगी घड़ी जब्त की गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, व्यक्ति ने घड़ी के बारे मे सीमा शुल्क अधिकारियो को पहले नही बताया था, जिसके कारण उसे सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। इसके मुताबिक, राजस्व खुफिया निदेशालय की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियो ने कोलकाता मे एक महंगे आवासीय परिसर मे उसके घर की तलाशी ली। जहां से ग्रेबेल फोर्से, पर्नेल, लुई वुइटन, एमबी और एफ, मैड, रोलेक्स, ऑडेमर्स पिगुएट तथा रिचर्ड मिल सहित विदेशी कंपनियो की 34 महंगी घड़ियां बरामद की गई। विज्ञप्ति मे कहा गया है कि अधिकतर घड़ियां सीमित संस्करण की थी, जिसकी कीमत 30 करोड़ रुपए से अधिक है। फिलहाल, मामले की जांच चल रही है।

## मुरारी बापू की केदारनाथ गर्भगृह की तस्वीर सार्वजनिक होने से तस्वीर खींचने पर प्रतिबंध पर प्रश्न

**भाषा**। रुद्रप्रयाग

**केदारनाथ** मंदिर के भीतर फोटो लेना प्रतिबंधित होने के बावजूद शनिवार को कथा वाचक संत मुरारी बापू की गर्भगृह के अंदर की फोटो सार्वजनिक होने से मंदिर में तस्वीरों पर प्रतिबंध को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने केदारनाथ मंदिर में लोगों द्वारा वीडियो और रील बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए जाने पर सामान्य श्रद्धालुओं की आपत्तियों का संज्ञान लेते हुए इस माह से मंदिर में फोटो और वीडियो बनाना प्रतिबंधित कर दिया है। समिति ने श्रद्धालुओं की सूचना के लिए मंदिर के बाहर बाकायदा इस संबंध में बोर्ड भी लगा दिए हैं। मुरारी बापू इस सावन और मलमास में देश के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक-एक दिन की रामकथा वाचन के आध्यात्मिक अभियान पर हैं जिसकी शुरुआत शनिवार को केदारनाथ से हुई। केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह के अंदर भगवान शिव की आराधना करते हुए उनकी एक फोटो सार्वजनिक हुई है। मामले का पता चलते ही मंदिर समिति ने त्वरित कार्वाई करते हुए फोटो खींचने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली तथा उक्त व्यक्ति ने अपनी ग़लती स्वीकार कर ली है। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि प्रतिबंध के बावजूद केदारनाथ गर्भगृह में फोटो खींचने पर समिति ने सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने बताया कि फोटो सार्वजनिक होने पर समिति ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो पता चला कि फोटो इंदौर निवासी एक श्रद्धालु ने खींची थी। उन्होंने कहा कि इस श्रद्धालु ने लिखित रूप से क्षमा याचना की है।

## मांझी ने मुस्लिम बहुल सीमांचलमें दलितों व आदिवासियों को बेदखल करने का मुद्दा उठाया

**भाषा**। किशनगंज



**बिहार के पूर्व** मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को शेरशाहबादी समुदाय के सदस्यों द्वारा घनी आबादी वाले, मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में दलितों और आदिवासियों को बेदखल करने का मुद्दा उठाया। मांझी ने किशनगंज में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने अधिकारियों से इस पर एक रिपोर्ट मांगी है, जिसे वह राज्य विधानसभा में पेश करेंगे। किशनगंज बिहार का एकमात्र ऐसा जिला है जहां मुस्लिम कुल आबादी के 50 प्रतिशत से अधिक हैं। उन्होंने कहा, शेरशाबादी बाहर से आए हैं और उन्होंने उस जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिस पर इस क्षेत्र के दलित और आदिवासी समुदाय के लोगों का स्वामित्व होना चाहिए था। ऐसी जमीन पर कब्जा करने वाले दोषियों के खिलाफ एससीएसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। शेरशाबादी एक जातीय समूह है, जिसमें मुख्य रूप से सुन्नी मुसलमान हैं जो बंगाली बोलते हैं और कहा जाता है कि वे पश्चिम बंगाल, झारखंड और पड़ोसी देश बांग्लादेश के आसपास के जिलों के अलावा सीमांचल में फैले हुए हैं। मांझी ने कहा, हालांकि यह समस्या बहुत विकराल है, लेकिन स्थानीय प्रशासन आधिकारिक आंकड़ा प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्वाई करने और हमें एक रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसे हम राज्य विधानसभा में पेश करेंगे। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी (70) हाल ही में प्रदेश में सत्तारूढ़ महागठबंधन छोड़कर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गए। वह दलित एवं आदिवासी कल्याण पर विधानसभा की समिति के एक टीम की अगुवाई कर रहे थे। वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव में जनता दल (यू) की हार की जिम्मेदारी लेते हुए नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मांझी लगभग एक साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने प्रदेश में दलित आदिवासी कल्याण की समग्र स्थिति पर भी असंतोष जाहिर किया। प्रदेश में अपराध बढ़ने के भारतीय जनता पार्टी के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर मांझी ने कहा, यह सच है कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ा है लेकिन हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि बिहार एक बड़ा राज्य है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का इसरो ने किया सफल परीक्षण

**बेंगलुरु**। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हैदराबाद के एक अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का एक सफल परीक्षण किया है। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आईपीआरसी) ने यह जानकारी दी। इसरो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आईपीआरसी में लिक्विड थ्रस्टर टेस्ट फैसिलिटी (एलटीटीएफ) में शुक्रवार के परीक्षण में रमन-2 इंजन का इस्तेमाल किया गया, जिसे स्काईरूट ने 820 न्यूटन(समुद्र स्तर) और।,460 न्यूटन (वैक्युम) बल उत्पन्न करने के लिए डिजाइन किया है। इसका सामान्य चैम्बर दबाव 8.5 बार एब्सोल्यूट है। इंजन में मोनो मिथाइल हाइड्राजीन और नाइट्रोजन टेट्रोक्साइड का प्रणोदक के रूप में उपयोग किया गया है। बयान में कहा गया है, 10 सेकंड अवधि का यह परीक्षण कई लक्षित मानदंडों पर खरा उतरा।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रानू गिरफ्तार

### तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में

**भाषा**। रायपुर



**प्रवर्तन** निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रानू साहू को शनिवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जिसने उसे तीन दिन के लिए केन्द्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि एजेंसी ने आज साहू को गिरफ्तार कर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया। अदालत ने आईएएस अधिकारी को तीन दिन के लिए केन्द्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। पांडेय ने बताया, कोयल लेवी से जुड़ धन शोधन के मामले की जांच ईडी कर रही है। जांच में कोरबा और रायगढ़ जिले की कलेक्टर रह चुकीं साहू की संलिप्तता सामने आने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। साहू की 5.5 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि साहू से पूछताछ करने के लिए उसकी 14 दिनों की हिरासत मांगी गई थी, जिसपर अदालत ने 25 जुलाई तक तीन दिनों की हिरासत मंजूर की है। इससे पहले साहू के अधिवक्ता फैजल रिजवी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, साहू को 22 अक्टूबर से 23 जनवरी के बीच जब-जब बुलाया गया है उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है। साहू की गिरफ्तारी फर्जी आधार पर की गई है। कोई भी ऐसा तथ्य नहीं है जो साबित करता हो कि साहू इसमें शामिल हैं। जो संपत्ति कुर्क की गई है वह उनके माता-पिता की है और वह 2019 से पहले की अर्जित है। जबकि ईडी ने जिस अपराध की बात कही है वह 2020 की है। रिजवी ने बताया कि साहू ने अदालत में पेश होने के बाद कहा, मेरी भी सुनी जाए। मुझे जितना बताना था बता दिया है। अब इनके पास पूछने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। अदालत से प्रार्थना है कि मुझे ईडी की हिरासत में ना भेजा जाए। साहू के अधिवक्ता ने कहा, ईडी ने वाट्सअप चैट के संबंध में जानकारी दी है। जबकि अधिकारी का मोबाइल जब्त नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल किया, क्या ईडी को अधिकार है कि वह किसी का भी व्हाट्सएप चैट निकाल सकती है और क्या उन्होंने इसके लिए अदालत से अनुमति ली थी? छत्तीसगढ़-कैडर की 2010 बैच की आईएएस अधिकारी साहू वर्तमान में राज्य के कृषि विभाग में निदेशक के रूप में तैनात हैं। इस पोस्टिंग से पहले उन्होंने कोयला समृद्ध कोरबा और रायगढ़ जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया था। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को उनके रायपुर स्थित आवास पर छापेमारी की थी। कथित कोयला लेवी मामले की जांच के तहत ईडी ने पहले भी उन पर छापा मारा था और उनकी संपत्ति जब्त की थी।

आयकर विभाग की एक शिकायत का संज्ञान लेने के बाद ईडी ने धन शोधन की जांच शुरू की थी।

## भारत ने युद्धक पोत आईएनएस कृपाण को वियतनाम को सौंपा

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत ने** मिसाइल से लैस युद्धक पोत आईएनएस कृपाण को शनिवार को वियतनाम को उपहार स्वरूप दिया। दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैए को लेकर चिंताओं के बीच यह भारत और वियतनाम में बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। अधिकारियों ने कहा कि भारत पहली बार किसी मित्रवत देश को कोई सेवारत पोत उपहार में दे रहा है। उन्होंने बताया कि वियतनाम की यात्रा पर गए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने युद्धक पोत सौंपने के लिए कैम रॉन में समारोह की अध्यक्षता की। भारतीय नौसेना ने कहा कि पोत पूरी हथियार प्रणाली के साथ वियतनाम पीपुल्स नेवी (वीपीएन) को सौंपा गया है। एडमिरल कुमार ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा, पोत सौंपे जाने का आज का समारोह भारत और वियतनाम के बीच गहरी दोस्ती और रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, जो बात इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाती है वह यह कि यह पहला अवसर है जब भारत किसी मित्रवत देश को पूरी तरह से परिचालनरत पोत की पेशकश कर रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि वियतनाम पीपुल्स नेवी को आईएनएस कृपाण का हस्तांतरण भारत के जी20 दृष्टिकोण वसुधैव कुटुंबकम-एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के अनुरूप है। आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संगठन) का एक महत्वपूर्ण देश वियतनाम का दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीन के साथ क्षेत्रीय विवाद है। भारत दक्षिण चीन सागर में वियतनामी जलक्षेत्र में तेल अन्वेषण परियोजनाओं में मदद कर रहा है। दोनों देश पिछले कुछ वर्षों में साझा हितों की रक्षा के लिए अपने समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ा रहे हैं। एडमिरल कुमार ने आशा व्यक्त की कि आईएनएस कृपाण समुद्र में परिचालन जारी रखेगा, स्वतंत्रता, न्याय और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के सिद्धांतों को कायम रखते हुए वह स्तंभ बनेगा जिसके चारों ओर भलाई की ताकत का निर्माण किया जाएगा। उनकी टिप्पणियां दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत की पृष्ठभूमि में आई हैं। भारतीय नौसेना से सेवामुक्त होने के बाद आईएनएस कृपाण को वियतनाम को सौंपा गया।

## दूसरी पत्नी आईपीसी की धारा 498ए के तहत पति के खिलाफ शिकायत नही कर सकती: उच्च न्यायालय

**भाषा**। बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए (विवाहित महिला के साथ क्रूरता) के तहत 46 वर्षीय व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया क्योंकि शिकायत उसकी दूसरी पत्नी ने की थी, जिससे शादी अमान्य और शून्य हो जाती है। न्यायमूर्ति एस रचैया की एकल पीठ ने हाल में अपने फैसले में कहा, एक बार जब अभियोजन गवाह नंबर-एक (शिकायतकर्ता महिला) को याचिकाकर्ता की दूसरी पत्नी माना जाता है, तो जाहिर है आईपीसी की धारा 498-ए के तहत अपराध के लिए याचिकाकर्ता के खिलाफ दायर शिकायत पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा, दूसरे शब्दों में दूसरी पत्नी द्वारा पति और उसके ससुराल वालों के खिलाफ दायर की गई शिकायत सुनवाई योग्य नहीं है। निचली अदालतों ने इस पहलू पर सिद्धांतों और कानून को लागू करने में त्रुटि की है। इसलिए, पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार के तहत इस अदालत द्वारा हस्तक्षेप उचित है। अदालत तुमकुरु जिले के विट्टावतनहल्ली निवासी कंथाराजू द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शिकायतकर्ता महिला ने दावा किया था कि वह कंथाराजू की दूसरी पत्नी थी और वे पांच साल तक साथ रहे और उनका एक बेटा भी है। महिला ने शिकायत में कहा कि बाद में वह स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों में घिर गई और पक्षाघात से प्रभावित होकर अक्षम हो गई। कंथाराजू ने कथित तौर पर इसके बाद उसे परेशान करना शुरू कर दिया और उसके साथ क्रूरता की तथा मानसिक यातना दी। महिला ने कंथाराजू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और तुमकुरु में निचली अदालत ने सुनवाई के बाद 18 जनवरी, 2019 को एक फैसले में कंथाराजू को दोषी करार दिया।

## दक्षिण गुजरात, सौराष्ट्र में भारी बारिश

### नवसारी, जूनागढ़ शहर सबसे ज्यादा प्रभावित

**भाषा**। अहमदाबाद



**गुजरात के दक्षिण** हिस्से और सौराष्ट्र क्षेत्र के कई जिलों में भारी बारिश होने से बांधों एवं नदियों में जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया तथा शहरी क्षेत्रों एवं कुछ गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। जूनागढ़ में कई कार और मवेशी पानी की तेज धार में बह गए। शहर में शनिवार शाम चार बजे तक पिछले आठ घंटे में 219 मिलीमीटर बारिश हुई है। लोग सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने के लिए कमर तक पानी में चलते हुए नजर आए। उनमें से कुछ को पानी की तेज धार से बचाने के लिए स्वयंसेवियों ने मदद की।नवसारी और जूनागढ़ जिले बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। बारिश के कारण कई आवासीय क्षेत्रों और बाजारों में पानी भर गया। प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने का अनुरोध किया है और उनसे किसी अप्रिय घटना या आकस्मिक स्थिति में नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने की अपील की है। लोगों को बांधों या उनके आसपास के क्षेत्रों में नहीं जाने की चेतावनी दी गई है। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बचाव दलों को तैनात किया गया है।दक्षिण गुजरात में नवसारी जिले में भारी बारिश हुई तथा बाढ़ के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनजीवन पटरी से उतर गया। राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि जिले के नवसारी और जलालपोर तालुका में सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक क्रमशः 303 और 276 मिलीमीटर बारिश हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि नवसारी में एक व्यक्ति और उनका पुत्र उफनते नाले में बह गए। व्यक्ति को तो बचा लिया गया है तथा उसके बेटे का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।अतिरिक्त जिलाधिकारी केतन जोशी ने बताया कि शनिवार सुबह महज कुछ घंटों में 200 मिलीमीटर से अधिक वर्षा होने से गलियों एवं निचले क्षेत्रों में जलभराव हो गया। उन्होंने बताया कि इससे शहर में यातायात जाम हो गया और समन्वित प्रयासों से स्थिति को संभाला गया। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के कारण नवसारी के निकट मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम लग गया।राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि देवभूमि द्वारका, भावनगर, भरूच, सूरत, तापी, वलसाड और अमरेली ऐसे अन्य जिले हैं जहां शनिवार को भारी बारिश हुई।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण गुजरात तथा सौराष्ट्र-कच्छ के जिलों में रविवार सुबह तक भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। विभाग ने 22 जुलाई से 26 जुलाई तक उत्तरी गुजरात के तटवर्ती क्षेत्रों में मछुआरों को समुद्र में मछली पकड़ने के लिए नहीं जाने की सलाह दी है।

# ब्रेथवेट की सूझबूझ पारी, भारत का दबदबा

## बारिश के कारण भारत-विंडिज मैच रूका

**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन



**कप्तान क्रेग ब्रेथवेट** (49) की सूझबूझ पारी से वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को शुरुआती सत्र में दमदार खेल दिखाया लेकिन बारिश के कारण खेल रोकना पडा। बारिश के कारण जब खेल रोका गया उस समय वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 117 रन था। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 86 रन से किया। पिच सपाट होने के कारण भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिली।दिन की शुरुआत 37 रन से करने वाले ब्रेथवेट ने अपनी पारी को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया। दूसरे छोर से पदार्पण कर रहे किर्क मैकेंजी ने उनका अच्छा साथ दिया। मैकेंजी हालांकि पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंद पर 32 रन बनाकर आउट हो गए। गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारे लेते हुए विकेटकीपर इशान किशन के दस्तानों में चली गई। मुकेश के अंतरराष्ट्रीय करियर का यह पहला विकेट है। सके बाद बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा। इससे पहले विराट कोहली के 29वें टेस्ट शतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 86 रन बनाए थे।भारतीय टीम इस तरह से अभी पहली पारी में वेस्टइंडीज से 352 रन आगे है। भारतीय गेंदबाज चाय के विश्राम के बाद वेस्टइंडीज का केवल एक विकेट हासिल कर पाए। बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा ने सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल (33) को आउट करके भारत को यह सफलता दिलाई थी।कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने चंद्रपाल के साथ पहले विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय वह 37 रन पर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर किर्क मैकेंजी खेल रहे हैं जिन्होंने 14 रन बनाए। भारत पहला टेस्ट मैच पारी और 141 रन से जीतकर दो मैचों की श्रृंखला में 10 से आगे है।इससे पहले कोहली ने अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच में 29वां टेस्ट शतक लगाकर सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी की। उन्होंने 121 रन की पारी खेली जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका 76वां शतक है।भारतीय टीम चाय के विश्राम से ठीक पहले 438 रन बनाकर आउट हो गई। रविचंद्रन अश्विन ने 56 और जडेजा ने 61 रन का अमूल्य योगदान दिया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :**जायसवाल का मैकेंजी बो होल्डर 57, रोहित शर्मा बो वारिकन 80,गिल का डा सिल्वा बो रोच 10, कोहली रन आउट 121,रहाणे बो गैब्रियल 8,जडेजा का डा सिल्वा बो रोच 61, किशन का डा सिल्वा बो होल्डर 25, अश्विन बो रोच 56,उनादकटस्टं. डा सिल्वा बो वारिकन 07, सिराज पगबाधा वारिकन 00,मुकेश नाबाद 00, **अतिरिक्त :** 13 रन, **कुल योग :** (128 ओवर मे सभी आउट) 438 रन, विकेट पतन :I-139, 2-153, 3-155, 4-182, 5-341, 6-360, 7-393, 8-416, 9-426, 10-438, **गेंदबाजी :** रोच 22-2-104-3, जोसेफ 22-0-97-0,गैब्रियल 18-0-74-I, वारिकन 39-7-89-3, होल्डर 21-3-57-2,एथनाजे 4-0-12-0,ब्रेथवेट 2-I-I-0

# सात्विक-चिराग की जोड़ी फाइनल में

## कोरिया ओपन

**भाषा।** एओसु (कोरिया)

**सात्विक साईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने शनिवार को यहां लियांग वेई केंग और वांग चांग की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर सीधे गेम में रोमांचक जीत के साथ कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने जिन्नम स्टेडियम में 40 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी पर 21-15, 24-22 से जीत दर्ज की। केंग और चांग की जोड़ी के खिलाफ लगातार दो हार के बाद सात्विक और चिराग की यह पहली जीत थी। चिराग ने मैच के बाद कहा, एक और फाइनल खेलने को लेकर वाकई अच्छा लग रहा है। सिंगापुर ओपन के पहले दौर में हार के बाद से हमारे मन में यह था कि हमें मुकाबले में अपना शत प्रतिशत देना है। जीतना या हारना खेल का हिस्सा है लेकिन हम यह सोचकर कोर्ट से बाहर नहीं आना चाहते थे कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिया, यही हमारा लक्ष्य रहा है। यहां शटल की गति काफी तेज थीं, इसलिए हम शटल को नीचे रखने की कोशिश कर रहे थे। कल के फाइनल में हम प्रतिद्वंद्वी के अनुसार अपनी रणनीति तय करेंगे। सात्विक और चिराग ने इस साल इंडोनेशिया सुपर 1000 और स्विस ओपन सुपर 500 खिताब जीते हैं। फाइनल में उनके सामने इंडोनेशिया के शीर्ष वरीय फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो या कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे की चुनौती होगी। इस साल थाईलैंड और इंडिया ओपन जीतने वाली चीन की जोड़ी भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत हार के 2-0 के रिकॉर्ड के साथ मुकाबले में उतरी थी। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इस बार अपनी योजना को शानदार तरीके से अंजाम दिया। जून में अपने पिछले टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन को जीतने वाली भारतीय जोड़ी के पास अब लगातार दो खिताब हासिल करने का मौका होगा। दोनों जोड़ियों ने खेल की आक्रामक शुरुआत की और 5-5 के स्कोर तक मुकाबला बराबरी का रहा। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद बढ़त बनानी शुरू की और स्कोर 7-5 और फिर 14-8 हो गया।



### मोनाको डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे प्रवीण चित्रावेल

**मोनाको।** त्रिकूद मे राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रवीण चित्रावेल मोनाको डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आशानुरूप प्रदर्शन नही कर पाए और छठे स्थान पर रहे। चित्रावेल ने शुक्रवार को अपने पांचवें प्रयास में 16.59 मीटर की कूद लगाई, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। चित्रावेल का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 17.37 मीटर का है। असल में यह उनका सत्र का सबसे खराब प्रदर्शन है।

### अमेरिका ने वियतनाम को हराया, जापान की बड़ी जीत

**ऑक्लैंड।** सोफिया स्मिथ के पहले हाफ मे किए गए दो गोल की मदद से गत चैंपियन अमेरिका ने वियतनाम को 3-0 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट मे अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पिछले दो बार का चैंपियन अमेरिका खिताब की हैट्रिक पूरी करने की कवायद मे है। उसकी तरफ से तीसरा गोल लिंडसे होरन ने किया। अमेरिका ने वियतनाम के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। विश्व कप मे पहली बार भाग ले रही अमेरिका की 14 खिलाड़ियों मे से एक स्मिथ ने दिखा दिया कि आखिर उन्हे साल की सर्वश्रेष्ठ अमेरिकी फुटबॉलर क्यो चुना गया था।

# भारत-बांग्लादेश के बीच तीसरा वनडे टाई रहा

## श्रृंखला 1-1 बराबर रही

**भाषा।** मीरपुर

**बांग्लादेश की** सलामी बल्लेबाज फरगाना हक के करियर के पहले शतक और भारत की हरलीन देओल के आकर्षक अर्धशतक का गवाह रहा तीसरा महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच शनिवार को यहां टाई रहा, जिससे दोनों देशों के बीच तीन मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर रही। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 225 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय टीम 49.3 ओवर में 225 रन पर आउट हो गई। फरगाना हक ने 160 गेंदों पर 107 रन बनाए जिसमें सात चौके शामिल हैं। वह बांग्लादेश की तरफ से वनडे में शतक जड़ने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। वह पारी की अंतिम गेंद पर आउट हुई। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान शमीमा सुलताना (52) के साथ पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। हरलीन ने 108 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 77 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने स्मृति मंधाना (59) के साथ तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी करके भारत को शुरुआती झटकों से उबारा। जेमिमा रोड्रिग्स 33 रन बनाकर नाबाद रही लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरने के कारण वह भारत को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाई। भारत ने आखिरी छह विकेट 34 रन के अंदर गंवाए। बांग्लादेश ने पहला वनडे 40 रन से जीता था जो उसकी इस प्रारूप में भारत के खिलाफ पहली जीत थी। भारत ने दूसरे वनडे में 108 रन से बड़ी जीत दर्ज करके शानदार वापसी की थी। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर तक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (04) और विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया (05) के विकेट गंवा दिए जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 32 रन हो गया। इसके बाद मंधाना और देओल ने लगभग 23 ओवर तक बांग्लादेश के गेंदबाजों को सफलता से वंचित रखा। इन दोनों ने संभल कर बल्लेबाजी की और ढीली गेंदों को सीमारेखा तक पहुंचाया।



### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश पारी:**शमीमा का हरमनप्रीत बो स्नेह 52, हक रन आउट 107 ,निगार का हरलीन बो स्नेह 24,मोनी का हरमनप्रीत बो देविका 02,मोस्तारीनाबाद 23,अतिरिक्तः 17 रन,कुल योगः (50 ओवर मे चार विकेट पर) 225 रन ,**विकेट पतनः**I-93, 2-164, 3-169, 4-225 , **गेंदबाजी:**अमनजोत 6-0-33-0,मेघना 6-0-28-0,दीप्ति10-2-37-0,स्नेह 10-0-45-2, वैद्य 10-0-42-I,जेमिमा 2-0-9-0, शेफाली 6-0-31-0

**भारत पारीः**का मोस्तारी बो फाहिमा 59,शेफाली का एवं बो मारूफा 04,भाटिया पगबाधा सुल्ताना 05,देओल रन आउट 77,हरमनप्रीत का फाहिमा बो नाहिदा 14,जेमिमा नाबाद 33, दीप्तिरनआउट 01,अमनजोत पगबाधा राबेया 10,राणाका एवं बो नाहिदा अख्तर 00,देविका का एवं बो नाहिदा अख्तर 00,मेघना का निगार बो मारूफा 06,**अतिरिक्त**ः 16 रन,कुल योगः (49.3 ओवर मे सभी आउट) 225 रन,**विकेट पतन**ः I-11, 2-32, 3-139, 4-160, 5-191, 6-192, 7-216, 8-217, 9-217,**गेंदबाजी**ः खातून10-0-49-I, अख्तर 9-0-55-2,नाहिदा 10-I-37-3,राबेया 10-0-30-I,फाहिमा 10-0-48-I, मोस्तारी0.3-0-2-0

### भारतीय निशानेबाजों ने जूनियर विश्व चैपियनशिप में दो और कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल टीमों ने शनिवार को कोरिया के चांगवोन में चल रही आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप में दो और कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के सातवें दिन इन दो पदकों के बाद भारत के नाम चार स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य पदक हो गए है। टीम पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर बरकरार है। चीन ने अब तक 12 स्वर्ण पदकों के साथ कुल 26 पदक अपने नाम किए है। उनिश होलिन्दर, रणदीप सिंह और अक्षय कुमार ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में कुल 1671 का स्कोर बनाकर टीम को कांस्य पदक दिलाया। याशिता शौकीन, प्रार्थना खन्ना और तियाना ने महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन तीनों का कुल स्कोर 1573 था। एक साथ चल रहे पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के दूसरे दिन कुछ भारतीय निशानेबाज शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थे।

### चुनौतियों को लेकर उत्साहित हो जाता हूं : कोहली

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट मे अपना 29वां शतक लगाने के बाद कहा कि जब वह विपरीत परिस्थितियो का सामना करते है तो खुद को उत्साहित महसूस करते है तथा वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच मे यह सैकड़ा जमा कर संतुष्ट है। चौतीस वर्षीय कोहली ने शुक्रवार को 121 रन की पारी खेलकर सर डॉन ब्रैडमैन के 29 टेस्ट शतको के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे भारत ने अपनी पहली पारी मे 438 रन बनाए। यह पिछले पांच वर्षो मे विदेशो मे उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है। उन्होने विदेश मे अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय शतक 2018 मे बनाया था। कोहली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, मैने वास्तव मे इस पारी का पूरा आनंद लिया। मै अच्छी लय मे था और मै इसे बनाए रखना चाहता था। मैने जब क्रीज पर कदम रखा तो वह चुनौतीपूर्ण समय था। ऐसे मौको पर जबकि मुझे चुनौतियो का सामना करना होता है तो मै उत्साहित महसूस करता हू मुझे धैर्य बनाए रखने की जरूरत थी क्योकि आउटफील्ड धीमी थी। यह बेहद संतोषजनक है क्योकि मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। यह कोहली का 500 अंतरराष्ट्रीय मैचो मे 76वां शतक है। उन्होने पहले 500 मैचो मे 74 अंतरराष्ट्रीय शतको के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। कोहली ने कहा, सबसे पहले तो मै इस बात का आभारी हूं कि मुझे भारत की तरफ से 500 मैच खेलने को मिले। मैने विदेशो मे 15 शतक लगाए है। मैने भारत की तुलना मे विदेशी धरती पर अधिक शतक लगाए है। इसके अलावा मैने कुछ अर्धशतक भी जमाए है। मुझे बस इस पर ध्यान केंद्रित करना है कि मुझे टीम के लिए क्या करना है। मै टीम की जीत मे अपना योगदान देने का प्रयास करता हूं।

#### कोहली ने खुद पर अंकुश लगाकर बेहतरीन पारी खेली: क्षेत्ररक्षण कोच




पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलिप ने कहा कि विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच मे अपने आक्रामक तेवरो पर रोक लगाकर धैर्य बनाए रखने का शानदार नमूना पेश किया, जिससे वह अपना 29वां टेस्ट शतक लगाने मे सफल रहे।कोहली ने शुक्रवार को 121 रन की पारी खेली जो पिछले 5 वर्षो मे विदेशी धरती पर उनका पहला टेस्ट शतक है। अगर आप उनकी पारी पर गौर करो तो उन्होने अपने आक्रामक तेवरो पर अंकुश लगाया जैसा कि उन्होने पहले टेस्ट मैच मे किया था।

### एमर्जिंग एशिया कपः पाकिस्तान ए के खिलाफ खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत ए

**कोलंबो।** अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत ए की टीम अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान ए के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले एमर्जिंग एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मे खिताब के प्रबल दावेदार के रूप मे शुरुआत करेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मैचो मे किसी को जीत का प्रबल दावेदार कहना मुश्किल होता है लेकिन भारतीय टीम की फॉर्म को देखते हुए उसे इस मैच मे जीत का दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम इस मैच मे इसलिए भी बढ़े मनोबल के साथ उतरेगी क्योकि उसने लीग चरण मे पाकिस्तान को हराया था। भारतीय खिलाड़ियो को हालांकि अति आत्मविश्वास से बचना होगा जिसके कारण बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल मे एक समय टीम मुश्किल मे दिख रही थी। बांग्लादेश के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस मैच मे भारतीय टीम 211 रन पर आउट हो गई थी। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजो ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई तथा 18वें ओवर तक उसका स्कोर एक विकेट पर 94 रन था।

### अंपायरिंग का स्तर काफी निराशाजनक रहाः हरमनप्रीत



**मीरपुर।** भारतीय महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान अंपायरिंग की आलोचना करते हुए इसे बेहद निराशाजनक करार दिया। हरमनप्रीत ने मैच के बाद प्रसारको से कहा, इस श्रृंखला से हमे बहुत कुछ सीखने को मिला। क्रिकेट के अलावा जिस तरह की अंपायरिंग हुई, उससे मै आश्चर्यचकित हूं। मुझे लगता है बांग्लादेश के अगले दौरे पर हमे इस(खराब अंपायरिंग के) तरह की चीजो के लिए तैयार होकर आना पड़ेगा। भारत को जेमिमा (नाबाद 33) और मेघना सिंह (छह) की आखिरी जोड़ी टीम को जीत के करीब ले गई, लेकिन मेघना के खिलाफ विकेट के पीछे विवादास्पद कैच से मैच बराबरी पर छूटा। जेमिमा और मेघना दोनो इस कैच के फैसले से नाखुश दिखी। भारत के कप्तान ने मैदानी अंपायरो मुहम्मद कमरूज्जमां और तनवीर अहमद की आलोचना की। यह दोनो अंपायर स्थानीय है। उन्होने (बांग्लादेश) वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की, स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी की। वे दौड़कर रन चुरा रहे थे। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने खेल को बहुत अच्छी तरह से नियंत्रित किया, लेकिन जैसा कि मैने पहले उल्लेख किया बेहद खराब अंपायरिंग से मैच का रुख बदल गया।

# अदालत ने विनेश और बजरंग को ट्रायल्स में छूट में हस्तक्षेप करने से इनकार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने शनिवार को पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों के ट्रायल्स में दी गई छूट में हस्तक्षेप करने से इनकार किया। न्यायाधीश सुब्रमण्यम प्रसाद ने अंडर-20 विश्व चैम्पियन अंतिम पंघाल और अंडर-23 एशियाई चैम्पियन सुजीत कलकल द्वारा दायर की गई याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने विनेश और बजरंग को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश देने के खिलाफ अपील की थी। न्यायाधीश ने कहा, रिट याचिका खारिज की जाती है। इस आदेश की विस्तृत प्रति का इंतजार है। फोगाट (53 किलो) और पूनिया (65 किलो) को भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने मंगलवार को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश देने का फैसला किया। दूसरे पहलवानों के लिए ट्रायल 22 और 23 जुलाई को होने हैं। पंघाल और कलकल ने इस फैसले को चुनौती दी। एडवोकेट रिषिकेश बरूआ और अक्षय कुमार द्वारा दाखिल याचिका में उन्होंने तदर्थ समिति के इस फैसले को रद्द करने की मांग की थी।

### असम को मिली भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता

**गुवाहाटी।** असम कुश्ती संघ (एडब्ल्यूए) को शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की सदस्यता प्रदान की गई जिसके लिए राज्य संस्था ने अदालत का रुख किया था और राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव पर रोक लगवा दी थी। कुश्ती के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति ने एडब्ल्यूए को सूचित किया कि सदस्यता के लिए उसका आवेदन तुरंत प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है।

# इंग्लैंड ने कंगारुओं पर कसा शिकंजा

## दूसरी पारी में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया

**भाषा।** मैनचेस्टर (इंग्लैंड)



**इंग्लैंड ने एशेज** श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट चटकाकर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। पहली पारी 592 रन पर समाप्त कर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 275 रन की बढ़त हासिल की। दिन का खेल खत्म होने तक आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट गंवाकर 113 रन बना लिए थे जिससे वह इंग्लैंड से 162 रन से पीछे चल रही है। आस्ट्रेलिया की पहली पारी 317 रन पर सिमट गई थी। मार्क वुड ने अपनी तेज गति से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (18), स्टीव स्मिथ (17) और ट्रैविस हेड (एक) को आउट कर टेस्ट क्रिकेट में विकेटों का शतक पूरा किया। क्रिस वोक्स ने डेविड वार्नर (28) को पवेलियन की राह दिखाई। स्टंप्स के समय मार्नुस लाबुशेन 44 और मिशेल मार्श एक रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 99 रन) अपने जोड़ीदार के आउट होने के कारण शतक से महज एक रन से चूक गए। इंग्लैंड ने सुबह चार विकेट पर 384 रन से आगे खेलना शुरु किया तब उसकी बढ़त 67 रन की थी। टीम ने पारी के अंत तक दबदबा बनाए रखा जिसमें बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन ने 10वें विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी निभाई। इसमें से एंडरसन ने केवल पांच रन बनाए और कैमरन ग्रीन (64 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। इससे बेयरस्टो 99 रन (10 चौके और चार छक्के) पर नाबाद रहे जिसके लिए उन्होंने 81 गेंद खेली। इंग्लैंड ने लंच तक आठ विकेट पर 506 रन बनाकर 189 रन की बढ़त बना ली थी। इंग्लैंड को एशेज श्रृंखला को जीवंत रखने के लिए इस टेस्ट में जीत दर्ज करना जरूरी है।आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (129 रन देकर एक विकेट) ने शुक्रवार को पहला विकेट अपने समकक्ष बेन स्टोक्स (51 रन) के रूप में लिया जिससे इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 437 रन हो गया, तब टीम की बढ़त 120 रन की हो गई थी।लार्ड्स और हेडिंग्ले में क्रमशः 155 रन और 80 रन की पारी खेलने वाले स्टोक्स की एक और महत्वपूर्ण पारी बल्ले का अंदरूनी किनारा लगाने से समाप्त हुई।

### वांग्सगार्ड के गोल से डेनमार्क ने चीन को हराया

**पर्थ।** अमाली वांग्सगार्ड के 90वे मिनट मे किए गए गोल की बदौलत डेनमार्क ने शनिवार को यहां महिला फुटबॉल विश्व कप मुकाबले मे चीन को।-0 से शिकस्त दी। स्थानापन्न वांग्सगार्ड का गोल डेनमार्क को राउंड 16 राउंड मे पहुंचने की उम्मीद के लिए अहम साबित हो सकता है। डेनमार्क का सामना अब 28 जुलाई को सिडनी मे इंग्लैंड से होगा जबकि चीन की टीम इसी दिन एडीलेड मे हैती से भिड़ेगी।

### दीक्षा ला सेला ओपन में संयुक्त 19वें स्थान पर

**डेनिया (स्पेन)।** भारत की दीक्षा डागर ने स्पेन मे ला सेला ओपन गोल्फ के पहले दौर मे दो अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 19वे स्थान पर है। इस सत्र मे चेक लेडीज ओपन जीतने वाली दीक्षा एक समय 10वे स्थान पर थी लेकिन पहले दौर मे अन्य खिलाड़ियो के खेल के बाद वह संयुक्त 19वे स्थान पर खिसक गई। तूफान और खराब मौसम के इस मुकाबले को चार की जगह तीन दौर का कर दिया गया है। भारत की अमनदीप द्राल (73) संयुक्त 54वे , वाणी कपूर और रिद्धिमा दिलावारी एक समान 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 69वे स्थान पर है।

### सैफ फुटबॉलः दोनों वर्ग के ग्रुप लीग में बांग्लादेश के साथ भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय लड़को की टीम को एक से 10 सितंबर तक थिंपू मे होने वाली अंडर-16 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए ग्रुप लीग चरण मे नेपाल और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। अंडर-19 टीम के टूर्नामेंट का आयोजन 21 से 30 सितंबर तक काठमांडू मे होगा, जहां ग्रुप लीग चरण मे भारत के साथ भूटान और बांग्लादेश है। दूसरे ग्रुप मे मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान शामिल है।

### अभिनव, अग्रवाल और पडीक्कल सबसे महंगे खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** अभिनव मनोहर, मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडीक्कल उम्मीद के अनुरूप शनिवार को यहां महाराजा ट्राफी केएससीए टी20 के लिए खिलाड़ियो की नीलामी मे बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे गुजरात टाइटन्स के लिए खेलने वाले अभिनव को शिवामोगा लायंस ने 15 लाख रुपए मे खरीदा। वही अग्रवाल को बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने 14 लाख रुपए मे अपनी टीम मे शामिल किया। गुलबर्गा मिस्टिक्स ने 13.2 लाख रुपए मे पडीक्कल को खरीदा जबकि हुबली टाइगर्स ने अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे को 10.6 लाख रुपए मे अपनी टीम से जोड़ा।

# सुमित नागल टाम्पेरे ओपन के फाइनल में

**भाषा।** टाम्पेरे



**भारतीय टेनिस** खिलाड़ी सुमित नागल ने शनिवार को यहां स्पेन के गैरवरीय डेनियल रिंकोन की चुनौती समाप्त कर टाम्पेरे ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त 25 साल के भारतीय ने 4-6, 6-3, 6-2 की जीत से अपने पांचवें चैलेंजर स्तर के फाइनल में जगह बनाई। इस साल यह उनका दूसरा चैलेंजर फाइनल है, उन्होंने अप्रैल में रोम में गार्डन ओपन जीता था जिसमें उन्होंने नीदरलैंड के जेस्पर डि जोंग को सीधे सेट में हराया था। अब फाइनल में नागल का सामना जर्मनी के हेनरी स्क्वायर और चेक गणराज्य के डालीबोर सिवरसिना के बीच रविवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इस टूर्नामेंट में नागल का प्रदर्शन यादगार रहा है। उन्होंने पहले दौर में वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले जिरी वेसले को सीधे सेट में हराने के बाद ब्राजील के जेएल रेस डा सिल्वा पर प्री-क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में नागल ने ट्यूनीशिया के मोहम्मद अजीज डोगाज को हराया था।

### विंबलडन चैंपियन अल्करेज की होपमैन कप में संघर्षपूर्ण जीत

**नीस।** विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहली बार कोर्ट पर उतरे कार्लोस अल्करेज को होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट में बेल्जियम के डेविड गॉफिन पर जीत दर्ज करने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। स्पेन के विश्व में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी ने यह मैच 4-6, 6-4, 10-8 से जीता। उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों ने इस मैच में दो दो बार अपनी सर्विस गंवाई। अल्करेज ने पिछले रविवार को 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को पांच सेट तक चले मैच में पराजित करके पहली बार विंबलडन का खिताब जीता था।

### अब्बास के दो गोल से गांधी हाउस फाइनल में

**लखनऊ।** यूनिटी कालेज इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गये दो मुकाबले में कायम अब्बास के 2 गोल की बदौलत गांधी हाउस और अरहम हैदर के एक गोल की बदौलत सर सैयद हाउस ने अपने-अपने मैच जीतकर खिताबी दौर में जगह पक्की कर ली। खेले गये पहले सेमीफाइनल मैच में सर सैयद हाउस ने इकबाल हाउस को कड़े मुकाबले में 1-0 गोल से हरा कर फाइनल में दस्तक दी। पहले हाफ के 23वें मिनट में अरहम हैदर को मिले पेनॉल्टी कार्नर मौके को गोल में तबदील कर टीम का स्कोर 1-0 कर दिया। इसके बाद दूसरे हाफमें कड़ा संघर्ष हुआ। खेल के पूरे समय तक कोई गोल नहीं हो सका। इस मुकाबले में सर सैयद हाउस की ओर से गोलकीपर अयान ने उम्दा बचाव किये। इसके नतीजे में सर सैयद हाउस को खेल के अंत तक 1-0 गोल से जीत मिली। दूसरे मैच में गांधी हाउस ने टैगोर हाउस को एकतरफा मुकाबले में 2-0 गोल से हराकर फाइनल में जगह बना ली। गांधी हाउस की ओर से कायम अब्बास ने पहले हाफ के 15वें मिनट में साथी खिलाड़ी अली जाफर से मिले चतुराई भरे पास को गोल में बदल कर टीम का स्कोर 1-0 कर दिया।

# सौरभ कुमार को कराटे में स्वर्ण पदक

## एएसआईएससी यूपी.यूके जोनल टूर्नामेंट




**लखनऊ।** सौरभ कुमार ने एएसआईएससी यूपी-यूके जोनल कराटे टूर्नामेंट 2023 में सेंट थामस मिशन स्कूल के लिए स्वर्ण पदक जीता। सेंट थॉमस मिशन स्कूलए जानकीपुरम लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट में लखनऊ के सीआईएससीई विद्यालय के जोन-ए एवं बी की टीमों ने विभिन्न आयु वर्गो की स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। इसमें सौरभ कुमार ने बालक अंडर-14 आयु वर्ग के 60 किग्रा से अधिक भार वर्ग में स्वर्णिम सफलता अर्जित की। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्कूल प्रबंधक फादर लेनी चाको एवं प्रधानाचार्या डा.रूपम दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायकों जसपाल सिंह महासचिव कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी, एवं संतोष कुमार जयसवाल महासचिव वर्ल्ड मार्डन शोताकॉन फेडरेशन ऑफ यूपी को सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में सीएमएस की टीम व स्कॉलर होम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। जसपाल सिंह व संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता क्षेत्रीय कराटे टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगे। रीजनल कराटे टूर्नामेंट के स्वर्ण पदक विजेता नेशनल लेवल कराटे टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगे। अंत में स्कूल के खेल प्रशिक्षक विशाल राज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।